सच, सिर्फ सच

**

# वॉयस ऑफ लखनऊ

गुरुवार, 13 जून, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 161, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## निफ्टी नये उच्चस्तर पर, सेंसेक्स 150 अंक चढ़ा

घरेलू बाजार में बिजली, पूंजीगत उत्पाद और औद्योगिक शेयरों में खरीदारी से निफ्टी ने उच्चतम स्तर छुआ जबकि सेंसेक्स रिकॉर्ड स्तर से थोड़ा ही दूर रहा। } 14

## टीम इंडिया की तरह मिलकर काम करें सभी दल

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने सभी राजनीतिक दलों से संसद के आगामी सत्र में रचनात्मक बहस की अपील की और कहा कि देश सदन में अच्छी चर्चा देखना चाहता है। } 16



# कुवैत में लगी आग, कई भारतीयों समेत 49 की मौत

## प्रधानमंत्री मोदी ने जताया दुख, केंद्रीय मंत्री कीर्ति वर्धन पीड़ितों की सहायता के लिए कुवैत रवाना

एजेंसी

दुबई/कुवैत सिटी/नयी दिल्ली। दक्षिणी कुवैत में विदेशी मजदूरों वाली एक बहुमंजिला इमारत में भीषण आग लगने से कम से कम 49 लोगों की मौत हो गई और 50 से अधिक घायल हो गए। मरने वालों में अधिकतर भारतीय हैं। अधिकारियों ने कहा कि ज्यादातर लोगों की मौत धुएं से दम घुटने के कारण तब हुई जब वे सोए हुए थे। उन्होंने कहा कि कई लोगों को बचा लिया गया। उन्होंने बताया कि आग कुवैत के दक्षिणी अहमदी गवर्नेट के मंगफ़ क्षेत्र में छह मंजिला इमारत की रसोई में लगी। उन्होंने कहा कि बताया जाता है कि इमारत में लगभग एक ही कंपनी के लगभग 200 मजदूर रहते थे।

एक अखबार के अनुसार, गृह मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि आग से मरने वालों की संख्या 49 तक पहुंच गई है। मंत्रालय ने कहा कि आपराधिक साक्ष्य विभाग के कर्मी वर्तमान में घटनास्थल पर मृतकों की पहचान करने और आग के कारण जानने पर काम कर रहे हैं। इसने कहा कि कानून का उल्लंघन करने वाले भवन मालिकों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। गृह मंत्रालय के सामान्य आपराधिक साक्ष्य विभाग के प्रमुख मेजर जनरल ईद अल-ओवैहान ने कहा दुर्भाग्य से, हमें सुबह ठीक 6:00 बजे (भारतीय समयानुसार सुबह 8:30 बजे) मंगफ क्षेत्र में आग लगने की सूचना मिली।

अंग्रेजी दैनिक अरब टाइम्स ने उनके हवाले से कहा कि मृतकों में अधिकतर केरल, तमिलनाडु और उत्तर भारतीय राज्यों के भारतीय नागरिक शामिल हैं जिनकी उम्र 20 से 50 साल के बीच थी। संबंधित इमारत को एनबीटीसी समूह ने किराए पर ले रखा था। सूत्रों ने बताया कि बचाव अभियान के दौरान पांच अग्निशमनकर्मी घायल हो गए। कुवैत में भारतीय दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज भारतीय कामगारों को चपेट में लेने वाली दुखद अग्नि दुर्घटना के संबंध में, दूतावास ...शेष पृष्ठ 14 पर



कुवैत की बिल्डिंग में लगी भीषण आग को बुझाने में लगी फायर ब्रिगेड की गाड़ियां

### मृतकों के शव शीघ्र लायेंगे भारत : कीर्ति

एजेंसी

नयी दिल्ली। विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह भीषण आग में झुलसे भारतीयों की सहायता की निगरानी करने और मारे गए लोगों के शवों को शीघ्र स्वदेश लाने के लिए तत्काल कुवैत के लिए रवाना हो रहे हैं। सिंह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश पर कुवैत जा रहे हैं।

अधिकारियों ने कहा कि दक्षिणी कुवैत में मजदूरों की एक इमारत में आग लगने से 40 से अधिक लोग मारे गए जिनमें अधिकतर भारतीय हैं और मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देशानुसार, विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह आग त्रासदी में झुलसे लोगों की सहायता की निगरानी करने और इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में मारे गए लोगों के शवों को शीघ्र स्वदेश लाने के वास्ते स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय करने के लिए तत्काल कुवैत के लिए रवाना हो रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कुवैत में आग लगने की एक घटना में लोगों की मौत पर दुख जताया और कहा कि वहां स्थित भारतीय दूतावास स्थिति की बारीकी से निगरानी कर रहा है और प्रभावितों की सहायता के लिए वहां के अधिकारियों के साथ काम कर रहा है। कुवैत के दक्षिण मंगाफ जिले में स्थित एक इमारत में बुधवार तड़के आग लगने से कम से कम 41 लोगों की मौत हो गई। इस इमारत में अनेक श्रमिक रह रहे थे। हालांकि वे किन देशों से संबंध रखते हैं, इसकी जानकारी नहीं दी गई है। फारस की खाड़ी के दूसरे देशों की तरह कुवैत में बड़ी संख्या में प्रवासी श्रमिक काम करते हैं, जिनकी संख्या स्थानीय आबादी ...शेष पृष्ठ 14 पर

## लोक कल्याण के नये प्रतिमान स्थापित करेगा ओडिशाः योगी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को ओडिशा की नवनिर्वाचित भाजपा सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। मोहन चरण माझी को मुख्यमंत्री और कनक वर्धन सिंह देव व प्रवति परीदा को उप मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर उन्होंने हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उन्होंने मंत्रिमंडल के समस्त सदस्यों को भी बधाई देते हुए कहा कि यह सरकार जनता के हित में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी। ओडिशा में पहली बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने 'एक्स' एकाउंट पर संदेश लिखा कि मोहन चरण माझी को मुख्यमंत्री और कनक वर्धन सिंह देव- प्रवति परीदा को उप मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर हार्दिक बधाई। पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी मार्गदर्शन और आप सभी के कुशल नेतृत्व में महाप्रभु जगन्नाथ की कृपा-भूमि ओडिशा समग्र विकास के पथ पर चलते हुए लोक कल्याण के नए प्रतिमान स्थापित करेगी। पृथ्वीराज हरिचंदन को कैबिनेट मंत्री बनने पर मुख्यमंत्री योगी ने बधाई दी। लोकसभा चुनाव के दौरान ओडिशा दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पृथ्वीराज हरिचंदन के पक्ष में वोट की अपील की थी। पृथ्वीराज ने ...शेष पृष्ठ 14 पर



## संक्षेप

### दीवार गिरने से तीन बच्चों की मौत

बहराइच। बहराइच में बुधवार तड़के छत पर सो रहे कुछ लोगों पर पड़ोस के मकान की जर्जर दीवार गिर गयी, जिसके नीचे दबकर तीन बच्चों की मौत हो गयी और दंपति गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। रामगांव थाना प्रभारी शशि कुमार राणा ने बताया कि रामगांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत भगवानपुर माफी गांव में रहने वाले रहीस अपनी पत्नी, बच्चों और 10 वर्षीय भांजे इमरान के साथ मंगलवार रात मकान की छत पर सो रहा था। उन्होंने बताया कि बुधवार तड़के करीब चार बजे पड़ोसी मोहम्मद हुसैन के घर की जर्जर दीवार छत पर सो रहे परिवार के ऊपर गिर गयी और सभी मलबे में दब गए।

### हाईकोर्ट ने नीट मामले में तलब किये रिकॉर्ड

लखनऊ। नीट- 2024 की परीक्षा में ओएमआर शीट फटी हुई मिलने के कारण परिणाम घोषित न करने के मामले में एक छात्रा की ओर से दाखिल की गयी याचिका पर हाईकोर्ट ने सुनवायी करते हुए एनटीए (नेशनल टेस्टिंग एजेंसी) से मूल दस्तावेज करने को कहा है। दरअसल कोर्ट ने सुनवाई के दौरान पाया कि छात्रा की ओएमआर शीट में जो अप्लीकेशन नम्बर भरा गया है, वह उसके द्वारा भेजे गए ई-मेल से भिन्न है। इस पर कोर्ट ने एनटीए (नेशनल टेस्टिंग एजेंसी) व याची दोनों को तीन दिनों का समय देते हुए उसके ओरिजिनल रिकार्ड प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 18 जून को होगी। यह आदेश जस्टिस राजेश सिंह ...शेष पृष्ठ 14 पर

## अखिलेश यादव ने छोड़ी करहल विधानसभा सीट

वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कन्नौज लोकसभा सीट से चुने जाने के बाद बुधवार को करहल विधानसभा सीट से दिया इस्तीफा दे दिया। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। राज्य विधानसभा के प्रमुख सचिव प्रदीप दुबे ने पीटीआईभाषा को बताया कि अखिलेश ने करहल विधानसभा सीट से त्यागपत्र दे दिया है।



सपा के राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी ने भी अखिलेश के करहल सीट छोड़ने की पुष्टि की है। अखिलेश ने कन्नौज से सांसद बनने के बाद करहल विधानसभा सीट छोड़ने के संकेत पहले ही दे दिये थे। उन्होंने मंगलवार को इटावा में संवाददाताओं से कहा था कि वह इसकी जानकारी विधानसभा कार्यालय को जल्द ही दे देंगे। चौधरी ने बताया कि अखिलेश के साथसाथ फैजाबाद से नवनिर्वाचित सांसद अवधेश प्रसाद ने भी अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा सीट से त्यागपत्र दे दिया है। प्रसाद ने फैजाबाद सीट पर भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार लल्लू सिंह को पराजित किया था। अखिलेश यादव ने हाल ही में सम्पन्न ...शेष पृष्ठ 14 पर

## 15 घंटे चली मुठभेड़ के बाद मारे गये रियासी के गुनहगार

### एक जवान शहीद, छह सुरक्षाकर्मी घायल ○ भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद

एजेंसी

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के एक सीमावर्ती गांव में छिपे एक आतंकवादी को सुरक्षा बलों ने 15 घंटे से अधिक समय तक चले अभियान में बुधवार को मार गिराया। इस दौरान एक अन्य आतंकवादी को भी मार गिराया गया। हालांकि मुठभेड़ में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का एक जवान भी शहीद हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों के अनुसार, सैदा सुखल गांव में दो आतंकवादियों को देखे जाने के बाद मंगलवार रात को शुरू हुए अभियान के दौरान दो वरिष्ठ अधिकारी सुरक्षित बच निकले। हालांकि उनके वाहनों पर गोलियां लगीं। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार देर रात डोडा जिले में भद्रवाह-पठानकोट मार्ग पर स्थित चतरगला के ऊपरी इलाके में आतंकवादियों ने एक संयुक्त जांच चौकी पर हमला किया, जिसमें राष्ट्रीय राइफल्स के पांच जवान और एक विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) घायल हो गये। आतंकवादियों की तलाश के लिए अभियान चलाये जाने के कारण राजमार्ग पर यातायात रोक दिया गया है। रविवार को रियासी के शिव खोड़ी मंदिर से तीर्थयात्रियों को कटरा ले जा रही बस पर हुए हमले के बाद सुरक्षा व्यवस्था कड़ी किये जाने के बीच ये घटनाएं हुई हैं। दो दिन पहले हुए इस हमले में बस सड़क से गहरी खाई में जा गिरी थी, जिसमें नौ लोगों की मौत हो गई थी और 41 लोग घायल हुए थे। पुलिस ने बस पर हमले में शामिल आतंकवादियों के ठिकाने के बारे में जानकारी देने वाले को 20 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की है और एक आतंकवादी का स्केच भी जारी किया है। अधिकारियों ने दावा किया कि जम्मू-कश्मीर में शांतिपूर्ण माहौल को बिगाड़ने की पाकिस्तान की कोशिशों के कारण ही जम्मू क्षेत्र में आतंकवादी गतिविधियों में तेजी आई है। अधिकारियों ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय सीमा के निकट कठुआ के सैदा सुखल गांव में बुधवार अपराह्न पुलिस, सेना ...शेष पृष्ठ 14 पर



## झोपड़ी पर पलटा ट्रक, आठ की मौत

विशेष संवाददाता

लखनऊ। हरदोई जिले में गंगा नदी से बालू भरकर ला रहा एक ट्रक बुधवार की सुबह अनियंत्रित होकर, सड़क के किनारे बनी झोपड़ी के बाहर सो रहे लोगों पर पलट गया, जिससे एक ही परिवार के चार बच्चों समेत आठ लोगों की दबकर मौत हो गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर दुख व्यक्त किया है और घायल बच्ची के समुचित इलाज के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह और पुलिस अधीक्षक केशव चंद गोस्वामी ने घटनास्थल का जायजा लिया और मृतकों के परिजनों को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया है।

पुलिस अधीक्षक केशव चंद्र गोस्वामी ने बताया कि मल्लावा थाना क्षेत्र के अंतर्गत कानपुर-उन्नाव मार्ग पर बालू से भरा एक ट्रक अनियंत्रित हो गया और सड़क के किनारे झोपड़ी के बाहर सो रहे एक ही परिवार के लोगों पर पलट गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि रात में वह लोग सो रहे थे, तभी अचानक चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनाई दी। एक प्रत्यक्षदर्शी ने कहा कि हम लोग दौड़कर अवधेश के घर पहुंचे और देखा कि पूरा परिवार ट्रक के नीचे दबा था। एक बच्ची घायल पड़ी थी। स्थानीय ...शेष पृष्ठ 14 पर



## चंद्रबाबू नायडू व मोहन माझी ने ली सीएम पद की शपथ

एजेंसी

अमरावती। तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू ने बुधवार को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के तौर पर यह उनका चौथा कार्यकाल होगा। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री मौजूद थे। जनसेना प्रमुख एवं अभिनेता पवन कल्याण, चंद्रबाबू नायडू के बेटे नारा लोकेश समेत अन्य ने मंत्री पद की शपथ ली। आंध्र प्रदेश के राज्यपाल एस. अब्दुल नजीर ने नायडू और अन्य को शपथ दिलाई।

वहीं दूसरी ओर आदिवासी नेता एवं चार बार के विधायक मोहन चरण माझी ने बुधवार को यहां एक समारोह में ओडिशा के पहले भाजपा मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। शपथग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कई केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री शामिल हुए। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पटनागढ़ से विधायक केवी सिंह देव तथा निमापारा विधानसभा क्षेत्र से पहली बार विधायक बनीं प्रभाती परिदा ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली।

पिछली विधानसभा में भाजपा के मुख्य सचेतक रहे माझी हाल में हुए विधानसभा चुनाव में चौथी बार विधानसभा के लिए चुने गए। उन्होंने क्योंझर विधानसभा क्षेत्र से जीत दर्ज की। जनता मैदान में राज्यपाल रघुबर दास ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। यह ...शेष पृष्ठ 14 पर



ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन माझी को बधाई देते प्रधानमंत्री मोदी



आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चन्द्र बाबू नायडू को बधाई देते पीएम मोदी



### आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 43.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 29.04 डिसे. |

### भीतर पढ़ें


- यूपी सर्वाधिक विद्युत आपूर्ति करने वाला राज्य (पृष्ठ-02)
- पीएम मोदी काशी से किसानों को देंगे सौगात (पृष्ठ-02)
- रुपया तीन पैसे की तेजी के साथ 83.56 प्रति डॉलर (पृष्ठ-14)
- बढ़ सकती हैं सुनक की चुनावी मुश्किलें (पृष्ठ-14)
- सोने में 250 की तेजी, चांदी में 800 का उछाल (पृष्ठ-14)


**विशेष खबर** सरकार के आंकड़ों के अनुसार खाने-पीने की कीमतें हुईं कम, अप्रैल में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक घटकर 5% पर

# 12 माह के निचले स्तर पर महंगाई दर

एजेंसी

नई दिल्ली। देश की खुदरा मुद्रास्फीति मई में सालाना आधार पर घटकर 12 महीने के निचले स्तर 4.75 प्रतिशत पर पहुंच गई। यह पिछले महीने यानी अप्रैल में 11 महीने के निचले स्तर 4.83 प्रतिशत थी। सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार खुदरा महंगाई दर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के 2-6 फीसदी के सहिष्णुता दायरे में बना हुआ है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार क्रमिक आधार पर मुद्रास्फीति की दर मई में 0.48 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रही। मई में खाद्य मुद्रास्फीति की दर अप्रैल के 8.75 प्रतिशत से घटकर मई में 8.62 प्रतिशत हो गई। हालांकि यह आंकड़ा मई 2023 की खाद्य महंगाई दर 3.3 प्रतिशत से अधिक है। ग्रामीण मुद्रास्फीति मई में घटकर 5.28 प्रतिशत रह गई, जो पहले 5.43 प्रतिशत थी। इस बीच, मई में शहरी मुद्रास्फीति की दर 4.15 प्रतिशत रही। फलों और सब्जियों की मुद्रास्फीति अप्रैल के 27.8 प्रतिशत से घटकर मई में सालाना आधार पर 27.3 प्रतिशत पर आ गई। अनाज और दालों की कीमतें जो भारत के मुख्य आहार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, मुद्रास्फीति की दर क्रमशः 8.69 प्रतिशत और 17.14 प्रतिशत पर आ गई। ईंधन के मामले में मुद्रास्फीति दर मई में घटकर 3.83 प्रतिशत रह गई, जबकि अप्रैल में इसमें 4.24 प्रतिशत की गिरावट आई थी। कपड़े और जूते और हाउसिंग सेक्टर के लिए मुद्रास्फीति दर मई में क्रमशः 2.74 प्रतिशत और 2.56 प्रतिशत रही। जून की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक के फैसलों के बारे में बताते हुए भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा था कि भारत की मुद्रास्फीति 4 प्रतिशत के अपने लक्ष्य के करीब पहुंच रही है। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि केंद्रीय बैंक चाहता है ...शेष पृष्ठ 14 पर



| कब के आंकड़े | महंगाई दर | पूर्वानुमान | पिछला माह |
|---|---|---|---|
| जून 2024 (मई) | 4.75% | 4.90% | 4.83% |
| मई 2024, (अप्रैल) | 4.83% | 4.80% | 4.85% |
| अप्रैल 2024 (मार्च) | 4.85% | 4.91% | 5.09% |
| मार्च 2024 (फरवरी) | 5.09% | 5.02% | 5.10% |
| फरवरी 2024 (जन.) | 5.10% | 5.09% | 5.69% |



## अब जीवन बीमा पॉलिसी पर हर हाल में देना होगा ऋण

○ इरडा ने जारी किये नये नियम

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) ने सभी जीवन बीमा बचत उत्पादों में पॉलिसी ऋण की सुविधा अब अनिवार्य कर दी है, जिससे पॉलिसीधारकों को नकदी संबंधी जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। जीवन बीमा पॉलिसी के संबंध में सभी विनियमों को एकीकृत करने वाले मास्टर परिपत्र को बुधवार को जारी करते हुए इरडा ने कहा कि फ्री-लुक अवधि अब 30 दिन की है। पहले यह अवधि 15 दिन थी। फ्री-लुक अवधि में पॉलिसी के नियमों तथा शर्तों की समीक्षा करने के लिए समय प्रदान किया जाता है। नया मास्टर परिपत्र सामान्य बीमा पॉलिसी के लिए नियामक द्वारा की गई इसी प्रकार की प्रक्रिया के बाद आया है। इरडा ने कहा यह बीमा नियामक द्वारा पॉलिसीधारकों के हितों को ध्यान में रखते हुए उठाए गए सुधारों की श्रृंखला में एक महत्वपूर्ण कदम है। अब नवाचार को बढ़ावा देने, ग्राहक अनुभव और संतुष्टि को बढ़ाने के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध है। मास्टर परिपत्र के अनुसार, पेंशन उत्पादों के तहत आंशिक निकासी की सुविधा की अनुमति दी गई है। इससे पॉलिसीधारकों को जीवन की महत्वपूर्ण घटनाओं जैसे बच्चों की उच्च शिक्षा ...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K

संक्षेप

## यूपी में दो आईएएस अफसरों के तबादले

**लखनऊ।** यूपी में दो आईएएस अफसरों के तबादले कर दिए गए हैं। आईएएस धनंजय शुक्ला को अपर आयुक्त राज्यकर के पद पर तैनाती दी गई है। अभी तक वह विशेष सचिव नियुक्ति के पद पर कार्यरत थे। वहीं आईएएस विजय कुमार को विशेष सचिव खनन एवं अतिरिक्त प्रभार नियुक्ति को विशेष सचिव नियुक्ति बनाया गया है। लोकसभा चुनाव के बाद प्रदेश में बड़े स्तर पर प्रशासनिक फेरबदल के कयास लगाए जा रहे हैं। जल्द ही प्रदेश सरकार इस पर निर्णय ले सकती है।

## सपा प्रतिनिधिमण्डल आज जायेगा कौशाम्बी

**लखनऊ।** सपा का प्रतिनिधि मण्डल 13 जून को कौशाम्बी जायेगा। कौशाम्बी के ग्राम परसरा थाना कोखराज निवासी पंचम पाल की पुत्री के साथ की गई दरिंदगी की जांच एवं जानकारी के लिए प्रतिनिधि मण्डल ग्राम परसरा जनपद कौशाम्बी पहुंचेगा। प्रतिनिधि मण्डल के सदस्यगण इन्द्रजीत सरोज विधायक/राष्ट्रीय महासचिव सपा, श्याम लाल पाल प्रदेश अध्यक्ष सपा, पुष्पेन्द्र सरोज सांसद, डॉ. मान सिंह यादव सदस्य विधान परिषद और दयाशंकर यादव जिलाध्यक्ष सपा कौशाम्बी है।

## अखिलेश यादव से मिले शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थी

**लखनऊ।** 69 हजार शिक्षक भर्ती में विभिन्न विसंगतियों के कारण नौकरी पाने से वंचित रह गये अभ्यर्थियों ने बुधवार को सपा प्रदेश मुख्यालय पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव से मुलाकात की। भर्ती से वंचित अभ्यर्थी शिखा पाल ने अखिलेश यादव को ज्ञापन सौंपकर 69 हजार, शिक्षक भर्ती में अतिरिक्त पद जोड़ने अथवा न्यायालय में उपस्थित समस्त वर्ग (आरक्षित व सामान्य वर्ग) के याचियों को याची लाभ देकर समस्त मुद्दों को हल कराने में मदद मांगी। शिखा पाल ने बताया कि इस भर्ती में लगभग 60 प्रतिशत अभ्यर्थी, अगली भर्ती में भाग लेने की अधिकतम उम्र सीमा को पार कर चुके हैं, उनके पास नई भर्ती में आवेदन करने का अवसर समाप्त हो चुका है। बीएड धारकों के लिए यह अंतिम अवसर था, क्योंकि 8 वर्ष बाद 69000 भर्ती में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त हुआ था और अब सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के कारण उन्हें अगली प्राथमिक शिक्षक भर्ती में आवेदन का अवसर प्राप्त नहीं होगा।

# यूपी देश में सर्वाधिक विद्युत आपूर्ति करने वाले राज्यों में नंबर वन बना

विशेष संवाददाता (vol)

- प्रदेश ने 10 जून को 28889 मेगावाट विद्युत आपूर्ति कर महाराष्ट्र को पीछे छोड़ा
- यूपी में अधिकतम पीक मांग 29500 मेगावाट रही

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश ने भीषण गर्मी में विद्युत की बढ़ी मांग को सकुशल पूरा करते हुए एक बार फिर से पूरे देश में सर्वाधिक विद्युत आपूर्ति करने का रिकार्ड बनाया है। प्रदेश में जैसे-जैसे तापमान बढ़ रहा है, उपभोक्ताओं की जरूरतों के अनुरूप बढ़ती विद्युत की मांग को पूरा करने में प्रदेश का ऊर्जा विभाग मंत्री ए.के. शर्मा के निर्देशन में लगातार नये आयाम स्थापित कर रहा है। विगत दिनों उत्तर प्रदेश ने 29500 मेगावाट की सर्वाधिक विद्युत मांग को पूरा करते हुए देश में कीर्तिमान स्थापित किया था।

वहीं ग्रिड इंडिया पॉवर सप्लाई रिपोर्ट के मुताबिक 10 जून 2024 को एक बार फिर से उत्तर प्रदेश ने देश में सर्वाधिक 28889 मेगावाट विद्युत आपूर्ति कर महाराष्ट्र-गुजरात जैसे राज्यों को पीछे छोड़ते हुए पहला स्थान हासिल किया है। ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा के कुशल निर्देशन में ऊर्जा विभाग ने विद्युत मांग की चुनौती को सकुशल पूरा कर विगत वर्ष की भांति ही इस वर्ष भी नये रिकॉर्ड बना रहा है। विगत दो वर्ष पहले तक यह रिकॉर्ड पूरे देश में महाराष्ट्र के नाम था। इस वर्ष 10 जून को जारी रिपोर्ट के मुताबिक उत्तर प्रदेश ने 28889 मेगावाट, महाराष्ट्र ने 24254 मेगावाट, गुजरात ने 24131 मेगावाट, तमीलनाडु ने 16257 मेगावाट और राजस्थान ने 16781 मेगावाट की सर्वाधिक विद्युत अपूर्ति की मांग को पूरा किया है।



उत्तर प्रदेश के विद्युत विभाग ने इस वर्ष भी पीक आवर में पूरे देश में सर्वाधिक विद्युत आपूर्ति का रिकॉर्ड बनाया है। जो कि उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में कुशल प्रबंधन एवं बेहतरीन नेतृत्व की बदौलत ही यह सम्भव हो सका है, जिसकी प्रशंसा पूरे देश में हुई है। उत्तर प्रदेश में 28 मई, 2024 को देश में सर्वाधिक 29282 मेगावाट की पीक डिमांड को पूरा किया था। वहीं महाराष्ट्र में 23 मई को सर्वाधिक पीक डिमांड 27517 मेगावाट थी, जबकि उत्तर प्रदेश में 28010 मेगावाट विद्युत की पीक डिमांड थी। पिछले तीन सप्ताह के दौरान प्रदेश में विद्युत की पीक मांग पर दृष्टि डालें तो 23 मई को 28010 मेगावाट, 24 मई को 29147 मेगावाट, 25 मई को 29215 मेगावाट, 26 मई को 29084 मेगावाट, 27 मई को 29261 मेगावाट, 28 मई को 29282 मेगावाट तथा 29 मई को 29077 मेगावाट विद्युत की पीक मांग को सकुशल पूरा किया गया और प्रदेशवासियों को प्रचंड गर्मी में विद्युत संकट का सामना नहीं करना पड़ा, जहां कहीं पर भी अतिभारिता व स्थानीय दोषों के कारण आपूर्ति में व्यवधान हुआ, उसे भी शीघ्र ही ठीक करने का प्रयास किया गया। प्रदेश में बढ़ी हुई विद्युत मांग के अनुपात में ही ऊर्जा विभाग अनवरत विद्युत आपूर्ति कर रहा है। प्रदेश के ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों को मिलाकर लगभग 4634 सबस्टेशन उपभोक्ताओं तक विद्युत आपूर्ति करने का कार्य सुचारू रूप से कर रहे हैं। जहां कहीं पर भी विद्युत की मांग बढ़ी है वहां पर नये विद्युत उपकेंद्रों को स्थापित करने, ट्रांसफार्मर का लोड बढ़ाने तथा विद्युत आपूर्ति की जर्जर व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए ऊर्जा विभाग निरंतर युद्धस्तर पर कार्य कर रहा है। ऊर्जा मंत्री ने प्रदेश के सभी विद्युत कार्मिको को इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई दी है। उन्होंने कहा कि प्रचंड गर्मी में हमारे विद्युत कार्मिको ने विद्युत आपूर्ति बहाल रखने में अपना सर्वाधिक योगदान दिया है और उपभोक्ताओं को गर्मी में होने वाली परेशानियों से बचाया है। प्रदेश में अभी भीषण गर्मी और लू का संकट बना हुआ है, इसके लिए सभी विद्युत कार्मिक पूरे मनोयोग व सतर्कता से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए कार्य करते रहेंगे।

# पीएम मोदी काशी से देश भर के किसानों को देंगे अरबों की सौगात

विशेष संवाददाता (vol)

- पीएम बनने के बाद मोदी का 18 को पहला काशी का दौरा, करेंगे किसान सम्मेलन को संबोधित

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री का पद संभालने के बाद पहली बार 18 जून को अपने संसदीय क्षेत्र काशी आ रहे हैं। इस दौरान यहां बाबा विश्वनाथ और मां गंगा का दर्शन पूजन करने के साथ ही काशी से ही देशभर के किसानों को सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी करेंगे। वह अपने एक दिवसीय प्रवास के दौरान आयोजित सम्मेलन में पांच किसानों को सम्मानित भी करेंगे।

बनारस जनपद के भी दो लाख 67 हजार 665 किसान सीधे लाभान्वित होंगे। पीएम मोदी 18 जून को काशी में आभार यात्रा पर आ रहे हैं। तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद वह अपने संसदीय क्षेत्र का प्रथम दौरा किसान को समर्पित करेंगे। वह किसान सम्मेलन में सम्मानित होने वाले कृषकों से संवाद भी करेंगे। किसान सम्मेलन के लिए भाजपा ने जगह की तलाश शुरू कर दी है। प्रधानमंत्री 18 को काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन के बाद दशाश्वमेध घाट पर गंगा आरती में भी शामिल होंगे। प्राथमिक सूचना के मुताबिक प्रधानमंत्री 18 जून को लगभग 4.30 बजे बाबतपुर एयरपोर्ट पर आएंगे। यहां से सीधे



किसान सम्मेलन को संबोधित करने जाएंगे। करीब सवा घंटे तक कार्यक्रम में भाग लेने के बाद काशी विश्वनाथ मंदिर आएंगे। दर्शन-पूजन के बाद गंगा आरती देखेंगे। फिर सड़क मार्ग से बाबतपुर एयरपोर्ट लौटेंगे।

रात लगभग नौ बजे विशेष विमान से दिल्ली जाएंगे। किसान सम्मेलन के लिए मंगलवार को भाजपा पदाधिकारियों और डीएम एस. राजलिंगम ने राजातलाब के चार-पांच गांवों में जगह देखी। इनमें राजातालाब मंडी के पीछे, रखौना, मेहंदीगंज मड़ई, मेंहदीगंज रिंग रोड आदि स्थल शामिल हैं। अभी किसी स्थान को फाइनल नहीं किया गया है। भाजपा काशी क्षेत्र प्रवक्ता नवरतन राठी ने बताया कि रोहनिया और सेवापुरी विधानसभा क्षेत्र के मध्य किसान सम्मेलन आयोजित होगा। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल, जिलाध्यक्ष एवं एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा, प्रवीण सिंह गौतम, अरविन्द पटेल आदि रहे। मोदी के काशी आगमन को लेकर भाजपा कार्यकर्ता उत्साहित हैं। उन्होंने हर हर महादेव के उद्घोष के साथ जोरदार अगवानी करने का निर्णय लिया है। पीएम के स्वागत के संबंध में भाजपा की जिला और महानगर इकाई ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। प्रधानमंत्री के यात्रा मार्ग में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवींद्र जायसवाल, विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी व सौरभ श्रीवास्तव की अगुवाई में स्वागत होगा।

# हर किसान को पारदर्शी तरीके से मिल रहा योजना का लाभ : शाही

विशेष संवाददाता (vol)

- राज्य स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी-2024 का हुआ भव्य आयोजन

**लखनऊ।** यूपी के किसानों को सशक्त तथा समृद्ध बनाने के लिए कृषि विभाग हर योजना का लाभ पारदर्शी तरीके से प्रत्येक किसान तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है। इसके साथ ही सोलर पम्प के माध्यम से सिंचाई को सस्ता तथा हर समय उपलब्ध कराया जा रहा है।

यह बात बुधवार को प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राज्य स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी-2024 के दौरान कही। गोष्ठी में उपस्थित किसानों, कर्मचारियों तथा अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कृषि मंत्री शाही ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में सभी फसलों की उत्पादकता में वृद्धि हुई है। धान की उत्पादकता



40.51 क्विंटल प्रति हेक्टेयर से बढ़कर 46 क्विंटल प्रति हेक्टेयर, बाजरे की उत्पादकता 20.82 क्विंटल प्रति हेक्टेयर से बढ़कर 27.7 क्विंटल प्रति हेक्टेयर हो गयी है। इसके साथ ही ज्वार, उरद, तिलहन, मूंगफली, सूरजमुखी तथा मोटे अनाज के उत्पादन तथा उत्पादकता में तेजी से सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि भारतीय मौसम विज्ञान विभाग की सेटेलाइट आधारित प्रणाली से किसानों को मौसम की सटीक जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। इस अवसर पर गन्ना विकास एवं चीनी मिल मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने कहा कि गन्ना किसानों को शीघ्र भुगतान सुनिश्चित किया जा रहा है। पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि पशुपालन तथा कृषि पूरक विभाग हैं, अतः किसानों को चाहिए कि वे दोनों को साथ लेकर चलें। सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर ने कहा कि योगी सरकार आने के बाद प्रदेश में सहकारिता क्षेत्र का पुर्नजन्म हुआ है। साथ ही सहकारी बैंक किसानों के लिए नई उम्मीद की किरण बने हैं। उद्यान राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि वर्तमान में यूपी के उद्यान उत्पादन को विश्वभर में नई पहचान मिल रही है। इसलिए यह क्षेत्र किसानों के लिए बहुत लाभदायी साबित हो रहा है। वन तथा पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अरूण कुमार सक्सेना ने कहा कि प्रतिवर्ष तापमान में तेजी से बढ़ोत्तरी हो रही है, इसलिए खेती के साथ-साथ अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाकर दोहरा लाभ लिया जा सकता है।

कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह ने कृषि में विविधीकरण को अपनाये जाने पर विशेष बल दिया। उन्हांने किसानों को आश्वस्त किया कि कृषि क्षेत्र की योजनाओं का लाभ किसानों को उपलब्ध कराने के लिए हर स्तर पर पारदर्शिता अपनाई जा रही है। इस दौरान उन्होंने किसानों से प्राप्त विभिन्न सुझावों को भी अपने वकतव्य में शामिल किया। अपर मुख्य सचिव कृषि डा. देवेश चतुर्वेदी ने कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी तथा किसानों को पात्रता के अनुसार उन सभी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

कृषि निदेशक डा. जितेन्द्र कुमार तोमर ने सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद किया। इस दौरान प्रदेशभर से आये सैकड़ों किसान, निदेशक उद्यानए निदेशक मंडी सहित कृषि तथा अनुषांगिक विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# अयोध्या के प्रतिनिधिमंडल ने की अखिलेश से मुलाकात



लखनऊ। अयोध्या के सपा के जिला, ब्लाक प्रकोष्ठों के अध्यक्षों सहित 56 सदस्यीय प्रतिनिधिमण्डल ने जिलाध्यक्ष पारस नाथ यादव के नेतृत्व में अखिलेश यादव से भेंट की। अयोध्या से आये सपा के प्रतिनिधिमण्डल ने लोकसभा चुनाव में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में हुई ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अयोध्या की जीत पर धन्यवाद दिया। अयोध्या के समाजवादियों का यह दल यहां से चलकर सैफई जाएगा और नेताजी मुलायम सिंह यादव की समाधिस्थल पर जाकर सभी पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। यह प्रतिनिधिमंडल अयोध्या से लोकसभा चुनाव जीतने के बाद ही अयोध्या से सैफई के लिए रवाना हुआ। अखिलेश यादव से आशीर्वाद लेने के लिए ये लोग लखनऊ आए थे। अयोध्या से अवधेश प्रसाद पासी नवनिर्वाचित सांसद है।

# 15 से 21 जून तक हर जिले में मनेगा योग सप्ताह

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'योग स्वयं एवं समाज के लिए' है। जनमानस को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से प्रदेश में 15 जून से लेकर 21 जून तक प्रत्येक जनपद में योग सप्ताह का आयोजन किया जायेगा।

- अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम होगी 'योग स्वयं एवं समाज के लिए'
- वाई-ब्रेक प्रोटोकॉल, ऐप को सभी सरकारी कार्यालयों में कराया जाये अभ्यास

मुख्य सचिव बुधवार को 21 जून को होने वाले दशम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के संबंध में बैठक कर रहे थे।



उन्होंने कहा कि योग सप्ताह का आयोजन समस्त जनपद मुख्यालय के अतिरिक्त तहसीलों, ब्लाकों एवं ग्राम पंचायतों में भी किया जाये। इसके लिए सभी तैयारी समय रहते पूरी करा ली जाएं। कार्यक्रमों के आयोजन में समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि समस्त कार्यक्रमों के आयोजन में पुलिस द्वारा समुचित सुरक्षा व्यवस्था की जाए। कार्यक्रम से पूर्व सभी ग्राम पंचायत व नगर निकायों में स्वच्छता अभियान चलाया जाए। वाई-ब्रेक प्रोटोकॉल, ऐप को सभी सरकारी कार्यालयों में अभ्यास कराया जाये। सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम के लिए प्राचीन सांस्कृतिक पर्यटन स्थल, ऐतिहासिक महत्व के स्थान, प्रमुख नदियों, झीलों, तालाबों के किनारे, सभी अमृत सरोवरों एवं प्रमुख नैसर्गिक सौन्दर्य से परिपूर्ण स्थलों को चयन में प्राथमिकता दी जाये। उन्होंने कहा कि सम्बन्धित जिलों के प्रभारी मंत्रीगण की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया जाये। योग सप्ताह के प्रथम दिन उद्घाटन समारोह में सांसद, मंत्री, विधायक, पार्षद, ग्राम प्रधानों एवं अन्य गणमान्य जन प्रतिनिधियों को अवश्य आमंत्रित किया जाये। समस्त ग्राम पंचायत एवं नगर निकायों में सम्बन्धित जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन होना चाहिये। उन्होंने कहा कि योगाभ्यास कार्यक्रम के लिए समस्त प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों की समुचित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये।

# भाजपा की सीटें घटने के जमीनी कारणों की तलाश शुरू

विशेष संवाददाता (vol)

- भीतरघात और गड़बड़ी की आशंका पर होगी कार्रवाई, संगठन में होगा फेरबदल

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव रिजल्ट भी आ गया है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शपथ भी ले ली है। यूपी में कैबिनेट की पहली बैठक भी हो गई है। भाजपा करारी हार के कारण उबल रही है और उसे आस्तीनों के सांपों की तलाश है जो चुनाव में हार का कारण बने। भाजपा की स्पेशल टीम यूपी लोकसभा में भाजपा की कम सीटों होने के कारणों का पता लगाएगी। अब तक 12 से अधिक प्रत्याशियों ने पार्टी हाईकमान को रिपोर्ट भेजी है। ये रिपोर्ट भितरघात के आघात से रंगी हुई हैं। लोकसभा चुनाव में भाजपा की सीटे कम होने के कारणों की जमीनी तलाश शुरू हारी हुई लोकसभा सीटों से सांसद हारे प्रत्याशियों लोकसभा प्रभारी संयोजकों और जिला प्रभारी जिला अध्यक्षों ने अपनी-अपनी रिपोर्ट कारणों समेत प्रदेश मुख्यालय को भेज दी है। प्राथमिक रिपोर्ट में उम्मीदवारों की एंटी इनकंबेंसी से लेकर हारी सीटों पर भीतरघात और गड़बड़ी की आशंका जताई गई है। इस रिपोर्ट में विपक्ष के हर दाव के बारे में भी जानकारी दी गई है। इसको लेकर इसी हफ्ते प्रदेश मुख्यालय पर समीक्षा बैठक भी की जाएगी। इसके बाद अलग-अलग लोकसभा क्षेत्र में भीतरघात और हार के कारणों की पड़ताल के लिए स्पेशल टीम भेजी जाएगी।

भाजपा ने इस लोकसभा चुनाव में यूपी में 33 सीटें जीती हैं। गठबंधन के साथ भाजपा की 36 सीटें हैं। पार्टी का वोट शेयर भी 8.50 फीसदी से कम हो गया है। 2019 में भाजपा के पास गठबंधन को मिलाकर 64 सीटें थीं। इसके बाद अब पार्टी ने फैसला किया है कि उन लोकसभा क्षेत्रों में स्पेशल टीम भेजकर प्राथमिक रिपोर्ट में जताए गए कारणों की असल पड़ताल करेगी, जहां भाजपा हारी है या फिर कम वोट मिले हैं। इस स्पेशल टीम में राज्यसभा सांसद, एमएलए, एमएलसी और पार्टी के प्रदेश और क्षेत्र पदाधिकारी भी शामिल होंगे।

इन सभी को उन लोकसभा इलाकों में भेजा जाएगा, जहां के वे निवासी नहीं हैं। यह टीम 5 से 6 दिन हर लोकसभा क्षेत्र में रुकेगी। वहां स्थानीय पदाधिकारियों के साथ प्रबुद्ध वर्ग और आम लोगों से बातचीत करके रिपोर्ट तैयार करेगी। एक सप्ताह में यह टीम अपनी फाइनल रिपोर्ट भाजपा प्रदेश मुख्यालय को भेजेगी। सूत्रों के मुताबिक भितरघात या गड़बड़ी की जानकारी मिलने पर एक्शन भी लिया जाएगा। कुछ जिलों में संगठन में बदलाव भी किया जा सकता है। इसके तहत जिलाध्यक्षों, जिला प्रभारियों के साथ क्षेत्रीय पदाधिकारियों को हटाया भी जा सकता है। सूत्रों के मुताबिक अब तक की पड़ताल में यही सामने आया है कि टिकट वितरण की खामियों की वजह से ही भाजपा की यूपी में ऐसी हालत हुई है। बहुत से ऐसे सांसद हैं, जिनके खिलाफ माहौल को देखते हुए स्थानीय कार्यकर्ताओ और पदाधिकारियों ने उनको टिकट नहीं देने की गुजारिश की थी, लेकिन नजरअंदाज किया गया और प्रत्याशी थोप दिए गए। लिहाजा नाराज पार्टी कार्यकर्ता भी घर बैठ गए, जिसका परिणाम सामने है। कई सीटों पर भी भितरघात के आरोप लगे हैं। चुनाव बाद जिस तरह से पार्टी में भितरघात की बातें सामने आ रही हैं, उसे लेकर संगठन पर सवाल उठने लगे हैं।

# लोकसभा की जीत के लिए अखिलेश को बधाई देने वालों का लगा तांता

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव से लोकसभा चुनाव 2024 में सपा की ऐतिहासिक जीत पर बधाई देने वालों का बुधवार को भी तांता लगा रहा। अखिलेश यादव ने सभी का अभिवादन स्वीकार किया और कहा कि आप सभी के सहयोग समर्थन एवं परिश्रम से ही सपा को भारी सफलता मिली है।

सपा के राज्य मुख्यालय के डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में एकत्र सैकड़ों कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा की धांधली के बावजूद जनता ने सपा के पक्ष में जो फैसला दिया उससे लोकतंत्र में मजबूती आयी है। अयोध्या में जीत ने भाजपा की साम्प्रदायिकता से प्रेरित नफरती राजनीति को खारिज कर दिया है। जनता के समर्थन से राजनीति को सकारात्मक दिशा मिली है। अखिलेश यादव ने कहा कि देश की जनता ने लोकसभा चुनाव में संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए वोट किया है। प्रदेश की जनता ने लोकसभा चुनाव में सपा को देश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बनाया है। अब जनता के प्रति समाजवादियों की और ज्यादा जिम्मेदारी बढ़ गयी है। सपा मजबूती से जनता के मुद्दों को लोकसभा में उठाएगी। जनता ने जो भरोसा दिखाया है उस पर हमें खरा उतरना है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की गलतनीतियों के कारण देश की अर्थव्यवस्था रसातल में जा रही है। महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है। केन्द्र की सरकार में पिछले 10 सालों में इतनी लूट हुई है कि गेहूं का भंडार घट गया है। विदेश से गेहूं आयात करने के हालात है। आटा महंगा होगा तो इसका सीधा असर जनसामान्य की जेब पर पड़ेगा। भाजपा जहां भी जीती वहां उसने सत्ता का खुलकर दुरुपयोग किया है। विगत 10 वर्षों में भाजपा सरकार में जनता को तबाही के सिवाय कुछ नहीं मिला है। किसान बर्बाद हो गये। नौजवानों के सपनों पर बुलडोजर चला दिया गया। विकास अवरुद्ध हो गया। इस अवसर पर अवधेश प्रसाद सांसद, राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल, पूर्व मंत्री अरविन्द सिंह गोप, अरविन्द कुमार सिंह पूर्व सांसद, विधायकगण महबूब अली, नवाब इकबाल, राममूर्ति वर्मा, रविदास मेहरोत्रा, संग्राम यादव, मोहम्मद रिजवी, सुरेश यादव, प्रदीप यादव, विशम्भर यादव, फरीद महफूज किदवई, आशु मलिक सहित अम्बिका चौधरी, लव भार्गव, डॉ. राजपाल कश्यप, पवन पाण्डेय, राजेश यादव, रामआसरे विश्वकर्मा, प्रो. बी.पाण्डेय, उदयवीर सिंह, संतोष यादव सनी, व्यासजी गोंड, श्रीमती जानकी पाल, अरविन्द यादव की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# यूपी विधानसभा उपचुनाव में होगा योगी-मोदी का लिटमस टेस्ट

विशेष संवाददाता (vol)

- लोकसभा चुनाव में झटके के बाद होगी पहली अग्निपरीक्षा, 9 विधानसभा सीटों पर होंगे उपचुनाव

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव में भाजपा को अगर सबसे बड़ा झटका लगा है तो वो राज्य है उत्तर प्रदेश। जहां के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हैं, जो अपनी कट्टर हिंदू छवि और कठोर कानून-व्यवस्था को लेकर जाने जाते हैं, लेकिन इसके बावजूद भी यूपी में भाजपा को अनुमान के मुताबिक सीटें नहीं मिलीं। यहां भाजपा को लोकसभा चुनाव में 33 सीटें, जबकि सपा को 37 सीटें मिली हैं। इंडिया गठबंधन को 43 सीटें मिलीं, जबकि एनडीए के खाते में कुल 36 सीटें गई हैं। 2014, 2019 की अपेक्षा भाजपा को यूपी लोकसभा चुनाव में भारी कीमत चुकानी पड़ी है।

हालांकि, अब उत्तर प्रदेश में अब भाजपा का लिटमस टेस्ट होगा। उसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि जो विधायक जिन लोकसभा सीट जीतकर




सांसद बने हैं, अब विधानसभा सीटों पर 6 महीने के अंदर उपचुनाव होंगे। जिन सीटों पर विधानसभा उपचुनाव होने हैं, वो उत्तर प्रदेश की 9 विधानसभा सीटें हैं। इस उपचुनाव के बाद एक बात तय हो जाएगी कि 2027 यूपी विधानसभा में किसकी सरकार बनेगी?

इस बार लोकसभा चुनाव में 14 विधायकों को विभिन्न दलों ने चुनावी मैदान में उतारा था। इनमें से नौ विधायकों ने जीत दर्ज कर अपना सियासी कद बढ़ा लिया है। वहीं छह विधायकों को हार का सामना करना पड़ा है। इनमें पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह भी शामिल हैं। लोकसभा चुनाव के बाद फूलपुर, खैर, गाजियाबाद, मझावन, मीरापुर, अयोध्या, करहल, कटेहरी, कुंदरकी विधानसभा क्षेत्रों पर उपचुनाव होना तय हो गया है। भाजपा व सहयोगी दलों ने लोकसभा चुनाव के मैदान में सबसे ज्यादा आठ विधायकों व तीन एमएलसी को उतारा था। इनमें से फूलपुर लोकसभा सीट से प्रवीण पटेल ने जीत दर्ज की है। प्रवीण 2007, 2017 व 2022 में फूलपुर सीट से चुनाव जीते थे। इस बार मतदाताओं ने उन्हें संसद तक पहुंचा दिया है।

हाथरस से चुनाव लड़े भाजपा के अनूप वाल्मीकि भी चुनाव जीत गए हैं। वह खैर विधानसभा सीट से विधायक थे और प्रदेश सरकार के मंत्री भी हैं। गाजियाबाद से भाजपा ने जनरल वीके सिंह का टिकट काटकर विधायक अतुल गर्ग को चुनावी मैदान में उतारा था। वह पार्टी की उम्मीदों पर खरे उतरे और जीत हासिल की। जनरल वीके सिंह ने इस सीट पर पिछले लोकसभा चुनाव में 5,01,500 मतों से सबसे बड़ी जीत हासिल की थी। भदोही से भाजपा ने मझावन विधानसभा सीट से विधायक और निषाद पार्टी के विनोद कुमार बिंद को उतारा था। उन्होंने भी जीत हासिल कर संसद भवन पहुंचने का रास्ता तय कर लिया है। बिजनौर से मीरापुर विधानसभा से विधायक चंदन चौहान संसद पहुंचे

मीरापुर विधानसभा सीट से विधायक चंदन चौहान को रालोद के टिकट पर बिजनौर से जीत दर्ज कर अपना कद बढ़ाया है। समाजवादी पार्टी ने छह विधायकों को चुनावी रण में उतारा था। इनमें अयोध्या के विधायक अवधेश प्रसाद ने फैजाबाद से चुनाव जीतकर बड़ा उलट-फेर किया है और जीत हासिल कर संसद का रास्ता तय किया। मैनपुरी की करहल विधानसभा सीट से विधायक व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कन्नौज से जीत दर्ज की है। अखिलेश यादव को किसी एक पद से इस्तीफा देना होगा। इस हिसाब से करहल सीट पर उपचुनाव होंगे। सपा के टिकट पर कटेहरी के विधायक लाल जी वर्मा ने अंबेडकर नगर लोकसभा सीट से जीत दर्ज की है। कुंदरकी विधानसभा से विधायक जियाउर्रहमान संभल से संसद पहुंचे। मुरादाबाद के कुंदरकी विधानसभा सीट के विधायक जियाउर्रहमान बर्क ने सपा के टिकट पर संभल से जीत दर्ज की है।

# 312 निर्माणों पर चला बुलडोजर, अकबर नगर द्वितीय पूरी तरह ध्वस्त

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कुकरैल नदी की जमीन पर बसी अकबर नगर के अवैध निर्माणों को लगातार तीसरे दिन ध्वस्तीकरण का अभियान चला। तीसरे दिन 12 बड़ी पोकलैंड मशीन चलाकर 162 निर्माणों को तोड़ा गया।

- **घर खाली कराने का महिला ने किया विरोध, पुलिस ले गई थाने**
- **अकबर नगर प्रथम में आज से शुरू होगा अभियान**

धार्मिल स्थल समेत 312 निर्माणों पर बुलडोजर चलाकर अकबर नगर द्वितीय को पूरी तरह से जमींदोज कर दिया गया है। अब गुरुवार को अकबर नगर प्रथम को तोड़ने का अभियान चलेगा। वहीं, अकबर नगर प्रथम के घरों को खाली करने के लिए बुधवार सुबह ही अनाउंसमेंट शुरू किया तो अफसरों ने पैदल मार्च कर घरों को खाली करने के निर्देश दिए। इस दौरान एक महिला ने कार्यवाही का विरोध शुरू कर दिया जिसे पुलिस थाने ले गई।

एलडीए के दस्ते ने सुबह 6 बजे से ही अवैध निर्माण को गिराने की कार्यवाही शुरू कर दी। बुधवार को अकबर नगर द्वितीय के सभी घरों को खाली करा लिया गया था। यहां लोगों ने घरों को खाली कर दिया था। इसके बाद सुबह से चार पोकलैंड मशीनों ने इलाकों को घेर कर उसे गिराना शुरू कर दिया। देर रात नौ बजे तक मकानों को तोड़ दिया गया। हालांकि धार्मिक स्थल को तोड़े जाने को लेकर तनाव जैसी स्थिति बनी रही। हालांकि देर रात तक इसे तोड़ दिया गया।

अकबर नगर द्वितीय को पूरी तरह से ध्वस्त करने के बाद गुरुवार से प्रथम को तोड़ना शुरू करेगी। यहां सर्वे में 809 अवैध निर्माण चिन्हित हुए हैं। यहां बड़ी संख्या में आवासीय मकान बने हैं। एलडीए ने यहां ध्वस्तीकरण






अभियान के लिए अतिरिक्त जेसीबी और पोकलैंड मशीन मंगवाई है। एक-एक करके गलियों में 10 से ज्यादा मशीने उतरेंगी। इसे लेकर पहले से ही सभी को घरों को खाली करने के निर्देश दे दिए गए है। ऐसे में अफसर कल कार्यवाही शुरू करने से पहले एक बार फिर पैदल मार्च करके घरों को खाली करवाएंगे।

**विरोध करने वाली महिला को थाने ले गई पुलिस :** अकबरनगर प्रथम में सुबह करीब 9 बजे एलडीए वीसी डॉ इंद्रमणि त्रिपाठी, नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह व पुलिस प्रशासन समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे। अफसर लोगों से घर खाली करने के निर्देश दे रहे थे। इस दौरान एक महिला ने विरोध शुरु कर दिया। उसने बताया कि वहां जो मकान मिल रहे हैं वह पूरी तरह से ठीक भी नहीं है। दरवाजे और बिजली की सुविधा तक नहीं है। विरोध बढ़ने पर मौजूदा पुलिस उसे पकड़ कर महानगर थाने में निरूद्ध कर दिया। इस बीच जब महिला को गाड़ी में बैठाया जा रहा था तो सिपाही की उंगली दब गई। इंस्पेक्टर महानगर अखिलेश मिश्रा ने बताया कि महिला को हिदायत देकर शाम को छोड़ दिया गया।

**बसंतकुंज में बिना बिजली, पानी मिले अधूरे घर :** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने अकबरनगर के विस्थापितों को बसंतकुंज योजना में जो आवास आवंटित किए हैं, वह अभी अधूरे हैं। किसी में दरवाजे नहीं हैं तो किसी में खिड़कियां नहीं हैं। ज्यादातर में वायिरंग का कार्य भी नहीं हुआ है और पानी की आपूर्ति भी नहीं है। कई आवासों तक पहुंचने के रास्ते पर नाला खोदा पड़ा है। अव्यवस्थाओं के चलते मंगलवार को अकबरनगर से गए कई विस्थापितों का सामान बाहर सड़क पर ही रखा रहा। यहां के निवासियों को कैंप लगाकर प्रधानमंत्री आवास के आवंटन पत्र बांटे जा रहे हैं। सिर पर छत की आस में भयभीत लोग आवंटन पत्र लेकर गृहस्थी का सामान बटोर लगातार बसंतकुंज योजना की ओर बढ़ रहे हैं। जो नहीं पहुंचे उन्हें सुविधायुक्त नए घर की उम्मीद है। लेकिन जो पहुंच गए वे किस्मत को कोस रहे हैं। यहां पहुंचने पर पता चला कि उन्हें जो आवास दिए गए वो रहने के लायक नही हैं। कालोनी में नाली, सड़क तो दूर बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं तक नही हैं। घर के अंदर दाखिल होने पर पता चला कि दरवाजे नही हैं। किसी में कुंडी नही है। शौचालय इतने बदबूदार हैं कि उसमें जाते ही गस खाकर गिर जाएं। जिनके पास पैसे हैं वे प्लंबर और लाइनमैन बुलाकर हालात रहने लायक बनाने का प्रयास कर रहे। लेकिन जो वर्षों से बसाए मकान टूटने के बाद बेघर होने के साथ बेरोगार भी हो गए वे सड़क पर ही सामान रखकर रात गुजार रहे। बावजूद इसके विस्थापितों के पहुंचने का सिलसिला जारी है।

**बेघर हुए, रोजी-रोटी भी गई :** सईदा बानो, सब्बो, रेशमा और मोहम्मद कलाम का परिवार काफी बड़ा है। अकबर नगर में कोई घर में परचून की दुकान चलाकर तो कोई कॉलोनी के बाहर मेन रोड पर ठेला लगाकर जीवन यापन कर रहा था। ध्वस्तीकरण के बाद बेघर होने के साथ इनकी रोजी-रोटी भी छिन गई। ये परिवार के साथ अब बसंतकुंज योजना में सड़क पर सामान रखकर रात बिता रहे हैं। सब्बो ने बताया कि घर में पानी की सप्लाई नही है। आसपास हैंडपंप भी नहीं कि प्यास बुझा सकें। ध्वस्तीकरण की जद में आए विजय कुमार ने बताया कि घर के साथ रोजी-रोटी भी छिन गई। अब नए मकान में दरवाजा कैसे लगवाएं। बिजली कनेक्शन के लिए पैसा जुटाना तो बहुत बड़ी बात है।

# आवास विकास छह माह में शुरू करेगा नयी जेल रोड योजना

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ में मोहनलालगंज में नई जेल रोड योजना के नाम से टाउनशिप को लांच करने की तैयारी है। 70 प्रतिशत जमीन का अधिग्रहण हो चुका है। पहले 250

- **दो हजार रुपये प्रति वर्ग फीट की दर पर मिलेंगे भूखण्ड**

एकड़ में टाउनशिप विकसित करने का प्रस्ताव था अब 50 एकड़ जमीन और मिल गई है।

इस तरह से अब 300 एकड़ में नई आवासीय योजना करीब छह महीने में लांच करने की तैयारी है। सचिव डॉ. नीरज शुक्ला ने बताया कि लगभग 1700 से 2000 रु प्रति वर्ग मीटर की दर से भूखण्डों के पंजीकरण खुलेंगे। इस योजना में 137 से 300 वर्ग मीटर तक के भूखण्ड सृजित किए जाएंगे। बताया कि योजना के लिए धारा-28 का गजट प्रकाशन कराया जा चुका है। अभी आगे की कार्यवाही नहीं की गयी है। योजना से आच्छादित काश्तकारों, भूस्वामियों को आपसी समझौते एवं अनिवार्य अभिनिर्णय के साथ-साथ लैण्ड पूलिंग स्कीम का भी विकल्प दिये जाने के लिए बोर्ड ने निर्णय लिया है।

**परिषद की योजनाओं में 9334 रिक्त फ्लैटों के खुलेंगे पंजीकरण :** आवास विकास परिषद की लखनऊ, गाजियाबाद व मेरठ मण्डल योजना में रिक्त 9334 फ्लैटों के पंजीकरण अगले महीने से खुलेंगे। इनमें लखनऊ में 4127, गाजियाबाद में 3719 व मेरठ में 1488 फ्लैट हैं। आवास विकास ने पहले आओ पहले पाओ योजना बंद कर वृहद पंजीकरण योजना शुरू की थी। इस दौरान पहले चरण में 233 व दूसरे चरण में 194 फ्लैट बिकने से आवास विकास उत्साहित है। इसलिए एक बार फिर तीसरे चरण में फ्लैटों की बुकिंग शुरू की जाएगी। आवास विकास परिषद के सचिव डॉ. नीरज शुक्ला ने बताया कि 60 दिन में पूरा पैसा जमा करने वालों को अतिरिक्त 5% की छूट दी जाएगी। 25 या इससे अधिक फ्लैट बल्क में खरीदने वालों को 5% अतिरिक्त छूट मिलेगी। जिस फ्लैट के लिए एक से अधिक आवेदन होने पर उसका आवंटन लॉटरी से किया जाएगा। इसके अलावा अपनी योजनाओं में रिक्त फ्लैटों व अनिस्तारित सम्पत्तियों के निस्तारण के लिए मार्केटिंग सेल का गठन किया जाएगा। इस प्रस्ताव को निदेशक मण्डल ने अनुमति दे दी है।

**निर्माण में देरी पर देना होगा लेवी शुल्क :** परिषद में अनिर्माण शुल्क एवं समयवृद्धि शुल्क के पुनः निर्धारण के सम्बन्धी प्रस्ताव पास किया गया जिसमें किसी मानचित्र के पास होने की दशा में बड़े प्लाटों पर निर्माण अगर पहले 5 साल नहीं हुआ है तो कोई चार्ज नहीं लिया जाएगा। छठे साल में 5%, सातवें साल निर्माण न होने की दशा में 10% शुल्क लिया जाएगा। आठवें साल में 15%. इसी तरह से हर साल पर पांच प्रतिशत की वृद्धि होगी। यह वृद्धि 40% तक हो जाएगी।

**अवैध निर्माण कराने पर रि. एई के खिलाफ जांच :** महेश कुमार, सेवानिवृत्त सहायक अभियन्ता के विरूद्ध विभागीय जांच होगी। इसे लिए बोर्ड ने अनुमति दे दी है। महेश कुमार पर आरोप है कि उन्होंने गाजियाबाद की वंसुधरा योजना में नियमों के विपरीत अवैध निर्माण करा दिया। तीन मंजिल के स्थान पर पांच मंजिल अपार्टमेंट बनवा दिया गया। पार्किंग में दुकानें खोल ली गई। इसकी शिकायत पर शासन ने उप आवास आयुक्त प्रफुल्ल त्रिपाठी की अध्यक्षता में तीन स्तरीय जांच के लिए कमेटी गठित की थी।

## वृंदावन योजना में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर व पांच फाइव स्टार होटल बनेंगे

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद अपनी वृन्दावन योजना में अंतरराष्ट्रीय स्तर का कन्वेंशन सेंटर (वर्ल्ड ट्रेड सेंटर) बनाएगा। यह 10 हजार क्षमता का होगा। इसे बनाने में करीब 2200 करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च होंगे। इसके पास में ही पांच फाइव स्टार होटल भी बनाए जाएंगे। आवास आयुक्त डॉ. बलकार सिंह ने बताया कि कन्सल्टेंट ने तीन प्रजेंटेशन दिये हैं। मुख्यमंत्री के सामने जल्द इसका प्रस्तुतीकरण किया जाएगा। परिषद ने वृन्दावन योजना में डिफेंस एक्सपो स्थल पर देश के सबसे बड़े कन्वेंशन सेंटर के निर्माण की डीपीआर तैयार करा ली है। 32 एकड़ में बनने वाले इस सेंटर 10 हजार से ज्यादा सीटिंग के लिए कार्यक्रम हो सकेंगे। इसे जरूरत के हिसाब से छोटा बड़ा भी किया जा सकेगा। इसके लिए प्रस्तावित जमीन की कीमत 1000 करोड़ रुपये से ज्यादा है, जबकि निर्माण पर करीब 1200 करोड़ रुपये खर्च होंगे। आवास विकास ने इसकी डिजाइन तैयार करा ली है और जल्दी ही सीएम के सामने इसका प्रजेंटेशन किया जाएगा। यहां तीन हेलीपैड बनाए जाएंगे। भव्य प्रदर्शनी हॉल का भी निर्माण किया जाएगा। यहां एग्जीबिशन हाल व ओपेल हाल का भी निर्माण होगा। शहीद पथ से इसे सीधे जोड़ने के लिए आकर्षक रैम्प भी बनाने की योजना है। भविष्य में इसी के पास मेट्रो स्टेशन भी प्रस्तावित है। इसकी डिजाइन सेंटर कमल, कलश और शिखर के आकार की प्रस्तावित की गयी है। उत्तर भारत का सबसे विशाल और हाईटेक कन्वेंशन सेंटर सांस्कृतिक विरासत को संजोए हुए होगा। इसको भारतीय सांस्कृतिक धरोहर को ध्यान में रखकर बनाया जाएगा, जहां बुद्धिज्म की भी झलक देखने को मिलेगी। बीच में कन्वेंशन सेंटर को बनेगा जबकि चारों ओर एग्जीबिशन सेंटर होगा। वहीं कन्वेंशन सेंटर के दोनों ओर बजट और लग्जरी होटल का निर्माण होगा। इसके साथ ही सेंटर, एग्जीबिशन और होटल के चारों ओर 45 मीटर की रोड होगी ताकि आवागमन में कोई समस्या न हो।

# कमिश्नर ने मोती व जमुना झील का किया निरीक्षण



**लखनऊ।** मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने बुधवार को मोती झील एवं जमुना झील का औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर लखनऊ विकास प्राधिकरण के अधिशासी अभियंता व तहसीलदार सदर सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। मंडलायुक्त ने जमुना झील के निरीक्षण दौरान उपस्थित संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि अच्छी पद्धति के अनुसार झीलों के जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण के कार्य कराया जाए। झीलों की साफ-सफाई अच्छे से करायी जाए। उन्होंने कहा की झीलों के संपूर्ण एरिया का पैमाइश कराते हुए चिन्हांकन व सीमांकन कराया जाए और अवैध अतिक्रमण मिलने पर तत्काल ध्वस्तीकरण कराया जाए। इसके पश्चात मंडलायुक्त ने मोती झील का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान झील के बगल बन रहे अटल पार्क के निर्माणधीन कार्यों की गुणवत्ता का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्माणधीन कार्य में मेनपावर व मशीनों की संख्या में बढ़ोत्तरी करते हुए कार्य में तेजी लाया जाए। मंडलायुक्त ने उपस्थित संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कदापि बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## 48 लाख रु की सरकारी भूमि कब्जा मुक्त

**लखनऊ।** नगर निगम के सम्पत्ति विभाग ने बुधवार को खरगापुर, तहसील सदर में सरकारी जमीन से कब्जा हटाने की कार्रवाई की। यहां गाटा संख्या-209 राजस्व अभिलेखों में खलिहान दर्ज है। भूमि में से 400 वर्गफुट पर कब्जा कर लिया गया था। लेखपाल सुभाष कौशल व राकेश यादव ने जेसीबी के माध्यम से शांति पूर्ण ढंग से हटा दिया गया। मुक्त कराई गई 400 वर्गफुट भूमि की बाजारु कीमत लगभग 48 लाख रुपये होगी।

## प्रदेश में 5000 इलेक्ट्रिक बसों की सौगात

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार परिवहन निगम की बसों को इलेक्ट्रिक बसों से बदलने की योजना पर काम कर रही है। इसके तहत 5000 इलेक्ट्रिक बसों के लिए 14 जून को टेंडर प्रक्रिया होने जा रही है। जल्द ही प्रदेश को प्रदूषण रहित 5000 इलेक्ट्रिक बसों की सौगात मिलेगी। चार्जिंग स्टेशन के लिए भूमि और विद्युत कनेक्शन परिवहन निगम उपलब्ध कराएगी। परिवहन निगम के डिपो में यह व्यवस्था उपलब्ध होगी। इन बसों का 12 वर्षों तक मेंटेनेंस वाहन स्वामी स्वयं करेंगे। इसके अलावा ड्राइवर की ट्रेनिंग इत्यादि की व्यवस्था भी वाहन स्वामियों को ही करनी होगी।

# प्रदेश में प्रचंड गर्मी व लू का कहर, कानपुर देहात में पारा 47.5 डिग्री

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी समेत प्रदेश में प्रचंड ग्रीष्म व लू का कहर जारी है। मौसम विभाग के अनुसार एक बार फिर गर्मी का रेड अलर्ट जारी किया है। अब 16 जून को भी यह रेड अलर्ट रहेगा। सुबह के नौ बजते ही लू का एहसास होने लग रहा है। प्रदेश में बुधवार को कानपुर देहात सबसे गर्म रहा और यहां अधिकतम तापमान 47.5 डिग्री और

- **लखनऊ में 44.2 डिग्री रहा दिन का पारा**

न्यूनतम 33 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं प्रयागराज पिछले दो दिनों से देश में सबसे गर्म रहा और बुधवार को यहां अधिकतम तापमान 47 डिग्री दर्ज किया गया। रात का तापमान यहां 32 डिग्री रहा।

बुधवार को दिन के साथ रात भी सामान्य से काफी गर्म रही। मौसम विभाग की माने तो फिलहाल अभी राहत के आसार नहीं है। अभी अगले तीन से चार दिनों लोगों को यूं ही गर्मी और लू से जूझना होगा। बुधवार को प्रदेश के अधिकांश इलाके तपते रहे। दिन का तापमान 44-45 और कहीं-कहीं इससे भी ऊपर दर्ज किया गया।



आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के अनुसार प्रदेश में प्रचंड ग्रीष्म लहर के साथ लू के थपेड़े जारी रहेंगे। 15 व 16 जून को पूर्वी उत्तर प्रदेश में कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ आंधी चलने और बौछारें पड़ने के आसार हैं। बुधवार को आगरा में दिन का तापमान 46, अलीगढ़ में 45, बागपत में 46.6, चित्रकूट में 45.1, हमीरपुर में 46.2, हरदोई में 45.2, प्रयागराज में 47, वाराणसी में 46.2, सुल्तानपुर में 45.4 और झांसी में 45.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दक्षिणी पश्चिमी मानसून अगले तीन से चार दिनों के दरम्यान उड़ीसा और उत्तर पश्चिम बंगाल की तरफ बढ़ने के आसार बन रहे हैं। मौसम विभाग ने बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, कानपुर देहात जैसे इलाकों में प्रचंड लू का रेड अलर्ट जारी किया। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में अगले16 जून तक गर्म हवा और भीषण लू की चेतावनी है। वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश के तराई इलाकों में 15 जून से तेज हवा, गरज, चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश के आसार जताया है। इसके बाद इन पूर्वी इलाकों में थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। प्रदेश के बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, कानपुर देहात, कानपुर नगर और आसपास इलाकों में भीषण लू का रेड अलर्ट जारी किया गया है। यहां गर्म हवा और भीषण लू के साथ ही तापमान भी काफी ज्यादा रहने के आसार हैं। प्रतापगढ़, मिजार्पुर, वाराणसी, संत रविदास नगर, जौनपुर, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, गोंडा, श्रावस्ती, बहराइच, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, अयोध्या, मथुरा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर और आसपास के इलाकों में भी ताप लहर चलने के आसार हैं।

# नगर निगम ने रंगे हाथों पकड़े दो डीजल चोर, केस दर्ज

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगर निगम की गाड़ियों में तेल चोरी पर लगाम नहीं लग पा रही है। लगातार मिल रही डीजल चोरी की शिकायतों नगर निगम प्रशासन ने गुपचुप तरीके से वाहन चालकों को डीजल चोरी करते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। बीते मंगलवार व बुधवार दो दिन लगातार दो अलग-अलग स्थानों पर दो वाहन चालकों को डीजल चोरी करते पकड़ा गया। पुलिस ने दो वाहन चालकों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध

- **शिकायत मिलने पर गुपचुप तरीके से खुद अफसरों ने पकड़ा खेल**

प्राथमीकि दर्ज की है। चोरी का डीजल खरीदने वाले वाहन चालक का वाहन भी मौके से बरामद हुआ है। इसके अतिरिक्त आकस्मिक कार्रवाई में मौके से 300 लीटर डीजल, 6 पाइप, एक स्टील फैनल, 10 डिब्बे भरा हुआ डीजल भी बरामद किया है। बुधवार को नगर आयुक्त को मोबाइल पर सूचना प्राप्त हुई कि सहारा स्टेडियम विपुल खण्ड गोमती नगर ओवर ब्रिज के नीचे नगर निगम के वाहन संख्या यूपी 33 पीएन 0854 का चालक राजेन्द्र कुमार जोकि कार्यदायी संस्था




ओजस्वी के माध्यम से कार्यरत है। एक प्राइवेट वाहन इनोवा चालक संख्या यूपी 32 बी के 6000 के चालक राजू जो डीजल खरीदने के लिए वाहनों से डीजल निकलवा रहा है। जिसके पश्चात अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव ने आर आर विभाग के मुख्य अभियन्ता मनोज प्रभात, सहायक अभियन्ता ईशान, जोन चार के अभियन्ता पकंज अवस्थी समेत अन्य अधिकारियों के साथ मौके पर टीम लेकर पहुंच गए। अपर नगर आयुक्त को देखते ही कर्मचारियों के होश उड़ गए। प्राइवेट वाहन इनोवा चालक अधिकारियों को चकमा दे मौके से फरार हो गया। नगर निगम दस्ते ने निगम चालक को मौके पर ही पकड़ लिया। पुलिस को सूचना देने के पश्चात वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया गया। इसके अतिरिक्त मौके से बरामद हुई निजी वाहन इनोवा को भी जब्त कर लिया गया है। इससे पूर्व भी मंगलवार को भी सूचना मिलने पर नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने गोमती नदी के किनारे भीखम पुर के पास नगर निगम के वाहन जो पानी का छिड़काव करता है संख्या यूपी 32 डीएन 0258 का वाहन चालक अजय को डीजल निकाल कर बेचने का कार्य करते पकड़ा था। उक्त चालक को पकड़ने के साथ ही मौके से 197 लीटर डीजल, 6 पाइप व एक स्टील फैनल बरामद हुआ था।

**निजी संस्था ओजस्वी के खिलाफ होगी कार्रवाई :** दोनों वाहनों के चालक कार्यदायी संस्था ओजस्वी के माध्यम से कार्यरत थे। जिनका आरोप है कि निजी संस्था की ओर उन्हें वेतन नही दिया जाता है। बताया कि निजी संस्था चालकों को बिना वेतन के ही कार्य करने की बात कह कर ही रखती है और वाहन चलाने पर वाहनों से डीजल निकाल कर उसे डीजल बेचने की छूट देती है। कहा अधिकतर वाहन चालक डीजल बेच कर ही अपने परिवार को पालन पोषण करते हैं। उन्हें वेतन नही दिया जाता है। वेतन मांगने वाले वाहन चालकों को नौकरी नही दी जाती है। जानकार बताते हैं कि डीजल चोरी करते पकड़े गये वाहन चालकों को भी बीते काफी समय से वेतन नही दिया गया था। जिसके पश्चात अब नगर निगम प्रशासन निजी संस्था ओजस्वी के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करने जा रही है। इससे पहले भी कई संस्थाओं पर तेल चोरी कराने व वेतन न देने के आरोप लग चुके हैं।

# अयोध्या, वाराणसी में नयी टाउनशिप के छह महीने में खुलेंगे पंजीकरण

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** धार्मिक नगर अयोध्या व वाराणसी में आवास विकास परिषद अगले छह महीने में अपनी टाउनशिप में पंजीकरण शुरू करेगा। लखनऊ में भी नई जेल रोड योजना को बुकिंग खोलने की तैयारी है। इसके लिए तीन टाउनशिप में भूमि अर्जन सम्बंधित प्रस्तावों को आवास विकास परिषद की 266वीं बोर्ड बैठक में हरी झंडी दी गई। अपर प्रमुख सचिव नितिन रमेश गोकर्ण की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक में कई अहम फैसले लिये गये। आवास विकास में 168 पदों के लिए भर्ती करने, रिक्त फ्लैटों के लिए विशेष पंजीकरण शुरू करने, फ्लैटों को बेचने के लिए मार्केटिंग सेल का गठन किये किये जाने का निर्णय लिया गया है।

बोर्ड में लिये गये फैसलों की जानकारी देते हुए अपर आवास आयुक्त व सचिव डॉ. नीरज शुक्ला ने बताया कि आवास विकास परिषद



अयोध्या में 1800 एकड़ में नई विश्वस्तरीय टाउनशिप विकसित कर रहा है, जो पूरे देश में अपनी तरह की पहली टाउनशिप होगी। नई टाउनशिप में, आवासीय भूखंडों के लिए लगभग 367 एकड़ भूमि निर्धारित की गई है। बोर्ड ने टाउनशिप में आ रही जमीन को अर्जन मुक्त करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए नियोजन समिति की संस्तुतियों के आधार पर ग्राम शाहनेवाजपुर मांझा, शाहनेवाजपुर उपरहार, कूढ़ाकेशवपुर मांझा एवं कूढ़ाकेशवपुर उपरहार की 176.941 हेक्टेअर भूमि अधिग्रहण की जाएगी। जबकि सघन आबादी एवं धारा-28 के पूर्व पक्के निर्माण व होटल कुल क्षेत्रफल 4.97951 हे. भूमि का असुधार शुल्क लेकर निर्धारित गाइड लाइन के अनुसार अर्जन मुक्त किया जाएगा। सचिव ने बताया कि वाराणसी में वर्लड सिटी एक्सपो विकसित की जानी है। इस योजना के अन्तर्गत कुल 193.716 हे. भूमि में से नियोजन समिति ने 7.9403 हे. भूमि अर्जन मुक्त करने की संस्तुति की है। परिषद अधिनियम के अन्तर्गत असुधार शुल्क आरोपित करते हुए शेष 185.7757 हे. भूमि का अनुमोदन बोर्ड ने दिया है। टाउनशिप को आध्यात्मिक रूप देने के लिए करीब चार किमी की एक कृत्रिम झील भी होगी, जिसमें सरयू नदी का जल होगा। यह ब्लू और ग्रीन कॉरिडोर के नाम से जानी जाएगी। झील 430 एकड़ में फैली होगी। वहीं, ग्रीनफील्ड टाउनशिप अयोध्या की सीमा के अन्तर्गत लखनऊ अयोध्या गोरखपुर राजमार्ग सं.-27 पर पहले एलिवेटेड हाइवे प्रस्तावित किया गया था। अब इसके स्थान पर योजना की क्रास हो रही 03 सड़कों पर अण्डरपास बनाए जाने की अनुमति दी गई है।

**आवास विकास में 168 पदों पर होगी भर्ती :** आवास विकास परिषद में रिक्त पदों पर भर्ती निकालने की तैयारी है। 11 सम्पत्ति प्रबंधक की सीधी भर्ती आयोग से होगी। बुधवार को बोर्ड बैठक में इसकी मंजूरी के लिए भी प्रस्ताव को पास किया गया। इससे पहले व 157 सहायक लेखाकारों के पदों पर प्रस्ताव पास किया गया था। अपर आवास आयुक्त डॉ. नीरज शुक्ला ने बताया कि भर्ती की अनुमति लेने के लिए अधियाचन शासन को भेजा जाएगा। इस बार सम्पत्ति प्रबंधक के पदों में 10 प्रतिशत एमबीए योग्यता वालों को प्राथमिकता दी जाएगी। इससे आवास विकास की संपत्तियों के प्रबंधन में मदद मिलेगी। ईएमओ को 4600 ग्रेड पे वेतन मिलेगा। अभी मूल रूप से एक सम्पत्ति प्रबंधक ही तैनात है। इसके अलावा चार अधिशासी अभियन्ता (सिविल) को अधीक्षण अभियन्ता (सिविल) के रिक्त पदों पर प्रोन्नति दी गई है। इनमें रमेश चन्द्र यादव, समर उपाध्याय, अजय कुमार मित्तल एवं प्रमोद कुमार सिंह को अधिशासी अभियन्ता से अधीक्षण अभियन्ता के रिक्त पद पर प्रोन्नति से सम्बंधित प्रस्ताव को परिषद की बोर्ड ने मंजूरी प्रदान कर दी। आवास विकास के कर्मचारियों, पेंशनरों व पारिवारिक पेंशनरों को एक जनवरी 24 से 50 प्रतिशत दर से मंहगाई भत्ता तथा राहत दिये जाने को मंजूरी दी गई है।

# ग्रामीण क्षेत्र में 7 दिन मे दें बिजली कनेक्शन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश में विद्युत उपभोक्ताओं को नया कनेक्शन लेने के लिए विद्युत आपूर्ति संहिता 2005 के अनुसार शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकतम 30 दिन व 7 दिन की समय सीमा इस शर्त के साथ निश्चित थी की नया खंबा या भूमिगत केबल बिछाने की आवश्यकता नहीं हो, इसके अलाव कनेक्शन सात दिन के अन्दर देना होगा।

ग्रामीण क्षेत्रों में 15 दिन को लागू करने के लिए सभी राज्यों को निर्देशित किया गया जिसको लेकर उपभोक्ता परिषद काफी लंबे समय से मांग कर रहा था कि विद्युत कनेक्शन में जो अधिकतम समय उत्तर प्रदेश विद्युत वितरण संहिता - 2005 में प्रावधानित है उसे संशोधित किया जाए लेकिन वह लंबे समय से विचाराधीन था।

इसी बीच विद्युत उपभोक्ता अधिकार नियम 2020 भारत सरकार द्वारा लागू किया गया जिसमें नए विद्युत कनेक्शन निर्गत करने का समय मेट्रोपोलियन क्षेत्र में 3 दिन नगर पालिका क्षेत्र में 7 दिन में देना होगा। अंततः उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने अब विद्युत उपभोक्ता अधिकार नियम- 2020 मैं दी गई इस व्यवस्था को उत्तर प्रदेश में लागू कर दिया है और इससे संबंधित आदेश भी निर्गत कर दिया गया है पावर कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार की तरफ से जारी आदेश में स्पष्ट कर दिया गया है कि अब विद्युत आपूर्ति संहिता -2005 में जो कनेक्शन के लिए अधिकतम समय सीमा निर्धारित थी उसे अब विद्युत उपभोक्ता अधिकार नियम 2020 के तहत निम्न समयाविधि के अनुसार विद्युत कनेक्शन निर्गत करना होगा। पावर कॉरपोरेशन ने अपने आदेश में यह भी स्पष्ट किया है कि वितरण मेन के विस्तार या नए स्टेशनों को शुरू करने की आवश्यकता हो तो वितरण निगमन द्वारा ऐसे विस्तार या शुरूआत के तुरंत पश्चात 90 दिनों की अवधि के भीतर ऐसे परिसर में विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित किया जाएगा। इस निर्देश का तत्काल प्रभाव से अनुपालन में लाया जाये।

| विवरण | कनेक्शन निर्गत अधिकतम समय सीमा (दिनों में) |
|---|---|
| नगर निगम क्षेत्र | 3 दिन |
| नगर पालिका क्षेत्र | 7 दिन |
| ग्रामीण क्षेत्र | 15 दिन |

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

**मेट्रो**

# सड़क हादसों में ई-रिक्शा चालक समेत तीन की मौत



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अलग-अलग जगह हुये सड़क हादसों में ई-रिक्शा चालक समेत तीन लोगों की मौत हो गयी। सुशांत गोल्फ सिटी स्थित पासिन ढकवा के पास मंगलवार शाम किसान पथ पर तेज रफ्तार कंटेनर की टक्कर से ई-रिक्शा चालक की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक ई-रिक्शा गलत दिशा में जा रहा था। उधर,हादसे के बाद चालक कंटेनर लेकर भाग निकला। इंस्पेक्टर अंजनी मिश्र के मुताबिक लौलई निवासी प्रवेश यादव (30) ई-रिक्शा चलाते हैं। मंगलवार शाम भंडारे के लिए बर्फ लेकर खुर्दही बाजार जा रहे थे। तभी किसान पथ पर पासिन ढकवा के पास सामने से आ रहे कंटेनर में ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। हादसे में प्रवेश की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि कंटेनर चालक गाड़ी लेकर भाग निकला ।सूचना पाकर मौके पर पहुँची पुलिस में शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। उधर गोसाईंगंज इंस्पेक्टर गोसाईंगंज ब्रिजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि बुधवार की दोपहर करीब तीन बजे बाइक से हरीश यादव (30) निवासी लक्ष्मण पुरवा थाना बीबीडी किसी काम से गोसाईंगंज जा रहे थे तभी कबीरपुर गांव के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस नेबपरिज आज करीब तीन बजे कबीरपुर के पास मोटरसाइकिल सवार हरीश यादव निवासी लक्ष्मण पुरवा थाना बीबीडी उम्र 30 वर्ष को अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मार दी। जिसे घायल अवस्था में जिन्हें सीएचसी गोसाईंगंज लाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित दिया। गोसाईंगंज पुलिस मृतक के परिवारीजनों को सूचित करने के बाद की पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर इंटौजा में सीतापुर के मानपुर महराजपुर निवासी दीनदयाल (40) मछरेहटा मिलकपुर के साथी अनिल के साथ लखनऊ में रहकर टिंबर स्टोर पर मजदूरी करते थे। बुधवार को दोनों बाइक से घर लौट रहे थे। बाइक अमित चला रहा था। दोपहर 12 बजे वह इटौंजा धर्मपुर क्रासिंग के पास पहुंचे ही थे तभी एक तेज रफ्तार वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर गिर गए। इतने में ड्राइवर दीदयाल को रौंदते हुए निकल गया। हादसा देख अफरा- तफरी मच गई। मौके पर ही दीनदयाल ने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने अनिल को ट्रामा सेंटर भेजवाया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। इंस्पेक्टर इंटौजा के मुताबिक तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मृतक मजदूरी करता था।

**ट्रेन से गिरकर यात्री की मौत:** गोसाईंगंज। कबीरपुर गांव के पास बुधवार की दोपहर एक यात्री की गिरकर मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची गोसाईंगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। इंस्पेक्टर गोसाईंगंज ब्रिजेश कुमार त्रिपाठी के अनुसार वुधवार की दोपहर हरिहर नाथ एक्सप्रेस ट्रेन से एक यात्री कबीरपुर के पास गिर गया जिसकी पहचान किशन कुमार तिवारी (20) निवासी ग्राम रसूलपुर थाना छपरा बिहार राज्य के रूप में हुई। यात्री के गिरने की सूचना पर ट्रेन चेन पुलिंग करके रोकी गई । मृतक किशन कुमार के पिता धीरेंद्र तिवारी ने आकर बताया कि बाथरूम जाने के लिए बेटा गया था अचानक ट्रेन से गिर गया। सूचना पर गोसाईंगंज पुलिस ने पहुंचकर पंचायत नामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पिता ने बताया कि वह अंबाला में होटल चलाते है। जिसमें उनका बेटा हाथ बाटतां था। जो अविवाहित था।

## किशोरी को बचाने नदी में कूदे युवक की मौत

- मां की डांट से आहत किशोरी ने लगायी थी गोमती नदी में छलांग

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मदेयगंज इलाके की एक किशोरी ने मां की डांट से आहत होकर गोमती नदी में छलांग लगा दी। इससे इलाके में हड़कंप मच गया। उधर लड़की को बचाने के लिए एक युवक ने भी नदी में छलांग लगा दी। इस दौरान किशोरी को तो लोगों ने बचा लिया। लेकिन युवक की नदी के पानी में डूब कर मौत हो गयी। जिसके शव को पुलिस ने बरामद कर लिया है।

पुलिस के अनुसार मंगलवार की शाम दुबग्गा निवासी किशोरी को किसी बात को लेकर उसकी मां ने कसकर डांट लगा दी थी। जिससे वह आहत होकर पक्के पुल के पास गोमती नदी में छलांग लगा दी। राहगीरों ने किशोरी को नदी में कूदते देखा तो शोर मच गया। देखते ही देखते लड़की को बचाने के लिए एक युवक ने भी पीछे से छलांग लगा दी। हालांकि कड़ी मशक्कत के बाद गोताखोरो ने किशोरी को किसी तरह बचा लिया। लेकिन उसे बचाने के लिए पीछे से कूदे युवक की भी तलाश की गयी। जिसका पता नहीं चल सका। बुधवार की सुबह गोताखोंरो ने उसे मृत अवस्था में नदी में बरामद कर लिया।

किशोरी को नदी में कूदता देख आस-पास के लोगों के बीच हड़कंप मच गया। चीख-पुकार के बीच राह चलता एक युवक लड़की को बचाने के लिए नदी में कूद गया। इसके साथ ही नदी में और लोग भी लड़की को बचाने के लिए पीछे से कूदे। हालांकि लड़की को गोताखोरों ने जैसे-तैसे बचा लिया। लेकिन पीछे से लड़की को बचाने के लिए कूदे यूवक को बुधवार की सुबह नदी से मृत अवस्था में बरामद कर लिया। युवक की पहचान शादाब उम्र करीब 20 वर्ष निवासी शाह दोषी मजार निराला नगर थाना मदेयगंज के रूप में हुयी। मृतक ऑटो चलाता था एवं अविवाहित था।

## पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा आज से

लखनऊ। विशेष सचिव प्राविधिक शिक्षा अन्नावि दिनेशकुमार ने बताया कि पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा 13 से 20 जून तक तीन पालियों में आयोजित की जायेगी।

परीक्षा के लिए 4 लाख 12 हजार 759 अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किया है, और यह परीक्षा प्रदेश के 207 परीक्षा केन्द्रों पर संपन्न होगी। परीक्षा का समय सुबह 8:00 से 10:30 बजे, दोपहर 12:00 से 02:30 बजे, और दोपहर 4:00 से 6:30 बजे तक रहेगा। 13 से 15 जून तक ग्रुप-ए की परीक्षा सात पालियों में, 15 जून से 18 जून तक ग्रुप-ई की परीक्षा छह पालियों में और अन्य ग्रुप की परीक्षा 18 जून को दो पालियों में होगी। 17 जून को राजपत्रित अवकाश के कारण परीक्षा स्थगित रहेगी। 19 और 20 जूनको आरक्षित दिवस रखे गए हैं। अभ्यर्थी परिषद के पोर्टल https://jeecup.admissions.nic.in से अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड अल्पकालीन ई-निविदा सूचना** अधोहस्ताक्षरी द्वारा विद्युत वितरण मण्डल, अयोध्या के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराने हेतु अनुभवी एवं पंजीकृत निविदाकारों से दो अलग-अलग भागों में निविदायें ई-टेण्डिरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र उ.प्र. सरकार की बेवसाइट www.etender.up.nic.in पर डाउनलोड / देखे जा सकते है। द्वितीय भाग में मूल्य / दरें निविदादाता द्वारा उ.प्र. सरकार की वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिनॉक 26.06.2024 को 17.00 बजे तक अपलोड की जायेगी जो दिनॉक 27.06.2024 को 12.00 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके नामित प्रतिनिधि के द्वारा ई-निविदा पोर्टल पर आन-लाइन सिस्टम द्वारा खोली जायेगी। निविदा खुलने की तिथि पर सार्वजनिक अवकाश होने की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। निविदा के प्रथम भाग के मूल्यांकन के बाद उपयुक्त पाये गये निविदा के द्वितीय भाग खोले जायेंगे जिसकी सूचना पत्र द्वारा / ई-मेल द्वारा अन्य माध्यम से दी जाएगी। निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि अधोहस्ताक्षरी के बैंक खाते में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. के माध्यम से (Punjab National Bank, Branch Chowk, Bajaja, Faizabad A/c No. 0166002100017035, IFSC Code-PUNB0016600 of Superintending Engineer, Electricity Distribution Circle, Faizabad) जमा करायी जायेगी तथा बैंक जमा की साक्ष्य यथा योज्य यू.टी.आर. संख्या, पे-इन- स्लिप मूल की प्रति (इश्यूडस बैंक के कन्फरमेशन मेल की प्रति) ई-टेण्डर के प्रपत्रों के साथ आन-लाइन अपलोड की जायेगी। कोई भी निविदा प्रपत्र ऑफ लाइन अथवा निविदा बाक्स में स्वीकार नहीं किया जायेंगा। निविदा प्रपत्र का मूल्य निविदा के सम्मुख अंकित है। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये एक या सभी निविदाओं को निरस्त करने /विभिन्न फर्मों के मध्य कार्य विभक्त करने/त्रुटि सुधार/पुनः प्रकाशन करने का अधिकार सुरक्षित होगा। निविदा मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि. की वेबसाइट www.mvvnl.in पर देखे जा सकते है। निविदा में कोई संशोधन अथवा निविदा खुलने की तिथि में विस्तार होता है तो इसकी सूचना ई-निविदा की बेवसाइट www.etender.up.nic.in पर एवं संबंधित निगम की बेवसाइट पर उपलब्ध कराये जायेगे। निविदा का विवरण निम्नवत है:- **1. ई- निविदा संख्या 04 एच (एफ) (कार्य) / 2024-25:** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड- प्रथम, अयोध्या के अन्तर्गत 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र, लालबाग पर पैनल स्थापित कर ऊजीर्कृत करने का कार्य । ई - निविदा प्रपत्र शुल्क रु. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 2000.00 **2- ई-निविदा संख्या 05 एच (एफ) (कार्य)/2024-25:** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड- प्रथम, अयोध्या के अन्तर्गत आने वाले 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र, सिविल लाइन, नियांवा, देवकाली, चिर्रा, निर्मोचनघाट एवं राम की पौड़ी पर कुल 14 अदद बैटरी अन्य कर स्थापित करने कर कार्य।

**अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल लखनऊ।**

**''राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें, बल्ब की जगह एलईडी लगायें''**

**(पत्रांक 6243 / दि. 12.06.2024)**

## मुख्य विकास अधिकारी ने किया विकास कार्यों का निरीक्षण

**नगराम।** मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन ने खंड विकास अधिकारी गोसाईंगंज प्रियंका सिंह के साथ बुधवार दोपहर बाद बहरौली गांव पहुंच कर जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल परियोजना का निरीक्षण किया। पानी सप्लाई में प्रेशर कम पाए जाने पर सीडीओ द्वारा संबंधित अधिकारियों को पानी का प्रेशर बढ़ाने के निर्देश दिए गए। इसके बाद सीडीओ लाव लश्कर के साथ गौआश्रय स्थल पहुंच कर निरीक्षण किया गया। पंचायत सचिव द्वारा प्रतिदिन प्रति गौवंश भूसा दिए जाने के मानक के सवाल पर संतोषजनक जवाब नही दे पाने व अन्य अनियमितताओं पर पंचायत सचिव को कड़ी फटकार लगाई गई। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा गौवंशों को गुड़ खिलाया गया।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि प्रार्थी के ओरिजिनल डॉक्यूमेन्ट जो निशातगंज चौराहे के पास खो गये हैं, जिसमें ओमैक्स की भुगतान रसीद जिसका R.No. R027066 Date-09/02/204, Amount-6900311/- है। कृपा करके अगर मिले तो सूचित करने की कृपा करें। अभिमन्यु सिंह मो.-9839429111

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि सुनील पुत्र शिव प्रसाद जो की ग्राम पंचायत कस्बा कूरेभार, पोस्ट व थाना कूरेभार जनपद सुलतानपुर पिन कोड - 228151 यूपी के मूल निवासी हूं। मेरी पुत्री का वास्तविक नाम अनोखी कसौधन हैं। और आधार कार्ड में गलती/त्रुटि वश लाडली हो गया है। जबकि यह दोनो नाम एक ही लडकी का है। इसलिए में भविष्य में अब से मेरी पुत्री का नाम अनोखी कसौधन के नाम से ही लिखा पढ़ी में जाना व पहचाना जाए। समस्त अभिलेखों में अनोखी कसौधन नाम ही सही माना जाए।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि राधे श्याम गुप्ता पुत्र हरीश चंद्र कसौधन जो की ग्राम पंचायत कस्बा कूरेभार (सेमरी रोड), पोस्ट व थाना कूरेभार जनपद सुलतानपुर पिन कोड - 228151 यूपी के मूल निवासी हूं। मेरी पुत्र का वास्तविक नाम आदिविक कसौधन हैं। और आधार कार्ड में गलती/त्रुटि वश पुकारने का नाम रूद्राक्ष कसौधन हो गया है। जबकि यह दोनो नाम एक ही लडके का है। इसलिए में भविष्य में अब से मेरी पुत्र का नाम आदिविक कसौधन के नाम से ही लिखा पढ़ी में जाना व पहचाना जाए। समस्त अभिलेखों में आदिविक कसौधन नाम ही सही माना जाए।

## बंद पड़ी दुकान में लगी आग, फायर ब्रिगेड ने आग पर पाया काबू



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आलमबाग के चंदर नगर मार्केट में बंद पड़ी दुकान में आग लगने से मंगलवार रात हड़कम्प मच गया। कन्ट्रोल नम्बर की सूचना पर पहुंची आलमबाग की तीन फायर की गाड़ी ने दुकान का शटर तोड़ काफी मशक्कत से जूट के बोरे बाहर निकाल आग पर काबू पा लिया। आलमबाग मुख्य अग्निशमन अधिकारी मंगेश कुमार ने बताया कि चंदर नगर मार्केट में स्थित ए टू जेड चूड़ी हाउस के सामने सुरेश अग्रवाल की जनरल स्टोर की दुकान थी। जो कई वर्षो से बंद पड़ी है। मंगलवार रात दुकान में रखे जूट के बोरे में आग लग गयी थी। जिसपर काबू पा लिया गया है। लेकिन इस आग लगने के दौरान बंद दुकान के अंदर व बाहर पड़े दुकान के काउंटर जलकर खाक हो गया। कोई जनहानि नहीं हुई । आग लगने का कारण ज्ञात नहीं हो सका है।

## एसी के शार्ट सर्किट से घर में लगी आग, मची अफरा तफरी

लखनऊ। ठाकुरगंज के नैपियर रोड कॉलोनी पार्ट टू में स्थित गेस्ट हाउस संचालक के घर में बुधवार दोपहर एसी में हुए शार्ट सर्किट से आग लग गई। कुछ ही देर में आग पूरे कमरे में फैल गई। घर में धुआं भर गया। आग देख बगल वाले कमरे में मौजूद लोग चीख पुकार मचाते हुए भागकर नीचे आ गए। मौके पर पहुंची दो दमकल ने एक घंटे की मशक्कत कर आग पर काबू पा लिया। आग से कोई हताहत नहीं हुआ है। नैपियर रोड कॉलोनी पार्ट टू स्थित ब्लॉक नंबर छह के दूसरे माले पर रह रहे किशोर कुमार बुद्धेश्वर के पास गेस्ट हाउस चलाते हैं। किशोर के मुताबिक बुधवार सुबह वह काम से बाहर गए थे। घर पर पत्नी ऊषा चौधरी, बहु कोमल, रीता व सात माह का नाती था। दोपहर दो बजे कमरे में लगे एसी में हुए शार्ट सर्किट से आग लग गई। हादसे के समय उस कमरे में कोई नहीं था। कुछ ही देर में आग की लपट निकलने लगी। पूरे घर में धुआं भर गया। धुआं देख परिवार के लोग भागकर कमरे के पास आए तो लपट देख उनके होश उड़ गए। चीख पुकार मचाते हुए सभी लोग भागकर नीचे गए गए। आसपास के लोगों की मदद से राहत कार्य शुरू कर अग्निशमन विभाग को सूचित किया। कुछ ही देर में चौक फायर स्टेशन से दो दमकल मौके पर पहुंच गई। एफएसओ चौक पुष्पेन्द्र यादव ने बताया कि दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे तो धुआं और आग की लपट निकल रही थी। दो दमकल की मदद से आग पर काबू पा लिया गया। एसी मे शार्ट सर्किट से आग लगने की बात सामने आ रही है।

## डीजीपी से मिले लेफ्टिनेंट जनरल एन.एस. राजा सुब्रमणि



**लखनऊ।** यूपी के डीजीपी प्रशांत कुमार ने आज पुलिस मुख्यालय में जनरल आफीसर कमाण्डिंग इन चीफ मध्य कमान लेफ्टिनेंट जनरल एन.एस. राजा सुब्रमणि, टैड से शिष्टाचार भेंट की ।इस मुलाकात के दौरान पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 व लेफ्टिनेंट जनरल द्वारा प्रतीक चिन्ह भेंट किये गये तथा सामरिक महत्व एवं सुरक्षा के महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गयी।

## स्मार्टफोन पाकर विद्यार्थियों के खिले चेहरे



**लखनऊ।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में परीक्षा नियंत्रक कार्यालय ने स्मार्टफोन का वितरण विद्यार्थियों के मध्य किया। बता दें कि शासन द्वारा प्रत्येक वर्ष विद्यार्थियों में मध्य स्मार्टफोन को वितरित किया जाता है। इसी श्रृंखला में भाषा विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक कार्यालय द्वारा अर्ह विद्यार्थियों के मध्य स्मार्टफोन का वितरण किया गया। स्मार्टफोन के इस कार्यक्रम में परीक्षा नियंत्रक डॉ. भावना मिश्रा, वित्त अधिकारी साजिद आजमी, उपकुलसचिव दीप्ति मिश्रा, उपपरीक्षा नियंत्रक डॉ. रहमान और शास्वत शुक्ला आदि कर्मचारी उपस्थित रहे। स्मार्टफोन पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे। विद्यार्थियों ने बताया कि स्मार्टफोन मिलने से ऑनलाइन लर्निंग में आसानी होगी।

## ई-रिक्शा चालक से मारपीट कर की लूटपाट

**लखनऊ।** कल्ली पश्चिम में मेला देखकर लौट रहे ई-रिक्शा से चालक और उसके साथियों से बदमाशों ने मारपीट की। बदमाशों ने चालक से ई-रिक्शा समेत नकदी व मोबाइल लूट लिया और भाग निकले। पीड़ित ने पीजीआई कोतवाली में नामजद तहरीर दी।

## अवैध पिस्टल के साथ एसटीएफ ने धरा

**लखनऊ।** एसटीएफ ने अवैध शस्त्रों की तस्करी करने वाले गिरोह के एक सदस्य साकिब को प्रदेश के मेरठ जिले के थाना लालकुर्ती क्षेत्र के मेरठ - मवाना रोड कसेरूखेडा तिराहा से गिरफ्तार किया है। जिसके पास से दस पिस्टल 32 बोर और मैगजीन मैगजीन तथा आधार कार्ड और मोबाईल तथा दो सौ रुपए नकद और एक स्कूटी बरामद की है। एडीजी यूपी एसटीएफ/कानून व्यवस्था अमिताभ यश ने बताया कि यूपी एसटीएफ को लगातार जानकारी मिल रही थी कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिलों में अवैध शस्त्रों की तस्करी करने वाला गिरोह के सक्रिय है ।इस पर एसटीएफ की फील्ड यूनिटों को लगाया गया। एडिशनल एसपी बृजेश कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में कार्रवाई शुरू हुई तो एसटीएफ को पता चला कि शस्त्रों की तस्करी करने वाले गिरोह का एक सदस्य भारी मात्रा में अवैध पिस्टल के साथ मवाना रोड स्थित कसेरूखेडा तिराहे पर खड़ा है।

# मकान की फर्जी रजिस्ट्री दिखाकर हड़पे 16 लाख

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गोमतीनगर स्थित पंचशील अपार्टमेंट की फर्जी रजिस्ट्री दिखाकर जालसाज ने एक शख्स से 16 लाख रुपए हड़प लिए। फिर फ्लैट को रिश्तेदार के हाथ बेच दिया। ठगी की जानकारी होने पर पीड़ित ने रुपए मांगे, तो आरोपित गाली-गलौज करने लगा। यह आरोप लगाकर पीड़ित ने विभूतिखंड थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने यह रिपोर्ट एसीपी के निर्देश पर दर्ज किया हैं। मिली जानकारी के अनुसार गोमतीनगर के वास्तुखंड निवासी हर्षित जायसवाल के मुताबिक उनकी मुलाकात फहद अहमद सिद्दीकी निवासी क्र नया नगर सिरवारा रोड घरहा सुल्तानपुर से हुई। इसी दौरान फहद अहमद ने उसे पंचशील अपार्टमेंट के एक फ्लैट को अपना बताकर रजिस्ट्री की कॉपी दिखाया और कहा कि यह फ्लैट वह बेचना चाहता है। हर्षित ने बताया कि वह फ्लैट खरीदना चाहता था, लिहाजा बातचीत के दौरान 16 लाख रुपए में बात तय हो गयी। पीड़ित ने धीरे-धीरे करके आरोपित को रुपए खाते में ट्रांसफर कर दिया। पूरे रुपए देने के बाद पीड़ित ने फहद अहमद से फ्लैट की रजिस्ट्री करने के लिए कहा, तो वह टाल-मटोल करने लगा। कुछ दिन बाद आरोपित हर्षित का भी फोन उठाना बंद कर दिया। हर्षित ने बताया कि आशंका होने पर जब वह जानकारी जुटाने लगे, तो पता चला कि वही प्लैट फहद ने अपने मामू मो. आजम अहमद को बेच दिया, जिसमें वह रहने भी लगे है। यह जानकारी मिलने के बाद पड़ित ने अपने रुपए वापस मांगे , जिसपर आरोपित गाली-गलौज करने लगा। इंस्पेक्टर विभूतिखंड ने बताया कि एसीपी के निर्देश पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही हैं।

**मोबाइल हैंक कर लिया साढ़े तेरह लाख का लोन:** आशियाना थाना क्षेत्र में रिटायर्ड कर्नल का मोबाइल हैक कर सालसाजों ने 13,51,151 रुपए का लोन करा लिया। बैंक द्वारा लोन वापसी के नाम पर 80 हजारों रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। जिसपर पीड़ित ने साइबर सेल सहित पुलिस से लिखित शिकायत की है। आशियाना इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया कि जलवायु विहार में रहने वाले कर्नल वी के शर्मा आर्मी से सेवानिवृत्त हैं। उन्होंने अपने मकान के दूसरी मंजिल पर ग्रीन गैस कनेक्शन का आवेदन किया है। पीड़ित के अनुसार 10 जून की सुबह उनके मोबाइल फोन नम्बर पर एक अंजान मोबाइल फोन से काल आया और कालर ने उनसे उनका ग्रीन गैस कनेक्शन सक्रिय करने की बात कहते हुए उनके वाट्सएप पर एक लिंक भेजा। जिस पर उसने आईसीआईसीआई बैंक एकाउंट से नेट बैंकिंग द्वारा 10 रुपए भेज दिया। पीड़ित का कहना था कि उसके एकाउंट से पैसे भी नहीं कटे और फोन डिस्कनेक्ट हो गया। जिसपर उन्होंने शंका होने पर बैंक शाखा गए तो उन्हें मालूम हुआ कि किसी ने उनका मोबाइल फोन हैंक कर 13,51,151 रुपये का लोन उनके खाते मे ट्रांसफर करा दिया था। जिसकी जानकारी होने पर उन्होंने अपना बैंक खाता ब्लॉक करा लोन वापसी की बात बैंक से की। आरोप है कि बैंक द्वारा उनसे लोन वापसी के नाम पर 80 हजार रुपये जुमार्ना लगाए जाने की जानकारी दी है।

# पुलिस व बदमाशों के बीच मुठभेड़, चार घायल

- कई बदमाश पुलिस ने दौड़ाकर पकड़े, खोली लूट की घटनाएं
- असलहा और कारतूस के साथ बरामद हुआ लूट का माल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी के बाराबंकी और ललितपुर व कौशांबी जिले में चेकिंग के दौरान पुलिस और बदमाशो में हुई मुठभेड़ पुलिस की गोली लगने से चार बदमाश घायल हो गए। जबकि इनके कई साथियों को पुलिस ने दौड़ाकर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने लूट की घटनाओं का भी खुलासा किया ।बदमाशो के पास से लूटा गया माल और असलहे व कारतूस बरामद किया है ।पुलिस के मुताबिक यूपी के ललितपुर जिले के थाना तालबेहट पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम की ने बदमाशों की घेराबन्दी की तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस टीम की फायरिंग में दो शातिर अवधेश और जितेन्द्र घायल हो गये ।पुलिस ने दोनो को घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लूट की घटना का खुलासा किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपियों की निशादेही पर रेलवे स्टेशन के पास से अपराधी अनिल और शिवदयाल को भी गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से लूट के चार लाख 82 हजार 126 रुपए नगद और दो ' मोबाइल फोन तथा दो अवैध तमंचा और जीवित तथा खोखा कारतूस बरामद किया। पुलिस ने घायल बदमाशो को उपचार हेतु अस्पताल भेजा ।पुलिस की माने को बीती दस जून को थाना तालबेहट क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों ने लूट की घटना को अंजाम दिया था ।जिसको लेकर थाना तालबेहट पर मुकदमा दर्ज हुआ था ।पुलिस घटना के अनावरण में लगी थी ।पकड़े गए बदमाशो के पास से बरामद रूपया इसी लूट की घटना से सम्बन्धित है।

पुलिस के मुताबिक यूपी के कौशाम्बी जिले के थाना सैनी और थाना मंझनपुर व क्राइम ब्रान्च की टीम की मधवामई के पास चेकिंग के दौरान बदमाशो के साथ हुई मुठभेड़ में मो0समीर घायल हो गया ।पुलिस ने उसके दो साथी गौरव और बादल को दौड़ाकर गिरफ्तार कर लूट की घटना का खुलासा किया ।जिनके पास से लूट के तीन लाख 69 हजार रुपए नगद और तीन अवैध तमंचा और जीवित तथा खोखा कारतूस और एक मारूती कार बरामद हुई ।पुलिस ने घायल बदमाशो को उपचार के लिए अस्पताल भेजा ।पुलिस की माने तो बीती दस जून को थाना सैनी क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों ने लूट की घटना को अंजाम दिया था ।इसको लेकर थाना सैनी पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे ।पकड़े गए बदमाशो से बरामद रूपया लूट की घटना से सम्बन्धित है।

पुलिस के मुताबिक प्रदेश के बाराबंकी जिले के थाना रामसनेहीघाट पुलिस की बनीकोडर से ठठेहरा जाने वाली रोड के पास जंगल में बदमाश की घेराबन्दी की तो बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस टीम की फायरिंग में पुरस्कार घोषित बदमाश गोविन्द घायल हो गया ।जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा तथा जीवित और खोखा कारतूस बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया ।पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी शातिर किस्म का अपराधी है। इसके विरूद्ध जनपद बाराबंकी के विभिन्न थानो में डकैती और लूट तथा चोरी और गैंगेस्टर एक्ट तथा आर्म्स एक्ट के करीब ग्यारह मुकदमें दर्ज है।

**लखनऊ नगर निगम जलकल विभाग, जोन-1, लालबाग, लखनऊ**

पत्र सं. : 305/EE-1/नि. दिनांक : 12.06.2024

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित आपूर्ति/कार्यों पृथक-पृथक निविदायें इस कार्यालय में दिनांक 19.06.2024 अपरान्ह 2.30 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं, जो दिनांक 19.06.2024 को अपरान्ह 3.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगी। सम्बन्धित कार्य की निविदा प्रपत्र अधिशासी अभियन्ता जोन-1 जलकल विभाग नगर निगम लखनऊ के कैश काउण्टर से निर्धारित शुल्क (Non-Refundable) जमा करके प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा की शर्तें निविदा प्रपत्र में उल्लिखित है, जो किसी भी कार्यदिवस में अवलोकित की जा सकती है। निविदा के साथ वांछित धरोहर राशि जमा करना अनिवार्य है। किसी भी या समस्त निविदाओं को बिना कोई कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में विदित है।

| क्र. सं. | कार्य/आपूर्ति का विवरण | निविद शुल्क(रु.) | धरोहर धनराशि(रु.) | कार्य/आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | जोन-1 अन्तर्गत गोखले मार्ग स्थित सुल्तानगंज पुलिस चौकी के पास 250एम.एम. ब्यास की ए.सी. पाइप लाइन मरम्मत का कार्य। | 100.00 | 2100.00 | 07 दिवस |

अधिशासी अभियन्ता जोन-1
जलकल विभाग

# एक कलाकार को थिएटर जीवन और संबंधों को समझने का मौका देता है : इला अरुण

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** गायिका और अभिनेत्री इला अरुण के लिए रंगमंच आनंद का सर्वोच्च स्त्रोत है। जहां पहुंचकर कुछ और पाने की ख्वाहिश नहीं रह जाती। लोग उन्हें राजस्थानी लोक गीतों में पॉप की धड़कन के लिए जानते हैं, पर वह रंगमंच को मानती हैं अपना पहला प्रेम। गायिका और अभिनेत्री इला अरुण के लिए रंगमंच आनंद का सर्वोच्च स्त्रोत है। जहां पहुंचकर कुछ और पाने की ख्वाहिश नहीं रह जाती। 'सुरनाई थियेटर एंड फोक आर्ट फाउंडेशन' की संस्थापक इला अरुण से उनके रंगमंच पर हुई बातचीत के अंश।

**संगीत को एक नई धड़कन देने वाली इला अरुण बहुत समय से संगीत की दुनिया में नजर नहीं आ रहीं, कहां गुम हैं ?**

संगीत की दुनिया से गुम नहीं हूं, कुछ मसरूफ हूं। मैं इन दिनों अपने नाटक 'पीर गनी' को लेकर दर्शकों के बीच हूं। पहले मुंबई में इसके शो हुए, फिर जम्मू अब श्रीनगर जाने का इरादा है और देश के कई अन्य भागों में भी यह नाटक खेलेंगे हम। पीर गनी वास्तव में नार्वेयिन लेखक हेनरिक इब्सन के नाटक 'पीर गिंट' का भारतीय रूपांतरण है। जिसे मैंने स्वयं रूपांतरित किया है। हमारे समूह सुरनाई थिएटर एंड फोक आर्ट फाउंडेशन के लिए के.के. रैना ने इसका निर्देशन किया है। रैना और मैं इस नाटक को लीड कर रहे हैं।

**नाटक में दिलचस्पी कैसे हुई ?**

रंगमंच तो मेरे लिए पहला प्यार है। मैंने एनएसडी से एक्टिंग में शॉर्ट टर्म कोर्स किया है। लंबे समय से थिएटर भी करती रही हूं। 1992 में मैंने अपना फॉर्मल ग्रुप बनाया जिसमें वीरेंद्र राजदान, विजय कश्यप और के.के. रैना जैसे मंझे हुए कलाकारों का साथ मिला। मैंने कई नाटकों का अनुवाद किया है। मेरा लिखा नाटक छोटा कश्मीर खूब चर्चित हुआ। अभी भी कई नाटकों पर काम कर रही हूं। थिएटर जीवन और संबंधों को समझने की समझ देता है। पति-पत्नी के संबंधों पर मैंने एक नाटक लिखा 'रियाज। जैसे अच्छी गायकी के लिए लगातार रियाज की जरूरत होती है, उसी तरह पति-पत्नी के संबंध भी ऐसे हैं कि इन्हें निभाने के लिए लगातार भावनाओं के रियाज की जरूरत होती है। इसी को मैंने इस नाटक में रेखांकित किया। जब कुछ नहीं कर रही होती तो समझिए कि थिएटर ही कर रही हूं। घर चलाने के लिए कुछ तो करना ही पड़ता है, सो बाकी सब चलता रहता है, लेकिन अगर आप जिम्मेदार नागरिक हैं तो थिएटर उस जिम्मेदारी को निभाने का मौका देता है।

**एक देश के रंगमंच को दूसरे देश की संवेदनाओं तक पहुंचाने के लिए किस किस्म की मेहनत करनी पड़ती है ?**

किसी भी नाटक को पढ़कर या देखकर हम जो पहली बार महसूस करते हैं, असल में वही रंगमंच की मूल भावना है। रंगमंच ऐसी भाषा है जो सारी दुनिया समझती है। फिर चाहे वहां की मूल भाषा, मूल पहनावा या रहन-सहन कुछ भी हो। थिएटर असल में इंसानियत की तमीज सिखाता है। इस इंसानियत को एक परिवेश से उठाते हुए दूसरे परिवेश में लाना ही एडॉप्टेशन है। इसके लिए थोड़ी सी मेहनत, थोड़ा सा शोध और आत्मीय संवेदनाएं चाहिए होती हैं। 1992 में मैंने जब यह समूह बनाया तो इसका नाम रखा सुरनाई। सुरनाई राजस्थानी में शहनाई को कहते हैं। इसे इत्तेफाक ही कहेंगे कि कश्मीरी लोक में भी शहनाई से मिलते-जुलते वाद्य को सुरनाई ही कहा जाता है। यह मूल संवेदनाओं का मेल है। धीरे-धीरे इस समूह में जम्मू-कश्मीर से संबंध रखने वाले कई कलाकार और युवा प्रतिभाएं जुड़ती चली गईं। के. के. रैना, विजय कश्यप, वीरेंद्र राजदान आदि ने इस मेल और स्नेह को और बढ़ाया। इस तरह कश्मीर बार-बार मेरी जीवन यात्रा में आता-जाता रहा है।

**आप नाटक के बाद भी रोल में गुम नजर आती हैं और हर बार भावुक हो जाती हैं। यह भूमिका की कामयाबी है या व्यक्तित्व की कमजोरी ?**

यह सच है कि मैं हर बार बहुत भावुक हो जाती हूं। नाटक खत्म होने के बाद भी मुझ पर जैसे उन्हीं भावनाओं का हैंगओवर रहता है। मैं कैरेक्टर से बाहर नहीं निकल पाती। मेरे लिए यही साधना है। यह तभी संभव है जब आप पूरी तरह रोल में शामिल हो जाएं। उसकी संवेदनाओं में स्वयं को उतार ले जाएं। मैं हैरान होती हूं उन लोगों को देखकर जो मेकअप करते-करते आते हैं, रोल करते हैं और दूसरी असाइनमेंट या प्रोग्राम के लिए चले जाते हैं। उनके लिए शायद यह काम है, पर हमारे लिए यह आनंद का परम स्त्रोत है। इसमें दाखिल होने के बाद हमें किसी और आनंद की जरूरत ही नहीं पड़ती।

**सामाजिक जिम्मेदारियों के लिए रंगमंच कितना मददगार हो सकता है ?**

इंसान को इंसान समझने के लिए जिस समझ की जरूरत होती है, रंगमंच वह समझ आपको सिखाता है, जो थिएटर से किसी भी तरह से जुड़े हैं वे जानते हैं कि अगर थिएटर उनकी जिंदगी में नहीं होता तो कितना कुछ कम होता। कोई एक नाटक एक या दो घंटे की अवधि में वह सब कुछ कह जाता है जिसे समझने के लिए शायद पूरी जिंदगी कम पड़ जाती है। लोगों को गुम हो रही संवेदनाओं के प्रति जागरूक करने में सबसे ज्यादा मजबूत भूमिका अदा करता है रंगमंच। यह दुनिया की सबसे सुंदर और आत्मीय भाषा है।

# गीत संग्रह 'गीत हुए बंजारे' का लोकार्पण



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश साहित्य सभा द्वारा आज कवि अशोक अवस्थी के प्रथम गीत संग्रह 'गीत हुए बंजारे' का लोकार्पण प्रेस क्लब में वरिष्ठ गीतकार डॉ सुरेश , अवधी साहित्यकार डॉ राम बहादुर मिश्र डॉ अमिता दुबे व स्माइलमैन सर्वेश अस्थाना तथा डॉ शिवभजन कमलेश ने किया। लखनऊ के साहित्यकारों से खचाखच भरे हाल में हुये उत्सव में योगी योगेश के संचालन में प्रतिभा श्रीवास्तव की वाणी वन्दना के उपरांत वक्ताओं ने अपने विचार प्रकट किये। मुख्य अतिथि डॉ सुरेश ने कहा - अशोक के गीत हृदय स्पंदन का भावनात्मक रूपांतर है। सर्वेश अस्थाना ने कहा इनके गीत वर्तमान की त्रासदी का आईना हैं साथ ही उनसे सावधान रहने की चेतावनी भी हैं। डॉ राम बहादुर मिश्र- अशोक जी के गीतों में अवध की सांस्कारिक माटी की सुगंध है। डॉ अमिता दुबे ने कहा गीतों का भाव और कला पक्ष दोनों ही पुष्ट हैं। डॉ शिवभजन कमलेश इनके गीत आध्यात्मिक शांति के साथ सांसारिक मोह माया का प्रतिनिधित्व करते हैं। इस अवसर पर पं आदित्य द्विवेदी, डॉ ओम नीरव, शोभा दीक्षित भावना ने भी अपने विचार प्रकट किए। स्वयं अशोक अवस्थी ने अपने दो गीतों का पाठ भी किया। लोकार्पण में अशोक झंझटी, राजीव वत्सल , नरेंद्र भूषण, कमल किशोर भावुक, सत्या सिंह, अशोक अज्ञानी, डॉ सुभाष रसिया, पप्पू अवस्थी संतोष सिंह, महेश घावरी, सुभाष गुरुदेव, डॉ संदीप शर्मा, किशोर त्रिवेदी, तमाचा लखनवी सहित लगभग डेढ़ सौ साहित्यकार उपस्थित हुए।

# आकर्षण का केंद्र बनेगा लखनऊ का हुस्नआरा आम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)






**लखनऊ।** आम की यह खास वैरायटी राजधानी लखनऊ के मलिहाबाद क्षेत्र में पैदा होती है। इसी क्रम में एक बार फिर लखनऊ में दुनिया का सबसे खूबसूरत हुस्नआरा आम इस समय आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। हुस्नआरा आम में मिठास के साथ साथ खूबसूरती भी है। लखनऊ के मलिहाबाद क्षेत्र से आम पूरे देश और विदेश में सप्लाई होता है। बीते 13 वर्षों से आम की अलग-अलग वैरायटी की बागवानी करने वाले मलिहाबाद क्षेत्र के हमिरापुर के ग्राम प्रधान जुनैद अहमद ने बताया कि इस आम की खूबसूरती का अंदाज इस बात से लगाया जा सकता है कि यह यह मांग के बाद मार्केट में गायब हो जाता और इसे लोग घरों में सजाकर रखते हैं।

**हुस्नआरा आम के हुस्न की कहानी:** आम के किसान जुनैद बताते हैं कि मिजार्गंज निवासी मिर्जा हसनू की पुत्री हुस्नआरा के नाम पर इस आम का नाम रखा गया खुशीर्दाबाद के नवाब ने इसका नाम रखा था। यह आम दूसरे आमों से स्वाद और रंग रूप में बिल्कुल अलग है। आम की यह किस्म अपनी खूबसूरती के चलते किसानों को अच्छा मुनाफा भी दिलाती है। बाजार में इस आम की कीमत , 200 से लेकर 300 रुपए किलो तक होती है।

**हुस्नआरा आम की खासियत :** हुस्नआरा आम का रंग सुर्ख होता है। जब यह कच्चा होता है तो हरे रंग का दिखाई देता है लेकिन पकने के बाद यह आम सुनहरा ,पीला और सुर्ख लाल हो जाता है। इस आम का छिलका काफी पतला और कश्मीरी सेब की तरह होता है। यह आम नाम के अनुरूप अपनी खूबसूरती के लिए भी पूरे विश्व में मशहूर है।

**हुस्नआरा आम की कीमत 200 रुपए किलो:** ग्राम प्रधान जुनैद बताते हैं कि मिजार्गंज निवासी मिर्जा हसनू की पुत्री हुस्नआरा के नाम पर इस आम का नाम रखा गया खुशीर्दाबाद के नवाब ने इसका नाम रखा था। यह आम दूसरे आमों से स्वाद और रंग रूप में बिल्कुल अलग है. आम की यह किस्म अपनी खूबसूरती के चलते किसानों को अच्छा मुनाफा भी दिलाती है। बाजार में इस आम की कीमत 200 रुपए किलो तक होती है।

**खाड़ी देशों में होता है आम का निर्यात:** बता दें कि देश के कुल आम उत्पादन का लगभग 40 प्रतिशत अकेले उत्तर प्रदेश में होता है। लखनऊ से यूरोप, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड व खाड़ी के देशों में आम का निर्यात होता है। विश्व प्रसिद्ध मलिहाबादी दशहरी आम का दुबई, मस्कट, बहरीन और यूएई में भी जाता है। साल भर के इंतजार के बाद आखिरकार अब समय आम का कारोबार शुरू होने होने वाला है। मलिहाबाद में लगने वाली अस्थायी मंडी एक बार फिर से सजने की तैयारी है। गर्मी के बावजूद देश के विभिन्न हिस्सों से खरीदार पहुंच रहे हैं।

### पतला छिलका और कश्मीरी सेब जैसा लुक

हुस्नआरा आम का रंग सुर्ख होता है। जब यह कच्चा होता है तो हरे रंग का दिखाई देता है, लेकिन पकने के बाद यह आम सुनहरा, पीला और सुर्ख लाल हो जाता है। इस आम का छिलका काफी पतला और कश्मीरी सेब की तरह होता है। यह आम नाम के अनुरूप अपनी खूबसूरती के लिए भी पूरे विश्व में मशहूर है।

### एक पेड़ से किसान को 20 हजार तक की आमदनी

प्रधान जुनैद अहमद के पास अपने बाग हैं, उनकी मानें तो, मलिहाबाद में हमारे बाग में तरह-तरह के आम आते हैं, जिसमें काफी ज्यादा जिनकी मांग रहती है, उसमें हुस्नआरा आम एक है। इसके साथ-साथ ही लंगड़ा, सफेदा, दशहरी आम भी हमारे बाग में लगते हैं, जिसकी हम देश-विदेश में सप्लाई करते हैं। उन्होंने बताया कि आम का उत्पादन भी काफी अच्छा है जिसके चलते एक पेड़ से किसान को 20 हजार रुपये तक की आमदनी हो जाती है। इस आम की सबसे बड़ी खासियत है कि पेड़ लगाने के 3 साल के भीतर ही यह फल देने लगता है। इस पेड़ से कोई बच्चा भी बड़े आसानी से फल को तोड़ सकता है। जमीन से 6 इंच ऊपर इस किस्म के पेड़ में फल लगने लगते हैं।

### खूबसूरती के चलते हुस्नआरा दूसरे आम से है महंगा

आम की मौजूद हर किस्म की अपनी एक अलग खासियत है। हुस्नआरा आम को उगाने वाले किसान उपेंद्र सिंह ने बताया यह आम अपनी खूबसूरती के लिए एक अलग पहचान रखता है। इस आम की विदेशों में काफी डिमांड रहती है। आम की दूसरी वैरायटी लंगड़ा, चौसा और दशहरी के मुकाबले हुस्न आरा 200 से 300 रुपये किलो तक बाजार में बिकता है आम का उत्पादन भी काफी अच्छा है जिसके चलते एक पेड़ से किसान को 20000 तक की आमदनी हो जाती है। इस आम की सबसे बड़ी खासियत है कि पेड़ लगाने के 3 साल के भीतर ही यह फल देने लगता है। इस पेड़ से कोई बच्चा भी बड़े आसानी से फल को तोड़ सकता है। जमीन से 6 इंच ऊपर इस किस्म के पेड़ में फल लगने लगते हैं।

# आज से गुरु की बदलेगी चाल तीन राशियों के लिए शुभ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ज्योतिष में देवगुरु बृस्पति को सुख-सौभाग्य का कारक माना गया है। मान्यता है कि कुंडली में गुरु ग्रह के शुभ स्थिति में होने पर गुण-ज्ञान की प्राप्ति होगी और जीवन सुख-सुविधाओं में व्यतीत होता है। हर कार्य में भाग्य साथ देता है। वहीं, गुरु के अशुभ प्रभाव से व्यक्ति को जीवन में कई कष्टों का सामना करना पड़ सकता है। दृक पंचांग के अनुसार, गुरु ग्रह 1 मई से वृषभ राशि में विराजमान हैं और इस साल राशि परिवर्तन नहीं करेंगे। लेकिन 13 जून 2024 को सुबह 06 बजकर 27 मिनट पर गुरु रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करेंगे और 20 अगस्त तक इसी नक्षत्र में उपस्थित रहेंगे। गुरु के नक्षत्र परिवर्तन से कुछ राशियों को बेहद शुभ फल मिलने वाला है। धन, सुख-संपत्ति में वृद्धि के योग बनेंगे। सामाजिक पद-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। कार्यों में आ रही अड़ने दूर होंगी। आइए जानते हैं गुरु गोचर से किन राशियों की चमकेगी किस्मत ?

**मेष राशि :** आय के नए स्त्रोतों से धन लाभ होगा। धन-दौलत में वृद्धि के योग बनेंगे। प्रॉपर्टी से जुड़े विवाद समाप्त होंगे। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। संतान पक्ष से शुभ समाचार मिलेंगे। विद्यार्थियों के लिए उत्तम समय रहेगा।

**कर्क राशि :** गुरु गोचर से कर्क राशि वालों को बंपर लाभ होगा। नौकरी-कारोबार में तरक्की के कई मौके मिलेंगे। लंबे समय से रुके हुए कार्य के अच्छे रिजल्ट मिलेंगे। व्यापार से जुड़ी दिक्कतों से छुटकारा मिलेगा। विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में अपार सफलता मिलेगी। घर में मांगलिक कार्यों के आयोजन के लिए धन खर्च होगा।

**तुला राशि :** गुरु गोचर से तुला राशि वालों की किस्मत चमक जाएगी। भौतिक सुख-सुविधाओं में जीवन व्यतीत करेंगे। हर कार्य के उम्मीद से बेहतर परिणाम मिलेंगे। वैवाहिक जीवन की परेशानियां दूर होंगी। अविवाहितों का शादी-विवाह तय हो सकता है।

# जीवन के अनुभव से प्रेरित एक अनोखी चित्रकला प्रदर्शनी शुरू

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** वातावरण सभी के लिए समान है, यह सभी के साथ एक जैसा व्यवहार करता है, इसलिए हम सभी एक खुशहाल जीवन जीने के हकदार हैं लेकिन गरीबी कुछ मनुष्यों के लिए इसमें बाधा बनती है। ऐसे ही ज्वलंत और सम्मोहक दृश्य कथा के माध्यम से गरीबी और समृद्धि के विषयों की पड़ताल करती हुई श्रीलंका के मूल निवासी और कला एवं शिल्प महाविद्यालय लखनऊ से दृश्यकला में हालही में मास्टर्स पूर्ण किये चित्रकार के. मैथिसकुमार के कलाकृतियों की एक चित्रकला प्रदर्शनी बुधवार को लगाई गयी। यह प्रदर्शनी उत्तर प्रदेश राज्य ललित कला अकादमी, कैशरबाग, लखनऊ में श्रीलंकाई कलाकार के. मैथिसकुमार द्वारा एकल दृश्य कला प्रदर्शनी पावर्टी एंड प्रोस्पेरिटी लगाई गयी। प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि, कॉलेज ऑफ आर्टएंड क्राफ्ट, लखनऊ विश्वविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर रतन कुमार और विशिष्ट आमंत्रित अतिथियों में कला एवं शिल्प महाविद्यालय के प्रो. आलोक कुमार, रविकांत पांडे और चित्रकार, क्यूरेटर व कला लेखक भूपेन्द्र कुमार अस्थाना ने दीप जलाकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रोफेसर रतन कुमार ने कहा कि मैथिसकुमार ने न केवल काम को लगातार किया है बल्कि दोनों देशों, भारत और श्रीलंका के बीच संबंधों को भी मजबूत किया है। ₹ प्रोफेसर आलोक कुमार ने कहा, मैं छात्रों से सांस्कृतिक आदान-प्रदान और कलात्मक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए अपने देशों में भी इसी तरह की प्रदर्शनियां आयोजित करने का आग्रह करता हूं। कलाकार व कला लेखक भूपेन्द्र अस्थाना ने भी मैथिसकुमार को उनके शो के लिए बधाई देते हुए कहा, आपका काम युवा पीढ़ी के लिए वास्तव में प्रेरणादायक है और हम सभी को अपनी कलात्मक गतिविधियों में गहराई से उतरने के लिए प्रोत्साहित करता है। के. मैथिसकुमार का काम एक ज्वलंत और सम्मोहक दृश्य कथा के माध्यम से गरीबी और समृद्धि के विषयों की पड़ताल करता है। उनकी कला मानव अस्तित्व के द्वंद्व और हमारी दुनिया को आकार देने वाले सामाजिक-आर्थिक विभाजन को दर्शाती है।

# बच्चों ने किया हरिनाम संकीर्तन एवं योगा



**लखनऊ।** श्री श्री राधा रमण बिहारी मंदिर (इस्कॉन) सुशांत गोल्फ सिटी, लखनऊ द्वारा 05 से 15 वर्ष के बच्चों के समग्र विकास हेतु आयोजित समर कैम्प के चतुर्थ दिवस अचिन्त्य रुपिणी माताजी (धर्मपत्नी श्रीमान अपरिमेय श्याम प्रभुजी, मन्दिर अध्यक्ष, इस्कॉन, लखनऊ) द्वारा बच्चों को योगा, मटकी की सजावट, श्रीकृष्ण की लीलाओं पर आधारित नाटक का अभ्यास कराया गया ' साथ ही साथ इस्कॉन का सुप्रसिद्ध नृत्य एवं कीर्तन हुआ।


## कार्यालय नगर निगम, शाहजहाँपुर

पत्रांकः 408/पी.आर.ओ./ज.क.वि./न.नि.- शाह/2024-25 दिनांक 12/06/2024

**ई-निविदा सूचना**

15वें वित्त आयोग अन्तर्गत प्राप्त स्वीकृति कार्यवृत्त रां0-481 दिनांक 27.12.2023 के अनुपालन में नगर निगम, शाहजहाँपुर के जलकल विभाग में निम्न कार्यों हेतु अनुभवी पंजीकृत / अपंजीकृत फर्मों/ ठेकेदारों से दिनांक 05/7/2024 की अपरान्ह 03.00 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जो तद् दिनांक 05/17/2024 को अपरान्ह 04:00 बजे खोली जायेंगी। ई-निविदा प्रणाली की समस्त कार्यवाही वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर की जायेगी। कार्यों का विवरण निम्न प्रकार है :-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित धनराशि रू. में जी.एस.टी. रहित। | घरोहर धनराशि रू. में | निविदा प्रपत्र मूल्य रू. में | GST धनराशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड सं.-15 गो. बाबूजई में 10 एच.पी. गिनी नलकूप का अधिष्ठापन कार्य। | 32,97,401.00 | 3,29,740.00 | 3300.00 | 594.00 | |
| 2. | वार्ड सं.-31 गो. ककरा में 10 एच.पी. गिनी नलकूप का अधिष्ठापन कार्य। | 32,92,268.00 | 3,29,226.00 | 3300.00 | 594.00 | कार्य की अवधि 03 माह |
| 3. | वार्ड सं.-55 गो. मामुड़ी महमद हद्दफ में रेलवे लाइन से पाल शिव मन्दिर तक एवं शिव मन्दिर से पाल स्वीट्स हाउस तक पेयजल पाइप लाइन विस्तार कार्य । | 6,11,292.00 | 61,129.00 | 600.00 | 108.00 | |

ई-निविदा का निविदा शुल्क नगर निगम, शाहजहाँपुर के बैंक A/c No. 50200017927485, IFSC-HDFC0000869, HDFC, शाहजहाँपुर एवं धरोहर धनराशि नगर निगम के खाता सं.- 50265293184, IFSC कोड - IDIB000C632 इंडियन बैंक, गोविन्दगंज, शाहजहाँपुर में जमा कराने उपरान्त मूल प्रति ई-निविदा के साथ अपलोड करनी होगी। 01 अथवा रामस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा, जिसके लिये किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। निर्धारित तिथि को अवकाश आदि की स्थिति में अग्रिम कार्य दिवस माना जायेगा तथा किसी प्रकार के संशोधन की सूचना वेबसाइट पर अपलोड की जायेगी।

**नगर आयुक्त**


# हॉरर व कॉमेडी से भरपूर है आदित्य सरपोतदार की 'मुंज्या'

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




- ऐक्टर : अभय वर्मा, शरवरी वाघ
- डायरेक्टर : आदित्य सरपोतदार

**रेटिंग-2.5/5**

लखनऊ। बॉलीवुड में हॉरर फिल्मों की अपनी एक लॉयल ऑडियंस हमेशा से रही है, मगर बीते कुछ साल में हॉरर-कॉमिडी का एक नया जॉनर सामने आया है, जिसने हिंदी सिनेमा प्रेमियों को खूब आकर्षित किया। उसी ऑडियंस को ध्यान में रखकर मेकर्स 'स्त्री', 'भेड़िया', 'रूही' जैसी हॉरर-कॉमिडी के साथ पेश हुए। निर्देशक आदित्य सरपोतदार की 'मुंज्या' भी इसी सिलसिले को आगे बढ़ाती है। फिल्म में कंप्यूटर से बनाए गए ग्राफिक्स से बनाया गया एक संपूर्ण किरदार नया प्रयोग है।

हॉरर और कॉमिडी भी खूब है, बस कहानी पर थोड़ी-सी और मेहनत होनी चाहिए थी। कहानी का मूल महाराष्ट्र में प्रचलित 'मुंज्या' की दंतकथा पर आधारित है। मुंज्या उस भूत को कहा जाता है, जिसके मुंडन के दस दिनों के भीतर उसकी मौत हो जाती है और वो अपनी अतृप्त इच्छाओं के कारण भूत बन जाता है। कहानी की शुरूआत होती है 1952 कोकण के चैतुकवाड़ी नामक गांव से, जहां मुंज्या नामक दस साल का लड़का अपने से बड़ी उम्र की लड़की मुन्नी के प्यार में पागल है। वह मुन्नी को अपना बनाने के लिए अपनी बहन की नरबलि देकर काला जादू करने की हद तक चला जाता है, मगर वहां कुछ ऐसी अनहोनी होती है कि मुंज्या की मौत हो जाती है। इस अपशगुन को टालने के लिए परिवार और गांव वाले मुंज्या की अस्थियों को जंगल में उसी पेड़ के नीचे दफन कर देते हैं, जहां मुंज्या कर्मकांड कर रहा था। मगर मुंज्या की बेचैन आत्मा एक खतरनाक भूत का रूप धारण कर लेती है। सालों बाद (वर्तमान में) मुंज्या का वंशज बिट्टू (अभय वर्मा) अपनी मां (मोना सिंह) और दादी (सुहास जोशी ) के साथ अपने गांव जाता है, तो मुंज्या का भूत उस पर सवार हो जाता है। वह बिट्टू को डराकर, प्रताड़ित करके अपनी मुन्नी की तलाश करना चाहता है, ताकि वह मुन्नी से अपनी शादी की अधूरी ख्वाहिश को पूरा कर सके, मगर तभी उसकी नजर बिट्टू की प्रेमिका बेला (शरवरी वाघ) पर पड़ती है और वह बेला पर आसक्त हो जाता है। अब मुंज्या को बेला की बलि चढ़ाकर उसे अपना बनाना है और शादी करनी है। क्या मासूम बिट्टू बेला को मुंज्या के चंगुल से मुक्त कर पाएगा ? क्या उसका परिवार इस भूत के शाप से उबर पाएगा ?निर्देशक आदित्य सरपोतदार की फिल्म की सबसे बड़ी खूबी है उनका उखक यानी कंप्यूटर जनरेटेड इमेजेरी मुंज्या, जो पूरी फिल्म में एक किरदार की तरह छाया रहता है। ग्राफिक्स, विजुअल इफेक्ट्स और एनिमेशन से तैयार किया गया यह किरदार दर्शक के मन में शुरू से ही एक खौफ पैदा कर देता है और जैसे -जैसे कहानी आगे बढ़ती जाती है, इसके डर का कहर भी बढ़ता जाता है। फिल्म का फर्स्ट हाफ काफी कसा हुआ है, मगर सेकंड हाफ में कहानी थोड़ी-सी हिचकोले खाती है। हालांकि, हॉरर के साथ कॉमिडी का तड़का मजा देता है, मगर भूत भगाने वाले गुरु (सत्यराज) द्वारा आत्माओं की अदला-बदली जैसे दृश्यों में हॉरर और कॉमिडी के पंच बचकाने लगते हैं। सिनेमैटोग्राफर सौरभ गोस्वामी ने समंदर और जंगलों के दृश्यों में कलाकारी दिखा कर खूब खौफ पैदा किया है। फिल्म का बैकग्राउंड स्कोर दमदार है। संगीत की बात की जाए तो शरवरी वाघ का आइटम नंबर 'तरस' अच्छा बन पड़ा है। क्लाइमैक्स में आपको इस हॉरर-कॉमिडी की अगली कड़ी का इशारा भी मिलता है। अभिनय की बात की जाए, तो सभी कलाकारों ने दमदार अभिनय किया है। बिट्टू के रूप में अभय वर्मा की मासूमियत और डर ऑडियंस में भी डर को बनाए रखने में कामयाब रहा है। उन्होंने अपनी भूमिका को बखूबी निभाया है। बेला के रूप में शरवरी को एक हीरोइन होने का पूरा पैकेज मिला है, जिसमें हॉरर-कॉमिडी-रोमांस-नाच गाना सभी कुछ शामिल है और शरवरी ने उसका जमकर फायदा उठाया है।

संक्षेप

## ई श्रम कार्ड धारकों के मरणोपरांत आश्रितों को मिलेगी सहायता राशि

**देवरिया।** श्रम प्रवर्तन अधिकारी शशि सिंह ने पंजीकृत समस्त ई-श्रम कार्ड धारक मजदूरों तथा उनके आश्रितों को अवगत कराया है कि ऐसे ई-श्रम कार्ड धारक कर्मकार जिनका पंजीयन 31मार्च 2022 तक हुआ है तथा उनकी मृत्यु दुर्घटना अर्थात (अचानक, अत्याशित और बाह्य, हिसंक और दृश्यमान साधनों के कारण होने वाली अनैच्छिक घटना) के फलस्वरूप हुई है अथवा दुर्घटना के कारण दिव्यांग हो गये है को मृत्यु की दशा में दो लाख एवं दिव्यांगता की दशा में एक लाख रुपए की सहायता राशि दी जाएगी। समस्त ई-श्रम कार्ड धारक तथा उनके आश्रित मृत्यु होने की दशा में आवेदक का आधार कार्ड ई-श्रम कार्ड धारक का यू०ए०एन० सं०, मृत्यु प्रमाण पत्र, मृत्यु के कारण का चिकित्सा प्रमाण पत्र, पोस्टमार्टम रिपोर्ट / पंचनामा अस्पताल का डिस्चार्ज रिपोर्ट के साथ कार्यालय सहायक श्रम आयुक्त, विकास भवन परिसर देवरिया में आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

# मानव तस्करी और बाल विवाह रोकने के लिए आगे आये समाज : अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश

जिला संवाददाता(vol)



**देवरिया ।** जनपद न्यायाधीश देवेन्द्र सिंह के निदेर्शानुसार किशोर न्याय अधिनियम 2015 की धारा 107 के अन्तर्गत गठित विशेष किशोर पुलिस इकाई व ए.एच.टी.यू0 की मासिक बैठक रिजर्व पुलिस लाईन के प्रेक्षागृह में कार्यक्रम की अध्यक्षता सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी द्वारा किया गया। प्रत्येक माह में होने वाले जनपद में किशोर न्याय अधिनियम 2015 की धारा 107 के अन्तर्गत गठित विशेष किशोर पुलिस इकाई व ए.एच.टी.यू0 की मासिक बैठक में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा कहा गया कि बालकों के हितों के लिए सर्वोत्तम दृष्टिकोण अपनाते हुये समुचित देखरेख, संरक्षा, विकास, उपचार तथा समाज से पुनः मिलाने के माध्यम से उनको प्रोत्साहित किया जायें। उन्होंने कहा कि आज मानव तस्करी एक व्यापार का भयावह रूप लेते जा रहा हैं, बच्चों को अपहरण कर उससे भीख मॅगवाया जा रहा हैं तथा होटलों में कार्य करवाया जा रहा हैं जो बहुत ही निंदनीय हैं ऐसे घिनौने कार्यो के रोकथाम हेतु पुलिस विभाग को सख्ती से निपटने की जिम्मेदारियॉ दी गयी। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने बताया कि ऐसे घिनौने कार्य समाज को अपराध की ओर ले जाने का कार्य करता हैं। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे बालक जो लावारिस या अनाथ हैं उनकी सभी तरह की आवश्यकताओं की पूर्ति की जाये तथा उनके मूलभूत मानव अधिकारों की पूर्णतया संरक्षा की जाए तथा भीख मांगने की प्रवृत्ति को रोकने पर बल दिया जाए।बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन तथा भीड़-भाड़ वाले जगहों पर सहायता केन्द्र स्थापित किये जाये जिससे इस तरह के बच्चों की सहायता की जा सकें।बाल-विवाह जैसे गंभीर अपराधों को रोकने के लिए ग्रामीण स्तर, ब्लॉक स्तर, तहसील स्तर व जिले स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से आमजनमानस को जागरूक किया जायें। बच्चों के सुरक्षा, शिक्षा एवं सहायता पर विशेष ध्यान देते हेतु निर्देशित किया गया।ऐसे बालक जो मानसिक रूप से बीमार या शारीरिक रूप से असुविधाग्रस्त हैं अथवा असाध्य रोग से पीड़ित हैं, जिसकी सहायता या देखभाल करने वाला कोई नहीं या जिसके माता-पिता या संरक्षक नहीं हैं ऐसे बालकों को उनकी देखभाल करने का पूरी व्यवस्था की जायें। न्यायाधीश द्वारा बालकों की सुरक्षा एवं सहायता हेतु समाज को एक साथ आगे आने का आह्वान किया।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अपर पुलिस अधीक्षक बाल संरक्षण अधिकारी ए0एच0टी0यू0 प्रभारी सी0डब्ल्यूसी0, किशोर न्याय बोर्ड सदस्य वन स्टाप सेंटर प्रबंधक नीतू भारती एवं मनोवैज्ञानिक मीनू जायसवाल तथा जिले के समस्त निरीक्षक/उपनिरीक्षक, थानों के थानाध्यक्ष, पुरूष एवं महिला आरक्षी उपस्थित रहें

# जनता की समस्याओं का तत्काल करें निस्तारण : विजयलक्ष्मी

**देवरिया ।**राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने लार विकास खण्ड में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया कि 3 दिन के भीतर जनता की समस्याओं का निस्तारण कराया जाय।बिजली विभाग के अधिकारी,कर्मचारी विद्युत की समस्या का तुरन्त निदान करे।आम जनता को कोई परेशानी ना हो इसका विशेष ध्यान रखा जाय।राज्यमंत्री ने ग्राम प्रधानों का गांव के विकास में सहयोग करने और कार्य करने के बाद उनका भुगतान समय पर कराने का निर्देश दिए।राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने बिजली विभाग से संबंधित जनपद स्तरीय अधिकारी व लार जेई, एसडीओ को आदेशित किया कि बिजली की समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द कराया जाए। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र के गांवो के जर्जर तार, टूटे हुए खंभे तथा ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि बढ़ाये जाने के लिए बिजली



विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया।ग्राम प्रधानों के मनरेगा संबंधित जो भी पुराने भुगतान है उसको करने के लिए डीडीओ को आदेशित किया गया। राजस्व से संबंधित कई मामले प्रकाश में आये तहसीलदार सलेमपुर अलका सिंह को राज्यमंत्री ने निर्देशित किया कि राजस्व के कार्यों को अच्छी तरह से निपटारा किया जाए। सीओ सलेमपुर व थानाध्यक्ष लार को राज्यमंत्री ने निर्देशित किया कि जो भी समस्याएं हैं ग्रामीणों की उसका निस्तारण जल्द से जल्द करें। उन्होंने नलकूप विभाग के जेई को फटकार लगाते हुए कहा कि अपने एक्सियन को बोलना कि दोगारी मिश्र मे अभी अभी आदर्श ट्यूबवेल बना है जिसका सभी पाइप फट चुका है,गुलावा टूट गया है तुरंत बनवाए वर्ना कड़ी कार्यवाई होगीइस अवसर पर जिला विकास वत्स,प्रमोद सिंह,अमरनाथ सिंह, सलेमपुरजेई थाना प्रभारी कपिलदेव चौधरी,अनिल कुमार चौबे, रविशंकर मिश्र विजय गुप्ता,कृष्णमुरारी पाण्डेय,राजीव वर्मा आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने गौ संरक्षण केंद्र का किया निरीक्षण

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा द्वारा बुधवार कोप जंगल खड्डा स्थित गो संरक्षण केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दौरान जिलाधिकारी ने गो वंशो की उपलब्धता, भूसा, हरा चारा, छाए की व्यवस्था,पेय जल की उपलब्धता तथा पशुओं के चिकित्सा संबंधित सुविधाओं का निरीक्षण किया।



जिलाधिकारी ने निरीक्षण दौरान सर्वप्रथम विगत दिवसों में आए आंधी तूफान में उखड़े/टूटे टीन शेड को मरम्मत किए जाने सहित 4 - 5 शेड अलग से बनवाए जाने हेतु खण्ड विकास अधिकारी खड्डा को निर्देशित किए, साथ ही उन्होंने बजट मांग पत्र शासन को प्रेषित किए जाने का भी निर्देश दिया।

गो वंशो हेतु भूसे की पर्याप्त उपलब्धता हेतु ग्राम प्रधान व जन प्रतिनिधियों से भूसा दान हेतु अपील तथा अन्य ग्रामवासियों के द्वारा भी गो संरक्षण केंद्रों में भूसा दान तथा गो संरक्षण केंद्रों से लोगो के आत्मीय जुड़ाव हेतु लोगों को प्रेरित किए जाने हेतु ग्राम प्रधान को निर्देशित किया गया।

उन्होंने ने भीषण गर्मी के दृष्टिगत गो वंशो की सुरक्षा को लेकर चिंता जाहिर की गई, इस संबंध में पशु आश्रय स्थल के चारो तरफ पौधे लगवाने व छायादार वृक्ष जैसे पाकड़, पीपल, नीम के पौधे बीच में लगाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त आने वाले वर्षा मौसम के दृष्टिगत सभी सुविधाएं शीघ्र पूर्ण कर लिए जाने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। मौके पर उपस्थित पशु चिकित्साधिकारी को अपने कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही संज्ञान में आने पर रोष व्यक्त करते हुए कड़ी फटकार लगाई तथा अपने कार्यों में सुधार लाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने सभी संबंधित को आगाह करते हुए कहा की बेजुबान पशुओं के खाने पीने में कभी भी कोई कमी न होने पाए। उन्होंने मौके पर उपस्थित मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि गर्मी से पशुओं को तत्काल राहत दिलाने सहित 4- 5 शेड का निर्माण कार्य व मरम्मत का कार्य अपनी देख रेख में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें तथा पूर्व में हुए निर्माण कार्यों के संबंध में कार्यदायी संस्था से भी जवाब तलब किया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गुंजन दिवेदी, उप जिलाधिकारी खड्डा ऋषभ पुंडीर, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सहित खण्ड विकास अधिकारी खड्डा के साथ अन्य सभी संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## कारीगरों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

**देवरिया ।** उपायुक्त उद्योग खुशबू सिंह ने बताया है कि उ०प्र० सरकार द्वारा प्रदेश के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के स्थानीय दस्तकारों तथा पारस्परिक कारीगरों के विकास के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु जनपद के विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत ट्रेड बढई, नाई, दर्जी, लोहार राजमिस्त्री, हलवाई धोबी हेतु 775 का लक्ष्य प्राप्त हुआ हैं। योजनान्तर्गत परम्परागत कारीगर जैसे बढई, नाई, दर्जी लोहार राजमिस्त्री, हलवाई धोबी के आजिविका के साधनो को सुदृढ़ीकरण करते हुए उनके जीवनस्तर को उन्नत किया जाना है। योजनान्तर्गत परम्परागत कारीगरों को उद्यम के आधार पर कौशल वृद्धि प्रशिक्षण प्रदान किया जाना हैं। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र विभागीय बेबसाइट पर विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना का चयन करते हुए आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र आनलाइन करने की अन्तिम तिथि 10 जुलाई तक निर्धारित की जाती हैं।

# विजय धन्यवाद यात्रा का भटनी में हुआ स्वागत



**भटनी(देवरिया)।** हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा के चुनाव में देवरिया संसदीय क्षेत्र से निर्वाचित हुए भारतीय जनता पार्टी के सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने सरकार गठन के बाद गृह जनपद में आने क्षेत्र के मतदाताओं के प्रति आभार जताने के लिए विजय धन्यवाद यात्रा का आयोजन कर अपने संसदीय क्षेत्र में लोगों से मिले। विजय धन्यवाद यात्रा का काफिला जब भटनी पहुंचा तो यहां जलपा माता मंदिर के प्रांगण में नवनिर्वाचित सांसद शशांक मणि त्रिपाठी का भव्य स्वागत मंडल अध्यक्ष योगेश प्रजापति के नेतृत्व में मंडल के सभी कार्यकताओं ने मिलकर किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भटनी नगर के अध्यक्ष विजय कुमार गुप्त मुन्ना, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रमेश चंद्र वर्मा, कृष्णदत्त मिश्रा अमित तिवारी, आशीष पासवान, अजीत सैनी, राकेश तिवारी, राम सिंह, शेषनाथ कुशवाहा रोशन जमीर कल्लू आदि उपस्थित रहे। नवनिर्वाचित सांसद ने लोगों के प्रति आभार जताया।

## बाल श्रम उन्मूलन के प्रति लोगों को किया गया जागरूक

**कुशीनगर।** अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर श्रम आयुक्त उत्तर प्रदेश द्वारा दिए गए निर्देश के अनुपालन में जनपद कुशीनगर में बाल श्रम उन्मूलन के प्रति जागरूकता लाने के लिए पडरौना और कठकुइया बाजार में व्यापारियों के साथ बैठक की गई।

उन्हें अपने प्रतिष्ठान पर बाल श्रमिक नियोजित न करने की शपथ दिलाई गई बैठक में उपस्थित व्यापारियों को बाल एवं किशोर श्रम अधिनियम 1986 यथा संशोधित 2016 के प्रावधानों से अवगत कराते हुए अधिनियम के सुसंगत प्रावधानों की कार्यस्थल पर एवं आवश्यक अभिलेख हेतु जागरूक किया गया। यह कार्यक्रम सहायक श्रम आयुक्त कुशीनगर के मार्गदर्शन में श्रम प्रवर्तन अधिकारी अलंकृता उपाध्याय द्वारा आयोजित किया गया जिसमें चाइल्ड लाइन कुशीनगर से मोहन लाल गुप्ता पडरौना व्यापार मंडल पदाधिकारी जगदंबा प्रसाद अग्रवाल एवं दीप नारायण अग्रवाल कठकुईया बाजार से रितेश अग्रवाल शशि शेखर मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## रोजगार मेले में साक्षात्कार के माध्यम 24 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

**कुशीनगर।** जिला समन्वयक उ०प्र० कौशल विकास मिशन, डी०पी०एम०यू० ने अवगत कराया है कि दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के माध्यम से एक दिवसीय रोजगार मेला बुधवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पडरौना, जनपद- कुशीनगर के परिसर में उ०प्र० कौशल विकास मिशन, राजकीय आई०टी०आई० एवं सेवायोजन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया है।

रोजगार मेला में अधिक से अधिक युवाओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया तथा चयनित अभ्यर्थियों ने नियुक्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त कर अपने आकांक्षाओं को एक नई पंख दिये। रोजगार मेला में कुल 03 नियोक्ता कम्पनी क्रमशः ढौंल्ल७ ्ीं३ङ्गल्ल, उङ्गरेङ्ग२, ए५ङ्गल्ल री४१३८ ने प्रतिभाग किया है। उक्त रोजगार मेला में 47 अभ्यर्थियों ने विभिन्न नियोक्ता कम्पनीयों में साक्षात्कार दिये है। साक्षात्कार के माध्यम से कुल 24 अभ्यर्थियों का रोजगार हेतु चयन किया गया है, जिन्हे 16000 से 30000 तक सैलरी प्राप्त होगा। उक्त रोजगार मेला में नोडल प्रधानाचार्य/ जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन दीपक कुमार यादव, पारस नाथ वर्मा, बी०एन० गुप्ता, कौशलेन्द्र प्रताप सिंह जिला कौशल प्रबन्धक, अभय श्रीवास्तव जिला कौशल प्रबन्धक, विनय पाण्डेय, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, जिला सेवायोजन से अभिषेक मिश्रा, जितेन्द्र जायसवाल एवं समस्त अधिकारीगण / कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# प्रचंड गर्मी से ऑउट ऑफ स्टॉक हो जा रहा पंखा कूलर

**भटनी(देवरिया)।** इन दिनों पड़ रही दम घोटू गर्मी से जीना मोहाल हो गया है। चारों तरफ त्राहि त्राहि मची हुई है। हर कोई इससे राहत पाने के लिए इलेक्ट्रिक उपकरणों का सहारा ले रहा है। इन इलेक्ट्रिक उपकरणों की मांग इतनी बढ़ गई है कि दुकानों पर ऑउट ऑफ स्टॉक हो जा रहा है।इस समय पूरा क्षेत्र भीषण गर्मी की चपेट में चल रहा है। सूर्य देव का कोपभाजन सुबह से ही होना पड़ रहा है। ज्यों ज्यों दिन चढ़ रहा है वैसे वैसे तापमान में भी बढ़ोत्तरी होती जा रही है।

सीमेंट से बने मकान के कमरे आग उगलने लग रहे है। बिजली रहने पर थोड़ी बहुत राहत लोगों को मिल रही है जिनके वहां कूलर या एसी लगे हुए है। सीलिंग फैन की हवा तो वैसे भी गरम हो जा रही है जिसके नीचे दिन या रात गुजरना मुश्किल हो जा रहा है।इस भीषण गर्मी से बचने के लिए ग्रामीण इलाकों में पुरुष वर्ग तो पेड़ों की छाव तलाश ले रहा है लेकिन ज्यादे बुजुर्गों, महिलाओं तथा मासूम बच्चों को हो रही है। नगरीय क्षेत्र में समस्या और विकट हो जा रही है। लोगों को कूलर, फरार्टा या एसी की ओर मुंह देखना पड़ रहा है।इससे जुड़े कारोबारियों की माने तो इस प्रचंड गर्मी में इन इलेक्ट्रिक उपकरणों की मांग इस कदर बढ़ गई है कि डिस्ट्रीब्यूटर्स के वहां कभी कभी ऑउट ऑफ स्टॉक हो जा रहा है। इस समय कोई ब्रांड नहीं देख रहा है। राहत प्रदान करने के लिए जो उपलब्ध हो उसी से काम चलाया जा रहा है। भटनी नगर के नूरिगंज में इलेक्ट्रिक और इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान चलाने वाले राजन मद्धेशिया की माने तो इस समय कूलर, फरार्टा और एसी की मांग बढ़ गई है। एक अनुमान के अनुसार प्रतिदिन चार से पांच कूलर, पांच से दस फरार्टा और एसी की बिक्री हो जा रही है। यह आंकड़ा उन्होंने सिर्फ अपने दुकान का बताते हुए कहा कि मांग इतनी बढ़ गई है कि कभी कभी डिस्ट्रीब्यूटर्स के वहां स्टॉक समाप्त हो जा रहा है।

# फ्रॉड के आरोप में जिला कोआर्डिनेटर, ऑडिटर और ऑपरेटर समेत चार गिरफ्तार

**कुशीनगर।** स्वास्थ्य योजनाओं में इलाज के नाम पर फ्रॉड कर अवैध वसूली करने वाले गैंग का पुलिस ने खुलासा करते हुए चार शातिर ठगों को गिरफ्तार क दबोचने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए अभियुक्तों में जिला कोआर्डिनेटर संविदा, जिला ऑडिटर व कंप्यूटर ऑपरेटर भी शामिल है। पुलिस इन अभियुक्तों के पास से 2.10 लाख नगद, तीन लैपटॉप, 21 सरकारी व गैरसरकारी मुहरे 6 दस्तावेज कूटरचित हस्ताक्षर मुहर लगे व एक डायरी जिसमें 17 भिन्न भिन्न अस्पतालों के स्वास्थ्य योजना से संबंधित आईडी व पासवर्ड सहित भारी मात्र में समान बरामद हुआ है। इस कार्यवाई में जिले की साइबर टीम व पडरौना कोतवाली पुलिस शामिल रही।

घटना का खुलासा करते हुए एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि उक्त गैंग साईबर अपराध में लिप्त होकर वर्तमान में प्रयागराज के धूमनगंज का रहने वाले अनीस पुत्र स्व नासीर जो कि अस्थायी रूप से कसया में किराए पर रहता है व डॉ दीपक कुशवाहा पुत्र महेन्द्र कुशवाहा निवासी कसया जनपद कुशीनगर व अखिलेश शर्मा पुत्र श्री गोरखनाथ शर्मा निवासी तितला सुकरौली थाना हाटा जनपद कुशीनगर तथा मंदीप कुमार गौड पुत्र गोवर्धन प्रसाद गौड निवासी भिसवा सरकारी थाना रविन्द्रनगर धुस जनपद कुशीनगर ने मिलकर एक गैग बनाया है जिसमें डॉ दीपक कुशवाहा द्वारा जनपद कुशीनगर अस्पतालों में स्वास्थ्य योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों के इलाज के सम्बन्ध में देखरेख करता है तथा डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम कोआर्डिनेटर (डीपीसी) कुशीनगर के पद पर संविदा पर नियुक्त है तथा अखिलेश शर्मा उक्त योजना में डिस्ट्रिक्ट ऑडिटर के पद पर संविदा पर नियुक्त है तथा इनका साथी मंदीप गौड़ उपरोक्त का कम्प्यूटर आपरेटर है जो अनीस व डॉ दीपक कुशवाहा व अखिलेश शर्मा के कहने पर भिन्न-भिन्न अस्पतालों में जाकर लाभार्थियों के स्वास्थ्य योजना में उनके इलाज से सम्बन्धित दस्तावेजों को टीएमसी पोर्टल पर फीडिंग का काम करता है शामिल है तथा यह गैंग स्वास्थ्य योजना से जुड़े अस्पतालों में भर्ती मरीजों के भर्ती व डिस्चार्ज सम्बन्धित मरीजों को टीएमएस पोर्टल पर अपलोड करने का कार्य कम्प्यूटर आपरेटर मंदीप गौड़ द्वारा सम्पादित किया जाता है। उपरोक्त गैंग एक संगठित गैग के रूप में कार्य करता है तथा स्वास्थ्य योजना के अन्तर्गत जुड़े जनपद कुशीनगर के लगभग 33 अस्पतालों के टी एम सी पोर्टल के आईडी व पासवर्ड के माध्यम से कार्य करते हुए फर्जी तरीके से मरीजों को मिलने वाली सहायता धनराशि का कुछ प्रतिशत कमीशन के तौर पर अवैध रूप से प्राप्त करते है। कमीशन न मिलने पर शुरूआती दौर में प्रताणित करने हेतु लखनउ के क्लस्टर हेड सुहासीश मैंटी (हेरिटेज एजेन्सी) से मिलकर टीएमसी पोर्टल पर अपलोड की गई फाइलों पर आपत्ति लगवाते है तथा अस्पताल के टीएमसी पोर्टल के आईडी को बंद कराने का भय दिखाते है। डॉ दीपक कुशवाहा द्वारा स्वास्थ्य योजना से सम्बन्धित सभी दस्तावेज अनाधिकृत व्यक्ति अनीस अहमद को उपलब्ध कराया जाता है तथा अनीस द्वारा कमीशन के रूप में प्राप्त अवैध धनराशि को डॉ दीपक कुशवाहा, अखिलेश शर्मा, सुहासीश मैंटी तथा मंदीप गौड को दिया जाता है। यदि किसी अस्पताल का मालिक इनको दलाली/कमीशन देने से इन्कार कर देता है तो उक्त संगठित गैंग द्वारा आपस में मिलकर लाभार्थियों/मरीजों के डिस्चार्ज/क्वैरी पर अश्लील नग्न फोटो अपलोड कल प्रभाव से आईडी को निलंबित कर दिया जाता है तथा स्वास्थ्य योजना द्वारा अस्पताल के वित्तीय लेनदेन पर भी रोक लगा दी जाती है।

## संदिग्ध अवस्था में घर के अंदर गृहस्वामी का मिला शव

**कसया, कुशीनगर।** कसया थाना क्षेत्र के गांव शिवपुर बुजुर्ग में बुधवार को एक संदिग्ध अवस्था में गृह स्वामी का शव मिला।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए।

जानकारी के अनुसार उक्त गांव निवासी युगल चौहान का 35 वर्षीय बेटा धर्मेंद्र चौहान अपने पत्नी व बच्चों के साथ अलग रहता था। एक सप्ताह पहले उसके और उसकी पत्नी में झगड़ा व मारपीट हुई। जानकारी पर उसके घर पहुँचे ससुराल वालों ने उसके पत्नी को अपने साथ लेते गए। उसके बाद से धर्मेंद्र थोड़ा मानसिक स्थिति से डिस्टर्व रहने लगा था।

इधर वह दो दिन दिनों से दिखाई भी नहीं दे रहा था तभी बुधवार को उसके घर से शव सड़ने जैसे बदबू आने लगी तो लोगों को किसी अनहोनी की आशंका हुई।

लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस जब सूचना पाकर घर पहुँची तो देखा कि जमीन पर धर्मेंद्र का शव पड़ा है व बदबू दे रहा है। धर्मेंद्र के तीन छोटे छोटे बच्चे अंकित 8 वर्ष, दिवाकर 6 वर्ष, डोमिन 2 वर्ष के हैं। पिता व माता उसके दूसरे भाई के साथ रहते हैं।

# खाद्य पदार्थों के लिए गये नमूने

**देवरिया ।**जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के खाद्य सचल दल ने सहायक आयुक्त खाद्य विनय सहाय के नेतृत्व में तहसील रुद्रपुर एवं नगर पालिका क्षेत्र में अभियान चला कर दो नमूने संग्रहित किए एवं कुल 84.750 किलोग्राम दाल अधिग्रहित किया गया।

रुद्रपुर तहसील में पुलिस बल की उपस्थिति के साथ बाजार का भ्रमण किया गया एवं निरीक्षण में खेसारी की दाल के संदेह पर रुद्रपुर के खजुहा चौराहा पर भोला किराना भंडार की दुकान से अरहर की दाल का नमूना खेसारी की आशंका में संग्रहित करते हुए कुल उपलब्ध 60 किलोग्राम दाल की दो बोरी जिसका मूल्य 9450 रुपए था, अधिग्रहित कर विक्रेता की सुरक्षित अभिरक्षा में दिया गया तथा अन्य दुकानों एवं व्यापारियों के यहां निरीक्षण में खेसारी दाल का अपमिश्रण किसी भी दाल में प्रथमदृष्टया नहीं पाया गया।

इसी प्रकार नगर पालिका के मुख्य किराना मंडी में कुल 21 दुकानों का निरीक्षण किया गया उसमें भी अरहर की दाल के कुल चार प्रकार बिक्री हेतु उपलब्ध थे ,परंतु किसी भी प्रकार की दाल में खेसारी का अपमिश्रण प्रथम दृष्टिया प्रतीत नहीं हुआ, शशि एंड संस किराना मंडी में स्थित प्रतिष्ठान पर खेसारी की संभावना के दृष्टिगत एक नमूना एकत्रित किया गया एवं 24.750 किलोग्राम दाल जिसका मूल्य रुपया 3836.25 को अधिग्रहित कर विक्रेता की सुरक्षित अभिरक्षा में दिया गया उपरोक्त अभियान में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शिवेंद्र, खाद्य सुरक्षा अधिकारी मानवेंद्र कुमार एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीराम यादव उपस्थित थे

### जनपद में कांग्रेसी निकालेंगे धन्यवाद आभार यात्रा : रामजी गिरि

**देवरिया।** शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर जनपद के कांग्रेसी इस लोकसभा चुनाव में मिले जनादेश के लिए 13 जून से 15 जून तक जिले के सातों विधानसभा क्षेत्र में धन्यवाद आभार यात्रा का निकालेंगे। उक्त जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामजी गिरि ने बताया कि पहले के कार्यक्रम में संशोधन कर यात्रा की शुरूआत अब 13 जून को सुबह 9 बजे से सलेमपुर नगर के ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय से निकलकर गांधी चौक तक जाकर महात्मा गांधी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर समाप्त होगी ।इसी दिन दिन में 11 बजे से भाटपाररानी विधानसभा क्षेत्र के बखरी बाजार से यात्रा प्रारंभ हो कर बंगरा बाजार स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भागवत भगत के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सम्पन्न होगी।14 जून सुबह 9-30 बजे से बरहज विधानसभा क्षेत्र के बरहज हिन्दी साहित्य सम्मेलन कार्यालय से शहीद स्मारक पर माल्यार्पण के बाद कांग्रेस के चुनाव कार्यालय तक ,14 को ही रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र में 11बजे दिन से तहसील कार्यालय से शुरू होकर रामचक तक,15 को यात्रा की शुरूआत सुबह 9-30 बजे से देवरिया विधानसभा क्षेत्र के बैतालपुर ब्लॉक कार्यालय के सुभाष चंद्र बोस की मूर्ति से दिन में 11 बजे से प्रारंभ हो कर गुदरी बाजार तक , जनपद में यात्रा का समापन 15 जून को ही पथरदेवा विधानसभा क्षेत्र में12 बजे दोपहर से भारतीय स्टेट बैंक से शुरू होकर मुख्य बाजार होते हुए पेट्रोल पंप पर जाकर होगा।

# कक्षा 01 व पूर्व प्राथमिक कक्षा में प्रवेश के लिए तिथि निर्धारित

**देवरिया ।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शालिनी श्रीवास्तव ने बताया है कि निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत अलाभित समूह एवं दुर्बल वर्ग के बच्चों को गैर सहायतित मान्यता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा 01 व पूर्व प्राथमिक कक्षा में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन एवं लाटरी हेतु प्रक्रिया प्रारम्भ करने, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ चरण के सम्बन्ध में कार्य एवं तिथियां निर्धारित कर दी गई है। चतुर्थ चरण हेतु आवेदन करने की तिथि 20 जून तक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा आवेदन पत्र का सत्यापन कर लाक करने की तिथि 21 से 27 जून, लाटरी निकालने की तिथि 28 जून तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा विद्यालयों में प्रवेश कराये जाने की तिथि 07 जुलाई निर्धारित की गई है। प्रवेश हेतु शर्तों के विवरण में उन्होंने बताया है कि अलाभित समूह द्वारा सरकार की अधिसूचना के अनुसार अनु०जाति, अनु०जनजाति, सामाजिक एवं आर्थिक रुप से पिछड़ा वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग, एच०आई०वी०, कैंसर पीड़ित माता-पिता/अभिभावक का बच्चा, निराश्रित बेघर बच्चा, निःशक्त बच्चा तथा दुर्बल वर्ग का बच्चा तथा बी०पी०एल० वर्ग का बच्चा प्रवेश हेतु आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन वेबसाइट पर कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन की 01 प्रति के साथ निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, वोटर आई०डी० राशन कार्ड, ड्राईविंग लाईसेन्स, बैंक पास बुक आदि में से कोई एक होना चाहिये। बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, विकलांग प्रमाण पत्र व आय प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी से जारी आवेदन के साथ कार्यालय में उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। बच्चा जिस विद्यालय में प्रवेश चाहता है, वह विद्यालय निवास प्रमाण पत्र में अंकित पते से 01 किलोमीटर (सम्बन्धित वार्ड/ग्राम पंचायत) की परिधि में होना चाहिये। प्रवेश हेतु शैक्षिक सत्र 2024-25 में कक्षा 01/ पूर्व प्राथमिक कक्षा में प्रवेश दिया जायेगा। आर०टी०ई० शासनादेश के अनुसार निर्धारित दिशा निर्देश के क्रम में प्रवेश की प्रक्रिया अपनाई जायेगी।

# एसएसपी दफ्तर पर उमड़ रही फरियादियों की भीड़

**बरेली।** एसएसपी के दफ्तर से कोई खाली हाथ नहीं जाता।सिस्टम से सभी की सुनवाई होती है। आजकल फरियादियों की भारी भीड़ एसएसपी के दफ्तर पर उमड़ रही है। ऐसा इसलिए हो रहा है कि बड़ी संख्या में लोगों ने थानों से अपनी उम्मीदों को छोड़ दिया है। कई थाने बेलगाम हैं। पुलिस महकमे में चर्चा है कि चुनाव निपटने के बाद बड़े पैमाने पर सिस्टम की सर्जरी हो सकती है।



एसएसपी दफ्तर पर सुबह करीब नौ बजे से ही फरियादियों की भारी भीड़ लग जाती है। पहले उनकी शिकायतें बाकायदा रजिस्टर की जाती हैंए उसके बाद एसएसपी घुले सुशील चन्द्रभान खुद ज्यादातर मामलों की सुनवाई करते हैं। उनकी पारखी निगाहें समझ लेती हैं कि दी जा रही एप्लीकेशन में क्या है द्द न्याय की गुहार या कोई पेशबंदी। वह जरूरत के हिसाब से निस्तारण कर देते हैं।

आजकल ज्यादातर शिकायतें जमीन के झगड़ों और पारिवारिक मसलों की हैं। कई बार नीचे इंसाफ नहीं मिलता और छोटी छोटी बातें भी बड़ी हो जाती हैं। एसएसपी घुले सुशील चन्द्रभान बड़ी ही संजीदगी के साथ हर आने वाले को सुनते हैं। फर्जी मामले तुरंत ही समझ आ जाते हैं। ऐसे मामले भी समझ में आ जाते हैंए जिनमें वाकई में न्याय की जरूरत होती है। हर दिन करीब करीब सौ से 150 लोग अपनी अपनी शिकायतें लेकर पहुंचते हैं। आजकल यह संख्या कुछ ज्यादा बढ़ी हुई महसूस हो रही है।

हालांकि कुछ अधिकारी यह मान रहे हैं कि बड़ी संख्या में जिला मुख्यालय पर फरियादियों के आने का मतलब साफ है कि थानों के स्तर पर लोगों की सुनवाई नहीं हो रही है। सुनवाई के साथ साथ कई थानेदारों के सामने साख का भी एक बड़ा सवाल है। यह माना जा रहा है कि अब चुनाव के निपट जाने के बाद पुलिसिंग में कुछ नया और बड़ा देखने को मिलेगा। उम्मीद जिला पुलिसिंग के सिस्टम में एक बड़ी सर्जरी की की जा रही है।इसको लेकर मंगलवार देर रात को एसएसपी ने क्राइम मीटिंग में पुलिस के पेंच कसे। उन्होंने थाना प्रभारियों को को सख्त लहजे में चेतावनी दी कि अगर शिकायतें मिलीं तब कड़ी कार्रवाई की जायेगी। अधूरी केस डायरी रखने पर भी उन्होंने सख्त रवैया अपनाया। लापरवाही बरतने वालों की फटकार भी लगाई। बैठक में सभी एसपीए सीओए थाना प्रभारी व चौकी इंचार्ज मौजूद रहे।

संक्षेप

## हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर मौत

**मंगत खेड़ा, उन्नाव।** मंगलवार देर रात तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से भांजी के घर से लौट रहे मोटर साईकिल सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने शव विच्छेदन गृह भेजा है। पुरवा कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम नईमपुर मजरे मऊ सुल्तानपुर मरूई निवासी कुलदीप 18 पुत्र सुरेश मोटर साईकिल से मंगलवार को अपनी भांजी के गांव रतवसिया गया था।जहां से देर रात करीब ग्यारह बजे वापस लौट रहा था तभी वापस लौटते समय पुरवा-दही मार्ग पर स्थित पुरवा पावर हाऊस के निकट पहुंचते ही किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी।जिससे मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गयी।घटना की जानकारी बाद मां कमलेश कुमारी, भाई सर्वेश, सन्दीप सहित बहन सन्नो व शर्मा आदि परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक तीन भाइयों दो बहनों में सबसे छोटा था। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव विच्छेदन गृह भेजा है।परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर में युवक की मौत

**पुरवा, उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम मरुई नईमपुर मजरे तौरा निवासी कुलदीप 18 पुत्र सुरेश मोटर साईकिल से मंगलवार को अपनी भांजी के गांव रतवसिया गया था। जहां से देर रात वापस लौटते समय पुरवा-दही मार्ग पर स्थित पावर हाऊस के निकट पहुंचते ही किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गयी।घटना की जानकारी बाद परिजनों में कोहराम मच गया। घटना बाद मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव विच्छेदन गृह भेजा है।

## चोरों के आतंक से ग्रामीण भयभीत

**पुरवा उन्नाव।** पुरवा कोतवाली के क्षेत्र में लगातार चोरिया हो रही हैं चोर घरों में घुस कर बकरियां व भैस खोल कर चोरी कर ले जाते हैं सोमवार की रात ग्राम पासाखेड़ा व गोकुलपुर में चार जगह चोरों ने चोरी की पासाखेडा में तीन घरों में एक ही रात चोरी की जहां अडगाँव पासाखेडा निवासी दश ऊ पुत्र बचानी ने बताया कि घटना बीते सोमवार रात की है जब पूरा परिवार सो रहा था तभी अज्ञात चोरो द्वारा घर से 200 ग्राम चाँदी का पट्टा, 100 ग्राम चाँदी की पायल व एक सोने की माला चोरी कर ले गये। जबकि अडगाँव पासाखेडा निवासी शहजादे पुत्र रमजानी के अनुसार उसके घर से अज्ञात चोरो ने दोनो बहू के समस्त जेवर व 21000 रूपया नगद ले गये। गोकुलपुर मजरे अडगाँव पासाखेडा निवासी ललित पुत्र घूरू ने बताया कि बीती रात को अज्ञात चोरो द्वारा उसके घर से एक बकरा चोरी कर ले गये।चन्द्र कुमार पुत्र रामनाथ निवासी गोकुलपुर मजरे पासाखेडा ने बताया कि बीती रात को अज्ञात चोरो द्वारा जो छत के रास्ते से सेंध लगाकर घर मे रखे 4 पीतल के लोटा, 2 पीतल करवा, 1 बटुआ बडा पीतल की एक बटुइया ले गये।

## अवैध असलहे के साथ गिरफ्तार

**सीतापुर।** कोतवाली महोली पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर इलाके के कुसैला रोड जलालपुर रेलवे क्रासिंग के निकट छापेमारी की। यहां पर पुलिस ने महोली कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला दीक्षित टोला निवासी मझिले उर्फ सचेंद्र दीक्षित पुत्र शिवाकांत दीक्षित को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा मय कारतूस के बरामद किया है। पुलिस ने इस संबंध में महोली कोतवाली में सचेंद्र दीक्षित उर्फ मझिले के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। वहीं आरोपी को न्यायालय में पेश किया है।

### बुजुर्ग का शव नहर से बरामद

लहरपुर/सीतापुर। कोतवाली तालगांव क्षेत्र के ग्राम मदारपुर पुल बाजार सरैया के निकट शारदा सहायक खीरी ब्रांच नहर से 60 वर्षीय बुजुर्ग का शव बरामद। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना हरगांव के ग्राम बहेरवा मजरा अमितिया निवासी उत्तम कुमार पुत्र जगदीश ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनके पिता जगदीश बुधवार सुबह शौच के लिए नहर के तरफ गए थे परंतु वापस नहीं आए मैं और मेरा परिवार खोजते हुए तालगांव पुल शारदा सहायक नहर के पास पहुंचा तो मेरे पिता नहर में बहते हुए जा रहे थे हम लोगों ने प्रयास कर बाहर निकाला तब तक उनकी मृत्यु हो चुकी थी, उत्तम कुमार ने पुलिस को बताया कि मेरे पिता की जगदीश की मृत्यु शौच करते समय पैर फिसलने से नहर में डूबने से हो गई है।

# बैठक में नयी ऊर्जा से पार्टी को और मजबूत करने का लिया संकल्प



**सीतापुर।** लोकसभा चुनाव 2024 में सीतापुर नगर के बूथो पर कुल पड़े वोट एवं उन बूथो पर भारतीय जनता पार्टी के जीत-हार की समीक्षा के उद्देश्य से नगर अध्यक्ष भाजपा आकाश अग्रवाल बजरंगी की अध्यक्षता में एक निजी विद्यालय में बैठक आहूत की गयी। बैठक में नगर कार्यकारणी के पदाधिकारियो, बूथ अध्यक्षो, बूथ प्रभारियो एवं शक्तिकेन्द्र प्रभारियो के समक्ष नगर के सभी 107 बूथो का वोटिंग ब्यौरा रखा गया। जिसमें नगर के 80 बूथो पर भाजपा प्रत्याशी की जीत व शेष 27 बूथो पर कम अन्तराल से हुई हार पर समीक्षा कर आगामी विधानसभा चुनाव के लिए बूथो की ग्रेडिंग व ग्रेडिंगनुसार कमजोर बूथो पर अनुभवी व कुशल कार्यकर्ताओ को प्रभारी के रूप में नियुक्त कर उन बूथो पर रहने वाले प्रत्येक मतदाताओ से निरन्तर सम्पर्क कर बूथ को जिताने की कवायत किये जाने की योजना बनायी गयी। बैठक में नगर महामंत्री देवेन्द्र मिश्रा भोला, एड. विक्रम सिंह उपाध्यक्ष शशांक शेखर सिंह, दीपक शुक्ला, विवेक श्रीवास्तव, अवधेश कटियार, आलोक शुक्ला, नरेश अवस्थी मंत्री शिवांशु मिश्रा, सुरेश कनौजिया, रविकाश गुप्ता, अनीषा तेजवानी, राकेश वाल्मीकि, जीतेन्द्र रस्तोगी जीतू, बूथ अध्यक्ष मुन्ना लाल कठेरिया, योगेन्द्र यादव, संगीता महाराणा, विमल कश्यप, विवेक भारी पदाधिकारियो ने नयी ऊर्जा से पार्टी को और मजबूत करने का संकल्प लिया।

## घर से निकला युवक लापता, पुलिस कर रही तलाश

**सोहावल- अयोध्या।** रौनाही थाना क्षेत्र के ड्योढ़ी बाजार निवासी युवक बाइक लेकर घर से निकला और संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। युवक की बाइक, चप्पल और हेलमेट सोहावल गोण्डा को जोड़ने वाली सड़क पर सरयू नदी पर बने ढेमवा घाट पुल पर पाया गया। इसे लेकर लोग युवक की नदी में कूदने की आशंका कर रहे हैं।

शंका के आधार पर पुलिस व स्थानीय लोगों ने जाल व गोताखोरों की मदद से खोजने का प्रयास किया। लेकिन काफी प्रयास के बाद कुछ भी हासिल नहीं हो सका।अनुभव कौशल उर्फ शेरू पुत्र ननकऊ उम्र करीब 37 वर्ष घर से बाइक लेकर निकला और देर शाम तक वापस नहीं आने पर खोजबीन शुरू किया गया। युवक की बाइक चप्पल हेलमेट सरयू नदी के पुल पर मिलने से लोगों ने कूदने का कयास लगाना शुरू कर दिया है। इस सम्बंध में पूछे जाने पर प्रभारी निरीक्षक पंकज सिंह ने बताया की मोबाइल के सहारे लापता युवक की तलाश की जा रही है।नदी में डूबने अथवा कहीं फरार होने दोनों पहलू पर जाँच की जा रही है।

## सख्ती के बावजूद नही रुक रहा अवैध खनन



**असोहा, उन्नाव।** पुरवा कोतवाली मे पुलिस की मिलीभगत से धड़ल्ले से अवैध खनन हो रहा है। मुख्यमार्ग पर खनन करने से भी खनन माफिया नहीं डर रहे। एसडीएम ने जांच कर कार्यवाही की बात कहीं। पुरवा कोतवाली क्षेत्र कें अन्तर्गत बीते दो माह से खनन माफियाओं और पुलिस की सांठगांठ से जमकर अवैध खनन किया जा रहा है। खनन माफिया रात कें अंधेरे मे बुलडोजर लगाकर ट्रेक्टर ट्राली से सैकड़ों ट्राली का खनन कर रहे है। मंगतखेडा चैकी क्षेत्र से लेकर बिछिया क्षेत्र तक खनन माफिया सक्रिय है। सोमवार की रात दही-पुरवा मुख्य मार्ग पर बिछिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कें आगे खनन माफियाओं ने रात कें अंधेरा मे एक प्लाट मे लगभग दो सैकंडा ट्राली मिट्टी खनन कर डाली। बिछिया पिकेट से लगभग एक किलो मीटर दूर पर पुलिस की नाक के नीचे खनन होता रहा और बिछिया पुलिस को भनक तक नहीं। जबकि खनन स्थल से लगभग दो सौ मीटर दूरी पर डायल 112 का भी पिकेट रहता है बावजूद इसके खनन माफिया बेखौफ खनन करते है। माफियाओं ने जिस भूमि से खनन किया गया वो एक गैर जनपद के विधायक की बतायी जा रही है। धड़ल्ले से हो रहा अवैध खनन क्षेत्र मे चर्चा का विषय बना हुआ है। इस सम्बन्ध मे सदर एसडीएम प्रज्ञा पाण्डेय ने बताया जानकारी नहीं है जांच कराकर कार्यवाही की जाएगी। वहीं सीओ पुरवा सोमेन्द्र विश्वास ने बताया जांचकर कार्यवाही की जाएगी जबकि आज तक खनन माफिया पर कोई कार्यवाही नही हुई।

## चोरी की बाइक सहित आरोपी गिरफ्तार



**पाटन, उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के गांव पंसारी सराय में खेत में बने घर से 11 अप्रैल 24 को हुई बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने बाइक बरामद करते हुए चोर को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। 11 अप्रैल को कोतवाली क्षेत्र के पंसारी सराय निवासी महेंद्र पुत्र महंगू की बाइक चोरी चली गई थी। चोरी का खुलासा करते हुए एस ओ राजपाल ने बताया कि बाइक चोरी के मामले का खुलासा करने के लिए उप निरीक्षक, सिपाही रामकेश यादव तथा पंकज यादव की टीम गठित की गई थी। पुलिस टीम ने चोरी के ममले में राजेश पुत्र बाबूलाल रैदास निवासी ग्राम भैंसई नौबस्ता थाना अचलगंज को पकड़ा। अभियुक्त राजेश की निशानदेही पर बाइक भी बरामद की गई। पकड़े गए अभियुक्त के विरुद्ध चोरी के दर्ज मामले में बरामदगी की धारा बढ़ाकर अभियुक्त को जेल भेज दिया गया है।

## विहिप और बजरंग दल ने फूंका पाकिस्तान का पुतला



**सीतापुर।** जम्मू कश्मीर में धार्मिक यात्रा पर निकले हिन्दू श्रद्धालुओं पर हुए आतंकी हमले के विरोध में बुधवार को बिसवां में हिंदू संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किया। माता वैष्णों देवी कटरा से शिव खोडी दर्शन को जाते समय पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों ने घात लगाकर शिव खोडी के निकट बस के ऊपर अंधाधुंध गोलीबारी की। इस हमले में बस चालक सहित 10 तीर्थ यात्रियों की हत्या कर दी गई। जिससे देशभर में भारी आक्रोश व्याप्त है। हिन्दू तीर्थ यात्रियों की हत्या के विरोध में विश्व हिंदू परिषद व बजरंगदल के पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। हिंदू संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बाबा मंसाराममंदिर से जुलूस की शक्ल मे चलकर बिसवां बड़े चैराहे पर पहुंचे। यहां पर पाकिस्तान मुदार्बाद का नारा लगाकर पुतला दहन किया। उसके उपरांत तहसील परिसर मे पहुचकर उपजिलाधिकारी मनीष कुमार को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने वालों में जिला सहमंत्री आयुष मिश्र, जिला संयोजक नीरज निगम, जिला गौरक्षा प्रमुख श्रीकांत मौर्य, ओमप्रकाश गुप्ता, रामसागर, ललित, जयप्रकाश, अमन, दीपक, सौरभ जोशी, अनुज, अजय गुड्डन, विशाल, अश्वनी, प्रमोद, रामसेवक, विनोद कुमार, कृष्णा, कमलेश, प्रदीप आदि मौजूद रहे।

## ब्लॉक मुख्यालय गांव में स्वच्छता मिशन की उड़ाई जा रहीं धज्जियां



जिला संवाददाता(vol)

**तंबौर/सीतापुर।** ब्लॉक मुख्यालय स्थित गांव में स्वच्छ भारत मिशन की खुलेआम धज्जियाँ उड़ाई जा रही है। विकास खण्ड अधिकारी समेत समस्त ब्लाककर्मी इस जघन्य समस्या पर जानबूझकर पर्दा डाले हुए है। विकास खण्ड के बेहटा गाँव में मुख्य सड़क पर गंदे पानी व कीचड़ का जलभराव बना हुआ है। वहीं साइड से निकली नालियां पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त है। और कीचड़ व कूड़ा करकट से पटी पड़ी है।जिससे आमजन को निकलने में काफी दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है। यही हाल गांव के अधिकांश जगहों का है जहां कई जगहों पर कूड़े के ढ़ेर लगे दिखाई दे रहे है। इस गांव में विकास खण्ड मुख्यालय, बीआरसी केंद्र, साधन सहकारी समिति, पशु चिकित्सालय होने के चलते प्रतिदिन अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों का आवागमन होता है।

अपनी जिम्मेदारी को नजरअंदाज करते हुए यह अधिकारी व कर्मचारी इसी कीचड़युक्त मार्ग से आँख बंद कर निकल जाते है। ग्रामीणों के मुताबिक गांव में तैनात सफाईकर्मी के द्वारा सुचारू रूप से साफ सफाई नहीं की जा रही है।

केंद्र व राज्य सरकार स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने को लेकर लाखों करोड़ों खर्च कर रही है वहीं भ्रष्ट किस्म के अधिकारी व कर्मचारी केंद्र व राज्य सरकार की इस महत्वकांक्षी योजना में पलीता लगाने से बाज नहीं आ रहे है।क्या कहते है जिम्मेदार इस संबंध में एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह ने बताया कि सड़क के किनारे नालियां न होने से समस्या बनी हुई है।

## पांचवीं पुण्यतिथि पर याद किये गये बृजेश कुमार सोनी

जिला संवाददाता(vol)

**ललितपुर।** अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकार भवन प्रेस क्लब के पूर्व वरिष्ठ सदस्य स्व. बृजेश सोनी जी की पांचवीं पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर संरक्षक मंडल के पदाधिकारी के साथ-साथ उपस्थित पत्रकार साथियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पश्चात प्रेस क्लब के तत्वाधान में जिला अस्पताल परिसर में अन्नपूर्णा भोजन शाला में स्वर्गीय बृजेश कुमार सोनी की स्मृति में उनके परिजनों द्वारा गरीब, असहाय, जरूरतमंद व्यक्तियों को भोजन व्यवस्था सुनिश्चित की गई। अन्नपूर्णा भोजशाला में सर्वप्रथम प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू, महामंत्री अमित सोनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय जैन कल्लू, कोषाध्यक्ष अमर प्रताप सिंह उपस्थित अन्य पत्रकार साथियों एवं विभिन्न संस्थाओं के प्रमुख जनों उनके पुत्र कृष्णकांत सोनी द्वारा सर्वप्रथम वरिष्ठ पत्रकार स्व.बृजेश कुमार सोनी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया, इसके पश्चात 2 मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से उनकी आत्मा के लिए प्रार्थना की गई। प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू ने कहा कि चाचा जी हमेशा सकारात्मक पत्रकारिता करते थे, ी अमित सोनी, कोषाध्यक्ष अमर प्रताप सिंह पाली ने पत्रकारिता में उनके द्वारा किये गये कार्यों को याद दिया। वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति के अध्यक्ष समाजसेवी बाबू गंधर्व सिंह लोधी ने कहा कि वह बहुत ही ऊजार्वान और सकारात्मक पत्रकार थे।

## अज्ञात कारणों के चलते लकड़ी के खोखे में अचानक लगी आग

**लहरपुर/सीतापुर।** तहसील क्षेत्र के ग्राम उदनापुर कलां के मजरा जमलापुर निवासी राजकुमार पुत्र मही लाल ग्राम बाजार सरैया मदारपुर पुल पर खोखा रखकर मोबाइल एवं बिजली उपकरणों की रिपेयरिंग का कार्य करता था बीती देर रात अज्ञात कारणों के चलते उसके लकड़ी के खोखे में अचानक आग लग गई और धू धू कर खोखा जलने लगा, ग्रामीणों द्वारा खोखे को जलते हुए देखकर सूचना राजकुमार को दी, मौके पर पहुंचे राजकुमार व ग्रामीणों ने प्रयास कर आग पर काबू पाया लेकिन तब तक खोखा जलकर नष्ट हो गया था। राजकुमार ने बताया कि, लगभग डेढ़ लाख रुपए का मूल्य का सामान उसका जलकर नष्ट हो गया है।

## कपड़े, भूसा, जेवरात, साइकिल व अनाज जल कर खाक



**महमूदाबाद/सीतापुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में अज्ञात कारणों से एक घर में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। घर वालों ने तमाम मशक्कत के बाद भी आग पर काबू नहीं पाया जा सका। सूचना पाकर मौके पर पहुंची दमकल ने किसी तरह आग पर काबू पाया। महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र की ग्राम पंचायत भौंरी निवासी झब्बू पुत्र अब्बुल के घर में मंगलवार देर रात करीब 3 बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग की जद में आने से कपड़े, भूसा, जेवरात, साइकिल व अनाज जल कर खाक हो गया। घर वालों ने तमाम उपाय किए मगर आग पर काबू न पा सके। मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड ने आग पर काबू पाया। मगर तब तक लगभग दो लाख का नुकसान हो गया था। क्षेत्रीय लेखपाल रेशमा देवी ने बताया कि अग्निकांड में हुई क्षति का आंकलन कर रिपोर्ट तहसीलदार को प्रेषित की जाएगी।

### डोगरा रेजीमेंट सेन्टर में 24 से होगी अग्वीर भर्ती रैली

**अयोध्या।** आगामी 24 जून से 02 जुलाई तक जनपद अयोध्या के डोगरा रेजीमेंट सेन्टर अयोध्या कैंट में अग्निवीर योजना के अन्तर्गत अभ्यर्थियों की अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन प्रस्तावित है। उक्त भर्ती प्रक्रिया को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु जिला मजिस्टेट्ट नितीश कुमार की अध्यक्षता में 14 जून को अपरान्ह 4 बजे कलेक्टेज्ट सभागार में एक बैठक आहूत की गयी है।

## तनमन रघुनाथ में लगाए रखना, सेवक हूं प्रभु राम का विश्वास कीजिए.......

जिला संवाददाता(vol)

**महमूदाबाद/सीतापुर।** ज्येष्ठ माह के तीसरे मंगलवार को संकट मोचन हनुमान मंदिर रामकुंड चैराहा पर जवाबी कीर्तन का आयोजन किया गया। आयोजित जवाबी कीर्तन में प्रयागराज से आए रणजीत राज और मध्यप्रदेश के जेपी मनचला ने विभिन्न फिल्मी धुनों पर आधारित धार्मिक सामाजिक प्रसंगों एवम खंडगीतों को सुनकर आम जनमानस को रात्रिभर आनंदित किया। निर्णायक मंडल ने कड़ी मशक्कत के पश्चात प्रयागराज से आए रणजीत राज को विजई घोषित किया। कार्यक्रम का संचालन अशोक नाग ने किया। संकट मोचन हनुमान मंदिर रामकुंडा चैराहा पर आयोजित जवाबी कीर्तन का शुभारंभ रणजीत राज द्वारा मां की वंदना कवियों की कल्पना में, याचक की याचना में आराधना तुम्हारी मां वंदना तुम्हारी से करने के साथ ही पहला सवालिया गीत के साथ ही जा तो रहे हो छैया भैया के साथ में, लगने न दाग पाए उनके उजले माथ में, तनमन रघुनाथ में लगाए रखना, सेवक हूं प्रभु राम का विश्वास कीजिए, मुंदरी भी साथ लाया हूं पहचान लीजिए, रघुकुल कमल है रघुनाथ, मारे हिलोरे गंगा तब देखो झूम के के साथ ही समाजित गीत तुम्हारे हाथ के पुतले जले दफनाए जाते हैं, हमारे हाथ के पुतले सदा अपनाए जाते हैं ,फर्ज लाल का मां अदा हो गया सहित कई अन्य गीतों को संस्कार आम जनमानस की वाहवाही लूटी। सहयोगी कलाकार मध्य प्रदेश से आए जे पी मनचला ने भी अपनी ओर से जवाबी कीर्तन का शुभारंभ लघु वाद्य वादन के पश्चात मां शारदे की वंदना सब को दो सब कुछ पर मुझे चरण वंदना दो के साथ ही रणजीत राज के सवालिया गीतों का जवाब दिया। सवालिया गीत में जे पी मनचला ने तेरी वाणी में वो जादू है मुझे नींद नही आती है। पर राम नाम गाते हो तुम आवाज यहां आती है, जिनके लिए मरकर सभी आते धारणी छोड़कर, हम आज जा रहे हैं वही चरण छोड़ के, मंगल मूर्ति मंगलदायत मंगलमय महाराज बने, कनक भवन में मंगलभवन है मंगलभवन सा कहां, सहित कई अन्य सवालिया गीत सुनाकर जनमानस को मंत्र मुग्ध किया। निर्णायक मंडल के विजय वाजपेई, बब्लू मिश्र, नवनीत पांडेय, अनूप कुमार सहित अन्य ने कड़ी मशक्कत के पश्चात रणजीत राज को विजई घोषित किया। इस अवसर पर हरिनाम राठौर, सतीश गुप्ता, मुरारी लाल रुद्र प्रताप सोनी, अमृतांशु मिश्र, राम खेलावन गौतम, आलोक वर्मा सहित अन्य लोगो ने देर रात तक जवाबी कीर्तन का आनंद लिया।

### भक्तों को जाग्रत करना है

महमूदाबाद/सीतापुर। जवाबी कीर्तन का उद्देश आम जन मानस में भक्ति को जाग्रत करना है। संगीत किसी की भावनाओ को व्यक्त करने के माध्यम में विशेष रूप से शक्तिशाली है। ईश्वर के प्रति प्रेम भावनाओ को जाग्रत करने का प्रयास ही कीर्तन है। उक्त बातें रामकुंड चैराहे पर आयोजित जवाबी कीर्तन का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर श्री राम दरबार में पूजन अर्चन करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में विधायक आशा मौर्य ने यह बात कही। विशिष्ट अतिथि के रूप में सीता ग्रुप ऑफ एजुकेशन के चेयरमैन आर के बाजपेई विरल ने कहा कि ईश्वर के समक्ष अपने गुनाहों को मानना ही कीर्तन है। इससे पूर्व संकट मंचन हनुमान मंदिर प्रबंध समिति के मुरारी लाल रस्तोगी, राम कुमार जायसवाल, सतीश गुप्त ने दोनो अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण एवम स्मृति चिन्ह भेंट कर किया।

## अग्निवीर के गांव पहुंचने पर स्वागत

**सीतापुर।** अग्निवीर सैनिक के गांव आने पर ग्रामीणों ने फूल माला पहना कर स्वागत किया। पिसावां कस्बा निवासी सत्यदेव मिश्रा का पुत्र वैभव मिश्रा छह माह पूर्व सेना में अग्निवीर मे भर्ती हो कर बंगलौर ट्रेनिंग करने गया था। मंगलवार को अग्निवीर सैनिक वैभव मिश्रा के घर आने पर क्षेत्र के राजेश सोमवंश, एसआई दिवाकर मिश्रा, अनुपम, अनूप, संतोष शुक्ला, हीरा लाल, मनोज तिवारी आदि लोगों ने खुशी जाहिर की। अग्निवीर सैनिक को फूल माला पहना कर मिठाई खिलाई।

## नदी में नहाने गये युवक की डूबने से मौत

**तंबौर/सीतापुर।** क्षेत्र के एक गॉव के किनारे बह रही नदी में नहाने गये युवक की डूबने से मौत हो गयी।जानकारी होने पर दौड़े ग्रामीणों ने नदी में कूदकर उसे निकाला और सीएचसी लाये लेकिन डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।क्षेत्र के अकबरपुर निवासी गुड्डू का बेटा जमशेद उम्र 25 वर्ष बुधवार को गांव के पड़ोस में बह रही शारदा नदी में नहाने के लिए गया था।नहाते समय जमशेद अचानक नदी के गहरे पानी में चला गया।युवक को डूबता देख आसपड़ोस मौजूद लोगों ने शोर मचाया । जानकारी पर दौड़े ग्रामीणों ने नदी में कूदकर काफी मशक्कत के बाद उसको बाहर निकाला जिसके बाद तुरंत सीएचसी तंबौर ले गए जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।परिवारीजनों के मुताबिक जमशेद आने वाली बकरीद के दो दिन बाद काम के सिलसिले में दुबई जाने वाला था जिसका टिकट भी कन्फर्म हो चुका था। युवा बेटे की मौत पर परिवार में कोहराम मच गया परिवारीजनों का रो रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने बिना किसी को सूचना दिये उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

## टूटे बिजली के तार टूटने से गुल है घरों की बिजली

**सीतापुर।** महोली के गुजिया लाइन क्षेत्र के बाशिंदों को विद्युत विभाग की उदासीनता के चलते बिजली संकट से जूझना पड़ रहा है। यहां पर मंगलवार को विद्युत पोल से तार टूट गए थे। शिकायत के बावजूद तार जोडे.नहीं जा सके हैं। टूटे तार लटकने की वजह से हादसा होने की आशंका है। वहीं तमाम घरों तक बिजली भी नहीं पहुंच रही है। बिजली गुल होने से उपभोक्ता काफी परेशान हैं।

## आशा बहू को सम्मानित किया

**सीतापुर।** पिसावां के फखरपुर गांव की आशा बहू रेनू राज को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर अवनीश कुमार द्वारा सम्मानित किया गया है। बताते चलें की गर्भवती महिला पूनम पत्नी बबलू का प्रसाद जटिल अवस्था में 102 एंबुलेंस से करवाने के लिए ले जाया जा रहा था। रास्ते में गर्भवती को अत्यधिक रक्त स्राव प्रारंभ हो गया। आशा बहू और एंबुलेंस की कर्मचारियों की मदद से महिला का प्रसव एंबुलेंस में ही कराया गया। जच्चा व बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। इस कार्य को लेकर अधीक्षक डॉक्टर अश्विनी कुमार और एवं जेसीबी उमेश सिंह तोमर द्वारा उन्हें पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया गया।

## रुस्तम नगर में चल रही कथा का समापन

सीतापुर। पिसावां के ग्राम रुस्तम नगर में चल रही श्री राम कथा का समापन विधि विधान से हुआ। कथा व्यास सोनू बाजपेयी ने हवन पूजन के साथ कथा का समापन किया। इस अवसर पर भंडारे का भी आयोजन किया गया। जिला सहकारी बैंक के संचालक मनोज कुमार मिश्रा द्वारा कथा व्यास सोनू वाजपेई को सम्मानित किया गया। कथा व्यास ने राम कथा का सुंदर वर्णन किया। विभिन्न प्रसंग के माध्यम से श्रोताओं को प्रभु श्रीराम की कथा को सुनाया। उन्होंने कहा भगवान राम ने जो चरित्र प्रस्तुत किया, वह अतुलनीय है। हम सभी को उनके जीवन को अंगीकार करना चाहिए। यदि प्रभु श्रीराम का जीवन में हम अवधारणा कर लें तो आज जो घर परिवार में समस्याएं हैं, वह स्वयं ही दूर हो जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान पीएच मान सत्यपाल राठौर, सुनीता देवी, भास्कर, पवन कुमार, रोहित कुमार, वीरेंद्र कुमार, मुनीम आदि मौजूद रहे।

## सीएचसी अधीक्षक ने अवैध रूप से संचालित हो रहे का अस्पताल का संचालन बंद कराया

**लहरपुर/सीतापुर।** क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित हो रहे अस्पतालों के विरुद्ध बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉक्टर आनंद मित्रा ने जांच कर एक अस्पताल का संचालन बंद कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉक्टर आनंद मित्रा ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर नगर के मोहल्ला ठठेरी टोला स्थित एपेक्स हॉस्पिटल की जांच की और अस्पताल को बिना पंजीकरण संचालित पाए जाने पर अस्पताल के संचालन पर रोक लगा दी, उन्होंने बताया कि जांच के समय अस्पताल का पंजीकरण नहीं पाया गया जिस पर अस्पताल के संचालकों को बिना पंजीकरण अस्पताल का संचालन न करने के लिए निर्देशित किया गया।

# गठबंधन धर्म का पालन

राजनीति को संभावनाओं का खेल माना जाता है। ऐसे में अगर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगभग चौबीस साल तक बहुमत की सरकार का नेतृत्व करने, स्पष्ट जनादेश के साथ सरकार चलाने और बिना दबाव के कड़े और बड़े फैसले लेने के बाद जनादेश के सम्मान में या कहें सियासी मजबूरी के तहत गठबंधन की सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं, तो यह संभावनाओं वाली राजनीति का ही कमाल कहा जायेगा। मोदी भले अब तक बहुमत की सरकार चलाते रहे हों, लेकिन अब वे गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं और उनके तमाम फैसले गठबंधन धर्म के मद्देनजर भी होंगे। तीसरे कार्यकाल में सबसे बड़ी 72 सदस्यीय मंत्रिपरिषद इस बात का पहला संकेत और संदेश है कि प्रधानमंत्री मोदी गठबंधन धर्म का पालन कर रहे हैं। तभी तो सभी दलों को एडजस्ट करने के लिए उन्होंने जम्बो मंत्रिपरिषद बनायी है, एक सीट पाने वाले जीतन राम मांझी को कैबिनेट मंत्री का पद दिया। आन्ध्र प्रदेश की नयी सरकार में बीजेपी का केवल एक मंत्री है और बीजेपी नाम मात्र की साझेदार है, फिर भी एन चन्द्रबाबू नायडू के शपथ में प्रधानमंत्री पहुंचे। यह सब इस बात का सबूत है कि प्रधानमंत्री न सिर्फ गठबंधन धर्म का पालन कर रहे हैं बल्कि गठबंधन का नेतृत्व करते हुए लोकहित के फैसले भी कर रहे हैं। गठबंधन की यह नयी सरकार भी लोगों की इच्छा की प्रतीक है, क्योंकि गठबंधन में ही बहुमत और राजधर्म निहित हैं। चूंकि यह गठबंधन की सरकार है, किसी एक दल के पक्ष में बहुमत का जनादेश नहीं है, तो उसके मायने ये नहीं हैं कि गठबंधन की निरंतरता और स्थिरता का ही रोना रोया जाये या फिर बहानों के लिए गठबंधन की आड़ में छिपा जाए। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में ही यह एनडीए-3 सरकार है और 2014 की निरंतरता में ही है। फर्क सिर्फ इतना है कि भाजपा को बहुमत नहीं मिला है और सरकार की स्थिरता गठबंधन के घटक दलों के सहारे है। लेकिन गठबंधन की बैशाखी पर है, ऐसा भी नहीं है, क्योंकि जब 1991 में नरसिम्हा राव सरकार बनी थी, तब कांग्रेस के 232 सांसद ही थे। सरकार पूरे पांच साल चली, यह दीगर है कि कुछ कलंक और दाग लग गए थे, जो लोकतंत्र को बदनाम करते हैं। सदन में बहुमत साबित करने के लिए सांसदों को खरीदा गया था, कुछ को मंत्री पद का लालच दिया गया था। भाजपा के पास 240 सांसद हैं और कुछ निश्चित समर्थक भी हैं। बहुमत के लिए खरीद-फरोख्त की नौबत, शायद, न आए। बहरहाल मौजूदा संदर्भ में हमें तेलुगूदेशम पार्टी (टीडीपी) और जद-यू की ही चिंता नहीं करनी चाहिए। उन्हें भी समविचारक भारत सरकार की जरूरत है, जो उनकी बुनियादी जरूरतों की पूर्ति कर सके। दोनों ही दलों के राज्य गरीब और विपन्न हैं। दोनों ही राज्य कर्जदार हैं। अन्य सरकार उनकी जरूरतों को संबोधित नहीं कर सकती। प्रधानमंत्री मोदी की सरकार का राजधर्म यह है कि जब भी कोई बड़ा और गंभीर फैसला लेना हो, तो विमर्श की मेज पर सभी सहयोगी दलों के नेता मौजूद हों और फैसला सर्वसम्मति से किया जाना चाहिए। खुद प्रधानमंत्री ऐसी भावना व्यक्त कर चुके हैं। गठबंधन सरकारों के प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और डॉ. मनमोहन सिंह भी थे, जिन्होंने अपने कार्यकाल बखूबी निभाए। डॉ. मनमोहन सिंह तो 10 साल तक गठबंधन सरकार के प्रधानमंत्री रहे। दूरसंचार, पेंशन, सरकारी घाटे पर लगाम कसने की व्यवस्था, बिजली और बीमा क्षेत्र के कई बड़े सुधारवादी फैसले वाजपेयी सरकार के दौरान लिए गए। मनमोहन सरकार के दौरान अमरीका के साथ असैन्य परमाणु करार जैसे संवेदनशील फैसले के अलावा मनरेगा, खाद्य सुरक्षा, अनिवार्य-मुफ्त प्राथमिक शिक्षा, सूचना के अधिकार, भूमि अधिग्रहण कानून आदि पारित कराए गये। स्पष्ट है कि गठबंधन बेहतर सरकार चलाने का कोई बाधा नहीं बनता।



**गठबंधन सरकार में फैसले व्यापक विमर्श के बाद लिये जाते हैं और इससे प्रशासन की गुणवत्ता और बढ़ती है।**

### विचार

जिस कर्म में भोगने की कामना होती है, जो अहंकार से किया जाता है तथा जो बहुत प्रयास से होता है, वह राजस कर्म है।

–गीता.

इस जगत में कोई संबंध नित्य नहीं है, अपनी देह का भी नहीं। तब स्त्री–पुरुष का साथ सदा नहीं रहेगा, यह क्या कहने की आवश्यकता है?

–महर्षि वेदव्यास.

अहिंसा में इतनी ताकत है कि वह विरोधियों को मित्र बना लेती है और उनका प्रेम प्राप्त कर लेती है।

–महात्मा गांधी.

जो मेरा धन चुराता है वो मेरी सबसे तुच्छ वस्तु ले जाता है।

–शेक्सपियर.

जो जीवों की हिंसा करता है, वह आर्य नहीं होता, सभी जीवों के प्रति अहिंसा का भाव रखने वाला ही आर्य कहलाता है।

–गौतम बुद्ध.

# नीट अगर क्लीन न मिली, तब क्या होगा?



वीना गौतम

**दरअसल बात भरोसे की है, लेकिन जिन जिन के पास इस भरोसे को बनाये रखने की अथॉरिटी है, वो इस पर ध्यान देने के बजाय अपनी बात मनवाकर ताकत का इजहार कर रहे हैं। यह अच्छी बात नहीं है। अगर वाकई सुप्रीम कोर्ट की नोटिस के बाद नीट की जांच होती है और वह क्लीन नहीं साबित होती, तो उन छात्रों के भविष्य का क्या होगा, जिनकी अनदेखी करके सुप्रीम कोर्ट ने काउंसलिंग पर रोक नहीं लगायी?**

मेडिकल पाठ्यक्रम में प्रवेश की राष्ट्रीय पात्रता सह-प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) 2024 के 4 जून 2024 को जारी नतीजों को लेकर पूरे देश में हंगामा मचा हुआ है। देश के हर कोने से इस प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए छात्र खुद के साथ धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए इसे रद्द करके एसआईटी जांच की मांग कर रहे हैं। हैरानी की बात तो ये है कि देश की इस सबसे महत्वपूर्ण परीक्षाओं में से एक का रिजल्ट तो 4 जून 2024 को आया है, लेकिन छात्र गड़बड़ियों की बात 1 जून 2024 से ही कह रहे हैं और इसके विरूद्ध आंदोलन भी कर रहे हैं। अलग अलग राज्यों में 20 हजार से ज्यादा स्टूडेंट्स ने इस संबंध में अदालत में याचिकाएं दायर कर रखी थीं, जिसमें इस परीक्षा में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की शिकायत की गई थी और जब 4 जून को रिजल्ट आ गया तथा एक एग्जाम सेंटर के 67 कैंटीडेट्स को पूरे 720 नंबर मिलने की बात सामने आयी, तब से तो यह आंदोलन और भी तेज हो गया है। लेकिन गुजरे 10 जून 2024 को सुप्रीम कोर्ट में इस संबंध में लगायी गई याचिका पर 11 जून 2024 को सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने नीट-यूजी की काउंसलिंग पर रोक लगाने से इंकार कर दिया है। हालांकि कोर्ट ने माना है कि नीट परीक्षा की पवित्रता प्रभावित हुई है और इसका जवाब एनटीए यानी नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को देना होगा।

सुप्रीम कोर्ट पर शिवांगी मिश्रा सहित 9 अन्य छात्रों ने नीट के रिजल्ट की घोषणा के तीन दिन पहले जो याचिका दायक की थी, उसमें आरोप लगाया गया था कि बिहार और राजस्थान के एग्जाम सेंटर पर गलत क्वेश्चन पेपर बंटने के चलते हुई गड़बड़ी की एसआईटी से जांच करायी जाए और परीक्षा दोबारा करायी जाए। लेकिन सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस विक्रमनाथ और जस्टिस एहसानुद्दीन अमानुल्लाह की वैकेशनल बेंच ने मामले की सुनवाई करते हुए उम्मीदवारों की हो रही काउंसलिंग को रोकने से इंकार करते हुए इस मामले में अगली सुनवाई 8 जुलाई 2024 को करने का निर्णय लिया है। कहा जा सकता है कि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले पर छात्रों को निराशा हुई है, क्योंकि इस फैसले का भविष्य खुद सुप्रीम कोर्ट ने पहले से तय कर दिया है। क्योंकि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले में यह तथ्य अंतर्निहित है कि इस परीक्षा के घोषित नतीजों पर अब कोई परिवर्तन संभव नहीं होगा। हां, आगे से ऐसा न हो और ऐसा क्यों हुआ, इस पर एनटीए को जवाब देना होगा? ऐसे में एनटीए कुछ भी जवाब दे दे, चाहे तो हाथ जोड़कर माफी ही मांग ले, लेकिन उन छात्रों का इससे भला नहीं होने वाला, जिन्हें लगता है कि परीक्षा में हुई गड़बड़ी के कारण उनका भविष्य चैपट हो गया। हालांकि इस परीक्षा को लेकर विरोध करने वाले सभी छात्र वो नहीं हैं, जो इस परीक्षा में फेल हो गए हों। क्योंकि परीक्षा के विरूद्ध हंगामा रिजल्ट आने के कई दिन पहले से ही हो रहा था और याचिका भी काफी पहले से ही दायर हो रखी थी। दरअसल सुप्रीम कोर्ट में इस संबंध में दायर याचिकाओ में एक नहीं बल्कि कई शिकायतें की गई थी, जिनमें एक बड़ी शिकायत 5 मई 2024 को आयोजित इस एग्जाम के पेपर लीक होने की बात भी थी। सिर्फ दिल्ली में ही नहीं बल्कि दिल्ली से बाहर खासकर तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में भी नीट-यूजी 2024 का परीक्षा परिणाम आने के पहले ही जबरदस्त हंगामा हो रहा था। यहां दायर कई दर्जन याचिकाएं स्टूडेंट वेलफेयर के लिए काम करने वाले अब्दुला मोहम्मद फैज और डॉ. शैख रोशन ने दायर की थी।




**नीट यूजी-2024**

इन याचिकाओं में विशेषतौर पर यह बात कही गई थी कि रिजल्ट में ग्रेस मार्क्स देना एनटीए का मनमानी फैसला है। छात्रों को 718 या 719 मार्क्स देने का कोई मैथमेटिकल आधार नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने भी एनटीए को नोटिस तो जारी की है और उससे जवाब भी मांगा है कि आखिर देश की सबसे महत्वपूर्ण परीक्षा एजेंसी की विश्वसनीयता क्यों भंग हुई? लेकिन असली बात ये है कि सुप्रीम कोर्ट ने जिस तरह से एडमिशन के लिए काउंसलिंग जारी रखने का फैसला लिया है, उससे यह साफ संदेश गया है कि उसकी इस कार्यवाई से इस परीक्षा के नतीजों पर कोई बदलाव नहीं होने वाला। एक तरह से देखा जाए तो यह नीट-यूजी 2024 की परीक्षा देने वाले और इस परीक्षा पर गड़बड़ियों का आरोप लगाने वाले छात्रों की व्यवहारिक तौरपर हार ही है। क्योंकि अगर सुप्रीम कोर्ट ने बाद में एनटीए को चाहे जितनी कड़ी फटकार लगा दे, या कुछ भी कह दे या नये नियम ही क्यों न बना दे और एनटीए गड़बड़ियों को स्वीकार करके माफी मांग ले तो भी आखिर उसका फायदा क्या होगा?

इसलिए अच्छा होता अगर देश के 24 लाख छात्रों के भविष्य की संवेदनशीलता समझी जाती, जो इस महत्वपूर्ण परीक्षा में बैठे थे। इससे परीक्षा में गड़बड़ी का आरोप लगाने वाले छात्रों को भरोसा होता कि उनके साथ इंसाफ होगा। लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ सिर्फ सांत्वना के तौरपर देश की सबसे महत्वपूर्ण परीक्षा एजेंसी के विरूद्ध महज नोटिस जारी की गई है। जबकि गड़बड़ी का आरोप लगा रहे छात्र ऐसी ऐसी बात कह रहे हैं, जो पहली नजर में ही गड़बड़ी नहीं बल्कि महागड़बड़ी लग रही हैं। मसलन छात्रों का कहना है कि एक ही एग्जाम सेंटर से 67 कंटीडेट्स आल इंडिया रैंक कैसे हासिल कर सकते हैं और उसमें भी सभी के पूरे 720 अंक कैसे मिल सकते हैं? दायर की गई याचिका में कहा गया है कि जब एनटीए की गाइडलाइन में ग्रेस मार्क्स देने की कोई बात ही नहीं थी, तो फिर मनमानी तरीके से ग्रेस मार्क्स क्यों दिए गये हैं? हालांकि आरोप जिन जिन गड़बड़ियों को लेकर लगाये गये हैं, एनटीए ने करीब करीब सभी के जवाब दिए हैं। मसलन इस आरोप पर कि आखिरकार 67 कंटीडेंट्स को एआईआर-1 कैसे मिली, पर एनटीए का कहना है कि जिन 67 स्टूडेंट्स को सर्वोच्च मार्क्स मिले हैं, उन्हें एआईआर-1 रैंक नहीं मिली और उन्हें टॉपर भी नहीं माना जायेगा। वास्तव में उसके मुताबिक 67 में से 44 स्टूडेंट्स को आंसर की में हुए बदलाव की वजह से बोनस मार्क्स मिले हैं, जिसकी वजह से इन छात्रों ने पर्फेक्ट स्कोर किए हैं।

एनटीए ने इस सवाल का भी जवाब दिया है कि आखिर 44 स्टूडेंट्स को ग्रेस मार्क्स किस आधार पर दिए गए हैं। उसके मुताबिक दरअसल एग्जाम में केमिस्ट्री सेक्शन में एटम से रिलेटेड एक सवाल पूछा गया था, जिसका आंसर की में ऑप्शन 1 सही था। लेकिन एनसीईआरटी किताबों के हिसाब से ऑप्शन 3 सही था। इसलिए जिन छात्रों ने ऑप्शन 3 मार्क किया था, उन्हें दरसअल बोनस मार्क्स दिए गये। इस तरह देखा जाए तो एनटीए नकारती है कि किसी छात्र को मनमाने तरीके से ग्रेस अंक देकर उनकी रैंक 1 नंबर की गई है। लेकिन कुल मिलाकर यह गड़बड़ी का आरोप अब महज एग्जाम पर हुई गड़बड़ी तक नहीं सीमित बल्कि इसका अच्छा खासा राजनीतिकरण हो गया है। कांग्रेस के राहुल गांधी ने साफ तौरपर कहा है कि यह शिक्षा माफियों ने किया है और हम सत्ता में आते तो ऐसा नहीं होने देते। साथ ही जब भी आएंगे ऐसा नहीं होने देंगे। कुल मिलाकर बात भरोसे की है, लेकिन जिन जिन के पास इस भरोसे को बनाये रखने की अथॉरिटी है, वो इस पर ध्यान देने की बजाय अपनी बात मनवाकर अपनी ताकत का इजहार कर रहे हैं। यह अच्छी बात नहीं है। अगर वाकई सुप्रीम कोर्ट की नोटिस के बाद नीट की जांच होती है और वह ह्यक्लीनह्व नहीं साबित होती, तो उन छात्रों के भविष्य का क्या होगा, जिनकी अनदेखी करके सुप्रीम कोर्ट ने काउंसलिंग पर रोक नहीं लगायी?

### सोशल मीडिया

हमारी सरकार ने महंगाई राहत कैंप लगा कर जनता को दस राहत भरी योजनाएं दी थीं जिनमें 100 यूनिट फ्री बिजली भी थी। इससे जनता को बड़ी राहत मिली थी। अशोक गहलोत.



टीडीपी प्रमुख श्री चन्द्र बाबू नायडू जी को आंध्र प्रदेश के सीएम के रूप में शपथ लेने पर हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं। श्री नायडू के नेतृत्व में आंध्र के विकास को गति मिलेगी। नीतीश कुमार.



बिहार से लेह तक अपने दो पहियों पर एकता के संदेश लेकर आने जाने का जज्बा रखने वाले युवा से देश की ताकत बढ़ती है, युवाओं ने देश को जोड़ने का दायित्व निभाया है। अखिलेश यादव



# आत्म चिंतन का महत्व

आत्म चिंतन मनुष्य को पारिष्कार का अवसर प्रदान करती है। आत्मिक प्रगति का प्रथम चरण आत्म-निरीक्षण जितना गंभीर और प्रखर होता है। उसी अनुपात में शरीर और आत्मा की भिन्नता का वास्तविक आभास होता है। अन्यथा तोतारटन्त की तरह आत्मा परमात्मा की चर्चा का बाल विनोद चलता रहता है। माया के बंधन शिथिल होने या कटने का एक मात्र उपाय है कि अपनी सत्ता की स्थिति को समझा जाये। यह अनुभूति विकसित हो सके तो ही आत्मा का महत्व एवं हित सूझ पड़ता है और शरीर के पक्ष में झुकी हुई सारी प्रकृति को संतुलित करने का मन होता है। शरीर संसार में अनुरक्त रहता है और आत्मा की प्रायः उपेक्षा करता है। यह सोच तक नहीं पाता कि हमारे भीतर आत्मा नाम की कोई वस्तु भी है और उसकी भी कुछ मांग, पुकार, सुख एवं आवश्यकताएं भी हैं। इस प्रकार की अनुभूति तभी होती है जब शरीर तथा इसके सुखों पर सर्वस्व न्यौछावर किए रहने के ढर्रे में परिवर्तन किया जाये। आत्मा को परमात्मा का संदेश सुनने और आह्वान को अंगीकार करने की बात अंतरंग की गहराई तक प्रवेश कर जाती है। तभी यह सूझ पड़ता है कि शरीर की तरह आत्मा के निमित्त भी कुछ किया जाना चाहिए। क्या किया जाना चाहिए? इसके उत्तर में दो तथ्य उभर कर सामने आते हैं। एक यह कि आत्म गौरव के अनुरूप व्यक्तित्व के ढलने में जो त्रुटियां चल रही हैं, उनका कठोरतापूर्वक नियमन किया जाये। इसी को तप कहते हैं। इस संदर्भ में कठोरता बरतनी होती है। अभ्यस्त दुष्प्रवृत्तियां सहज पीछा नहीं छोड़तीं। तपश्चर्या का अभिप्राय शरीर को कष्ट देना नहीं है। इसका वास्तविक अर्थ है- ऐसा मनोबल विकतिस करना जो दुष्प्रवृत्तियों से मल्ल युद्ध करके उन्हें परास्त कर सके। इसी को संशोधन पक्ष कहते हैं। इसके अतिरिक्त दूसरा पक्ष श्रेष्ठता के अभिवर्द्धन का है। यह आत्मविश्वास एवं आत्मबल के आधार पर उपर्युक्त क्रम बना लेने से भी संभव हो सकता है। इसके लिए सत्प्रवृत्तियों के समन्वय द्वारा ईश्वर की उपासना सहायक होती है। इसे ही योग कहते हैं। विराट ब्रह्म से अपने आपको जोड़ना ही योग है। क्षुद्र स्वार्थपरता के संकीर्ण बंधनों को शिथिल करने का अभ्यास करना ही योग है। ऐसे साधक का दृष्टिकोण समता और क्रिया कल्याण सर्वजनीन हित साधन का होता है। इसके लिए कर्म ज्ञान भक्ति किसी भी मार्ग अथवा इसके समन्वय का अभ्यास आरम्भ किया जा सकता है। यही है यथार्थवादी आत्मिक प्रगति का राजमार्ग जिसे अपनाकर कोई भी साधक पूर्णता के लक्ष्य की ओर बढ़ सकता है।

**अंतर्दृष्टि**

# कवि को सजग रहना चाहिए

**व्यंग्यलोक**

साहित्यिक गोष्ठी में जाने का अवसर मिला। गोष्ठी अपने पीक पर थी। मैंने साहित्यकार की कुहनी मारकर कहा आंखें खोलो प्रभू! निर्लज्जता की भी हद होती है। काव्य-मीमांसा के तत्वों की व्याख्या की जा रही है। मेरी बात पर ध्यान न देते हुए साहित्यकार बोला- यार दो-तीन दिन से ठीक तरह से सो नहीं पा रहा-घर में बच्चे सोने नहीं देते। लेकिन साहित्यिक गोष्ठी का तो ख्याल करो। मैंने कहा। ख्याल करके ही तो खरार्टे नहीं ले रहा वर्ना नींद जोरों की आ रही है। फिर आए क्यों थे। सोने के लिए। साहित्यकार फिर निद्रालीन होकर साहित्य से बेखबर हो गया। मैंने फिर कहा- यार सुनो आलोचक जी काव्य मीमांसा में रोचकता की दलील दे रहे हैं। क्या साहित्यिक गोष्ठी में निद्रा लेना खुद गंभीर रोचकता नहीं है। ऐसा करो मित्र साहित्य में क्या कुछ होना है, उसे ध्यान से सुनो तथा जागने पर मुझे बता देना। मेरी खोपड़ी मत चाटो-अपना काम करो। मैं चुप रहा-बगल में देखा तो दीपंकरजी ने भी आंखें ढेर रखी थीं। मैंने दीपंकरजी को हिलाया और चौकस किया। दीपंकरजी उबल पड़े- सोते हो न सोने देते हो साहित्य साहित्य की रट लगा रखी है। भैया चुपचाप सुनो। तुम्हारे हाजमे के लिए यह जरूरी है-मेरे स्वास्थ्य के लिए सोना जरूरी है। मैं ठंड पी गया और सोचने लगा कि साहित्यिक गोष्ठी में क्यों कर आया? आलोचक को देखा तो उसका व्याख्यान जारी था। वह इस बात से बिल्कुल बे-खबर था कि अस्सी प्रतिशत संभागी निद्रा में डूब गए हैं और वे उसकी कोई बात नहीं सुन रहे। मैंने आलोचक से ही कहा-देखिए, भाषण ऐसा दीजिए-ताकि लोग जिन्दे और होश में बने रह सकें। हालात देखिए-तमाम लोग बेहोश हैं। वह मेरी कब सुनने वाला था-उसका व्याख्यान जारी था-कविता की भाषा और उसका मुहावरा अब बदल देना है। उन प्रतीकों से नये कवि को हटना होगा जो कविता को बोदा बनाते हैं। इस अर्थ में काव्यगत वैशिष्ट के लिए स्वयं कवि को सजग रहना चाहिए। हिन्दी कविता में यह समय अत्यन्त हौच-पौच का है-अब कवि और आदमी में फर्क नहीं रह गया है। मेरी राय में कवि को आदमी से अलग होना चाहिए। जहां तक काव्य मीमांसा की शैली और उसके वैविध्य का प्रश्न है-साहित्यकार की उन परिवेशगत सच्चाइयों को समालोचक को देखना चाहिए, जो कविता में उपस्थित नहीं होती। मैं बोर हो गया था-अतः बोला-यदि कविता में सच्चाई है ही नहीं तो वह खोजी कहां से जाए। देखिए आप तनिक साहित्य का ख्याल करके उसे सुपाच्य बनाये रखिए। ऐसा नहीं हो कि इस गरिष्ठता के कारण उपस्थित तमाम साहित्यकार अपना हाजमा ही खराब कर बैठें।



पूरन सरमा

# क्ले का नया चैंपियन कॉर्लोस अलकराज



**फ्रेंच ओपन-2024**

फ्रेंच ओपन 2024 के पुरुष एकल वर्ग में जहां नया चैंपियन देखने को मिला, वहीं महिला एकल वर्ग में ट्राफी उन्हीं हाथों में गई जहां पिछले दो वर्षों से जा रही थी। स्पेन के 21-वर्षीय कार्लोस अलकराज ने पेरिस के रोलां गारों में जर्मनी के 27-वर्षीय एलेक्जेंडर जिवैरिव को संघर्षपूर्ण फाइनल में 6-3, 2-6, 5-7, 6-1, 6-2 से पराजित किया। यह विश्व में तीसरी रैंकिंग प्राप्त अलकराज का तीसरा ग्रैंड स्लैम खिताब है। इससे पहले वह विंबलडन व यूएस ओपन भी जीत चुके हैं, जबकि विश्व में चौथी रैंकिंग प्राप्त जिवैरिव ने अभी तक कोई ग्रैंड स्लैम नहीं जीता है। महिला वर्ग में पोलैंड की 23-वर्षीय इगा स्विटेक ने क्ले पर अपनी बादशाहत बरकरार रखते हुए एकतरफा फाइनल में 12वीं वरीयता प्राप्त इटली की 28-वर्षीय जैस्मिन पोलिनी को सीधे सेटों में 6-2, 6-1 से हराया। यह इगा स्विटेक का चैथा फ्रेंच ओपन खिताब है और लगातार तीसरा। इसके अतिरिक्त उन्होंने एक अन्य ग्रैंड स्लैम भी जीता है, जिससे अब उनके पास कुल पांच मेजर हो गये हैं।

अगर क्ले कोर्ट के राजा राफेल नडाल हैं, तो इगा स्विटेक को क्ले कोर्ट की रानी कहा जा सकता है। वह क्ले पर इतनी शानदार खिलाड़ी क्यों हैं? क्या अपनी सर्विस की वजह से? उन्होंने कुछ वर्ष पहले अपने सर्विस में परिवर्तन किया था और निश्चितरूप से अधिक तेज व स्टीक सर्विस कर रही हैं। क्या वजह बेसलाइन से उनका शक्तिशाली खेल है? क्या वजह उनका अविश्वसनीय फोरहैंड है? उनके इस शॉट से गेंद एक मिनट में 3,400 से अधिक रोटेशन ले लेती है, जोकि सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ियों के समान है। यह कैसे मुमकिन है कि 23 साल की यह लड़की क्ले पर महान बनने की राह पर है? गौरतलब है कि फाइनल से पहले सोशल मीडिया पर लोग सवाल कर रहे थे कि क्या इस बार भी इगा स्विटेक बैगल (6-0) सेट लगायेंगी? इससे यह अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है कि टेनिस प्रेमियों को उनकी प्रतिभा व जीत की संभावना पर कितना विश्वास था। विश्व की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्विटेक ओपन एरा में मोनिका सेलेस (1990-92) व जस्टिन हेनिन (2005-07) के बाद तीसरी महिला हैं, जिन्होंने फ्रेंच ओपन खिताब लगातार तीसरी बार जीता है। वह हेनिन (4), स्टेफी ग्राफ (6) व क्रिस एवर्ट (7) के बाद चैथी महिला हैं, इस प्रतियोगिता को चार बार जीतने वाली। 2013 में सेरेना विलियम्स के बाद इगा स्विटेक केवल तीसरी महिला हैं जिन्होंने मेड्रिड, रोम व रोलां गारों खिताब समान वर्ष में जीते हैं। अभी तो इगा स्विटेक का अधिकांश करियर शेष है, इसलिए केवल अंदाजा ही लगाया जा सकता है कि वह इस लिस्ट पर कहां अंत करेंगी। इस बार पेरिस में उन्होंने 43 में से 40 सेट जीते, जिनमें से 10 बैगल थे। इसलिए सवाल वही है कि क्ले पर इगा स्विटेक के दबदबे का राज क्या है? यह दोहराने की जरूरत नहीं कि वह अपने खेल को लेकर अति फोकस हैं। उनके शॉट्स इतने स्टीक हैं कि अक्सर मैकेनिकल लगते हैं और यह तभी मुमकिन है जब आप दिन रात प्रैक्टिस कर रहे हों। लेकिन उनका असल जादू उन दुर्लभ अवसरों पर सामने आता है, जब वह दबाव में होती हैं। यही बात उन्हें महानता की ओर ले जा रही है।

दूसरी ओर अलकराज ने फ्रेंच ओपन जीतने के बाद इस लिहाज से इतिहास रचा कि अब उन्होंने सभी तीनों सरफेस पर सबसे कम आयु (21 वर्ष) में मेजर खिताब जीत लिए हैं। ये तीन सरफेस हैं घास (विंबलडन), कृत्रिम (यूएस ओपन व ऑस्ट्रेलियन ओपन) और क्ले (फ्रेंच ओपन)। अलकराज को अभी ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतना शेष है। दूसरी ओर जिवैरिव की कुंठा जारी है। वह आठ बार ग्रैंड स्लैम के अंतिम चार में पहुंच चुके हैं, लेकिन एक बार भी ट्राफी उठाने का उन्हें अवसर नहीं मिला है। अलकराज कितने जुझारू खिलाड़ी हैं, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि रोजर फेडरर (2017 ऑस्ट्रेलियन ओपन) के बाद से वह पहले खिलाड़ी हैं, जिन्होंने सेमीफाइनल व फाइनल में 5 सेट्स खेलकर ग्रैंड स्लैम खिताब जीता है। यहां पिछले साल की एक बात को दोहराना प्रासंगिक रहेगा। विंबलडन के फाइनल में पहुंचने के बाद अलकराज से सवाल किया गया था कि क्या वह सात बार के विंबलडन चैंपियन और लगातार अपना पांचवां विंबलडन खिताब जीतने का प्रयास कर रहे नोवाक जोकोविच को हराने का दमखम रखते हैं? तब 20-साल के कार्लोस अलकराज ने बिना किसी लाग लपेट के कहा था, राह वास्तव में कठिन है, लेकिन मैं फाइट करूंगा। मैं ऐसा ही हूं। मैं खुद में विश्वास करता हूं। **सारिम अन्ना.**

## आप की बात

### सामाजिक बदलाव की दिशा

भारत के साथ आजाद होने वाले अधिकांश देश आर्थिक प्रगति, नागरिकों की सुख-सुविधा, सुरक्षा, स्वास्थ्य रक्षा, रोजगार और समग्र प्रगति के मामले में बहुत आगे निकल चुके हैं। समावेशी विकास, महिला अधिकारिता, शिक्षा और बाल विकास जैसे तमाम मुद्दों पर छोटे-छोटे देश भी भारत से बहुत आगे हैं। भले ही हम आज दुनिया में महाशक्ति बनकर उभर रहे हों लेकिन फिर भी गरीबी, भुखमरी, बेरोजगारी आदि के मामले में भारत की स्थिति ठीक नहीं है। आजादी के अमृत महोत्सव के मौके पर जब हम यह सोचते हैं कि आखिर कहां ऐसी कमी रही, कौन से कारण रहे जिनके चलते भारत मानव विकास, नागरिकों की समृद्धि आदि के मामले में विश्व रैंकिंग में कहीं नहीं ठहरता। जिस भी खराब मुद्दे को लेते हैं चाहे वह गरीबी हो, कुपोषण हो, खराब शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा हो, वैश्विक स्तर पर जब इनके आंकड़ों का अध्ययन करते हैं, तो यह पाते हैं कि भारत अधिकांश में नंबर एक पर है। यह भारत और उसके हरेक नागरिकरों के लिए चिंता का, चिंतन का और शर्म का भी विषय है। ऐसा क्यों है कि भारत में बहुत कुछ होते हुए भी हम अपने नागरिकों को बेहतर मानवीय सुविधाएं नहीं दे पाये हैं, तो इसके पीछे एक जो सबसे ठोस कारण नजर आता है वह है शिक्षा। अच्छी शिक्षा हरेक समाज की, हरेक नागरिक की जरूरत है। शिक्षा के बिना कोई भी समाज या देश प्रगति नहीं कर सकेगा। अगर अच्छी शिक्षा लोगों को मिलेगी तो लोग अपने आप आगे निकल जायेंगे और बहुत सारी कमियां पीछे छूट जायेंगी। इसलिए शिक्षा पर फोकस करना जरूरी है।

**प्रेम प्रकाश शुक्ल, लखनऊ.**

### पंजाब की शांति पर सवाल

ऐसा लगता है पंजाब की शांति को फिर से किसी की नजर लग गयी है। बात-बात पर आंदोलन, चुनाव में खालिस्तान समर्थकों को सफलता, यह सब इस बात का सबूत है कि कहीं न कहीं पंजाब में कुछ ऐसा हो रहा है जो देश की एकता और अखंडता के हित में नहीं। बात-बात आंदोलन करना, कामकाज ठप कर देना, रेलवे को नुकसान करना, सरकार के नाक में दम कर देना, प्रधानमंत्री तक का रास्ता रोकना, जब जहां मन में आया उस सड़क, चौराहे या बॉर्डर को बैठ जाना, ट्रैफिक बंद करा देना। इत्यादि गतिविधियों से आम आदमी के मन में किसान आंदोलन को लेकर अनेक आशंकाएं पैदा हुई हैं। किसान संगठनों द्वारा चलाये जा रहे आंदोलन के कारण पंजाब के उद्योग व्यापार पर बहुत बुरा असर पड़ रहा है। व्यापार व उद्योग जगत को प्रतिदिन हजारों करोड़ का नुकसान हो रहा है। किसानों द्वारा रेल और सड़क पर धरना जारी रखने के कारण जहां रेलवे को लाखों रुपये का नुकसान हो रहा है, वहीं इतनी लू और गर्मी के मौसम में हजारों यात्रियों की यात्रा एक अग्नि परीक्षा सी बन गई है। चंद घंटों का सफर लम्बा होता जा रहा है। समय और धन की बर्बादी तथा किसानों के अड़ियल रवैय्ये को देखते हुए देश के जाने माने कृषि अर्थशास्त्री पद्म भूषण सरदारा सिंह जौहल ने भी किसान संगठनों द्वारा किए जा रहे प्रदर्शनों से पंजाब को होने काले नुकसान पर चिंता जताते हुए कहा है कि कुछ किसान नेताओं ने लंबे समय से नेशनल हाईवे और रेल ट्रैक को रोककर प्रदेश की अर्थव्यवस्था और सामाजिक जीवन का गला दबा दिया है। प्रदेश में व्यापार और उद्योग लगभग ठप होकर रह गये हैं। इसका भारी नुकसान पंजाब को उठाना पड़ रहा है। रोजगार, आमदनी एवं आर्थिक विकास पर भी बुरा असर पड़ना शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि यह हैरान करने वाली बात है कि पंजाब में हो रहे नुकसान को देखते हुए भी प्रदेश सरकार इस मुद्दे पर मौन बैठी है और केन्द्र सरकार भी रेलवे ट्रैक को खाली करवाने को कोई कवायद नहीं कर रही है। केवल वोटों की राजनीति हो रही है, पंजाब और पंजाबियत को हो रहे नुकसान पर कोई काम नहीं कर रहा है।

**अतुल कुमार मिश्र, लखनऊ.**

संक्षेप

## बगीचे में लटकता मिला युवक का शव

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** बगीचे में आम की रखवाली कर रहे युवक का शव बाग में ही पेड़ से लटकता संदिग्ध परिस्थितियों में, परिजनों को मिला, सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली इनायत नगर क्षेत्र के मंजनाई गांव निवासी अमित कुमार पुत्र घप्पू 18 वर्ष गांव के ही सुधाकर पाण्डेय के आम के बगीचे में आम रखवाली कर रहे थे। अमित कुमार की मां बगीचे में बेटे से मिलने के लिए गई तो देखा कि बेटे फंदे से लटका हुआ है। बेटे को पेड़ से लटकता देख जोर-जोर से चिल्लाने लगी चिल्लाने की आवाज सुनने के बाद बगीचे में पहुंचे ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी घटना की जानकारी के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार सिंह का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद घटना के संबंध में कुछ स्पष्ट स्पष्ट कहा जा सकेगा परिजनों की ओर से अभी कोई तहरीर भी नहीं मिली है।

# बारिश के पूर्व ड्रेनेज व्यवस्था का निरीक्षण करें अधिकारी: गौरव दयाल



**अयोध्या।** मण्डलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में मानसूनी बारिश के पूर्व शहरी क्षेत्र में स्थित नाले/नालियों के साफ सफाई के अद्यतन स्थिति एवं अन्य प्रमुख स्थलों की ड्रेनेज व्यवस्था के संबंध में एक आवश्यक बैठक आयुक्त कार्यालय में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ की गई।

मंडलायुक्त ने कहा कि जितने भी मार्गो का निर्माण कार्य पिछले एक साल के अंदर किया गया है उन सभी मार्गो की ड्रेनेज व्यवस्था का निरीक्षण बारिश के पूर्व एक बार सभी संबंधित अधिकारी कर ले जिससे कि बारिश के दौरान मलवा आदि से ड्रेनेज ब्लॉक न होने पाए साथ ही जितने भी मार्गो यथा पंच कोसी व चैदहकोसी सहित अन्य का निर्माण कार्य चल रहा उनमे निकलने वाले मलबे को तत्काल उठाने की निरंतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने पी0डब्लू0डी के अधिशाषी अभियंता को निर्देशित किया कि किसी भी मार्ग के निर्माण के दौरान उसमे पूर्व से मौजूद नाले/नालियों को बिना जिलाधिकारी की अनुमति के न तोड़ा जाए अगर बिना पूर्व अनुमति के इन नाले/नालियों को तोड़ा जाता है तो सम्बन्धित अधिशाषी अभियंता का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने नगर आयुक्त श्री संतोष कुमार शर्मा से शहर के प्रमुख नालो की सफाई के अद्यतन स्थित की जानकारी प्राप्त की नगर आयुक्त द्वारा अवगत कराया गया कि शहर में कुल छोटे बड़े 72 नालो को बारिश के पूर्व सफाई के लिए चिन्हित किया गया है जिसमे से 54 नालो की सफाई पूर्ण हो चुकी है शेष की गतिमान है। उन्होंने उपाध्यक्ष अयोध्या विकास प्राधिकरण श्री अश्विनी कुमार पांडेय से कहा कि अयोध्या में श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु बनाये गए फैसिलिटी सेंटर यथा पार्किंग स्थलों विभिन्न कुंडों सहित अन्य प्रमुख स्थलों की ड्रेनेज व्यवस्था का सर्वे करवा लें यदि कोई समस्या हो तो उसका निराकरण बारिश से पूर्व करवाना सुनिश्चित किया जाय। बैठक में उपाध्यक्ष अयोध्या विकास प्राधिकरण अश्विनी कुमार पांडेय, नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा, अपर जिलाधिकारी (वि/रा) महेंद्र कुमार सिंह, पी0डब्लू0डी के अधिशाषी अभियंता, अधिशासी अभियंतागण सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

## कुलपति ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण



जिला संवाददाता(vol)

**कुमारगंज-अयोध्या।** उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिक प्रवेश परीक्षा-2024 (यूपी कैटेट) कड़ी निगरानी के बीच बुधवार को

**यूपी कैटेट परीक्षा: दूसरे दिन 717 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा**

शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गई। आखिरी दिन अयोध्या केंद्रों पर परास्नातक, पीएचडी एवं एमबीए पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए कुल 717 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। दूसरे दिन भी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने अयोध्या में बने केंद्रों का निरीक्षण कर परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा सफलतापूर्ण ढंग से परीक्षा कराए जाने पर कुलपति ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी है। कृषि विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी आशुतोष सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि अयोध्या केंद्रों पर परास्नातक एवं पीएचडी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए कुल 711 छात्र-छात्राओं को पंजीकृत किया गया था। प्रथम पाली में कुल 667 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी जबकि 44 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी तरफ एमबीए में 56 अभ्यर्थियों को पंजीकृत किया गया था जिसमें 50 अभ्यर्थी परीक्षा में उपस्थित रहे और छह अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल नहीं हुए। परीक्षा के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। परास्नातक एवं पीएचडी की प्रवेश वाराणसी, अयोध्या, लखनऊ, बांदा, कानपुर व मेरठ जिले में परीक्षा केंद्र बनाया गया था।

## डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की बैठक



**बाराबंकी।** कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार की अध्यक्षता में नॉरकोटिक्स के सम्बन्ध में जिला स्तरीय समिति की बैठक हुई। बैठक मे जनपद में अफीम की अवैध खेती, नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ जागरुकता को बढ़ावा देने, विशेष रुप से विद्यालयों में एनडीपीएस अधिनियम के प्रावधानों व नशीले पदार्थ, दवाओं के हानिकारक प्रभावों के सम्बन्ध में जागरुक किए जाने को लेकर सम्बन्धित अधिकारियो को निर्देशित किया गया। बैठक मे पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह, जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर समेत अन्य सम्बधित अधिकारी मौजूद रहे।

## अपहृता सकुशल बरामद

**बाराबंकी।** थाना बद्दूपुर पुलिस ने मु0अ0सं0 104/2024 धारा 366 भादवि से सम्बन्धित अपहृता को सकुशल बरामद कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की।

## 53 अभियुक्तों पर धारा 151 की कार्रवाई

**बाराबंकी।** जनपद में संदिग्ध व्यक्तियों, वांछित अभियुक्तों, वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान में 1 वारण्टी व 7 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। तथा 53 अभियुक्तों के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओं में कार्यवाही की गयी।

## शातिर चोर गिरफ्तार

**बाराबंकी।** थाना सफदरगंज पुलिस ने 1 शातिर चोर विजय सिंह उर्फ विज्जू उर्फ विमल सिंह पुत्र स्व. शिवशंकर उर्फ मानबहादुर निवासी ग्राम राजापुर थाना शिवगढ़ जनपद रायबरेली को 4 बण्डल लोहे का तार वजन करीब 80 किग्रा, 1 अदद अल्टीनेटर, 1 अदद मोटर साइकिल यू0पी 32 बीएस 8478 बरामद करते हुये कल्याणी नदी के पास से गिरफ्तार किया।

## हरे पेड़ काटने की शिकायत

**बाराबंकी।** जनपद इण्टर कालेज हरख के पूर्व उप महाप्रबन्धक आजीवन सदस्य भाईलाल पुत्र बंजरग ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कालेज प्रागंण मे लगे हरे पेडो को अनाधिकृत रुप से काटे जाने की शिकायत करते हुये कार्यवाही की मांग की है। शिकायतकर्ता ने पुलिस अधीक्षक को भी प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही किये जाने की गुहार लगाई है।

## प्रवर्तन दल ने प्रतिबंधित थर्माकोल से भरी पिकअप को पकड़ा



**अयोध्या।** नगर निगम प्रवर्तन दल ने प्रतिबंधित थमोकोल की प्लेट लदी टाटा मैजिक पिकअप को थाना कोतवाली इनायत नगर क्षेत्र के कुचेरा बाजार से पकड़ा है। नगर निगम के अधिकारियों को जानकारियां मिल रही थी। कि गोंडा जनपद से लाकर मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र में थमाकोल की प्लेट बेची जा रही है। जानकारियां मिलने के बाद से ही प्रवर्तन दल सक्रिय हो गया था और क्षेत्र में निगरानी तेज कर दी थी। बुधवार को सुबह गुप्त सूचना मिलने के बाद प्रवर्तन दल के नायक संदीप सिंह सिविल ड्रेस में पहले से ही कुचेरा बजार पहुंच गए थे। जैसे ही थमाकोल लदी पिकअप यूपी 42 ए टी 1971 पहुंची उसको रुकवा लिया और वहां कुचेरा बाजार में होने की जानकारी अपने उच्च अधिकारियों को दी। जानकारी मिलते ही प्रवर्तन दल के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए और पिकअप को अपने कब्जे में ले लिया। नगर निगम के प्रवर्तन दल ने बताया गाड़ी चालक के कथन अनुसार तकरीबन 30000 रुपए का गाड़ी में माल है। लेकिन प्रतिबंधित होने के कारण इस पे जो लागू चलान है, प्रति किलो 5000 हजार है। उसके हिसाब से लगभग 1 लाख 15 हजार रुपए का जुमार्ना होगा।

# विश्व योग दिवस पर विश्व कीर्तिमान बनाने के लिए लें ऑनलाइन शपथ: प्रो. प्रतिभा गोयल



**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक भवन के सभागार में योग ऑनलाइन शपथ ग्रहण का विश्व कीर्तिमान बनाने के लिए कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल की अध्यक्षता में अधिकारियों, संकायाध्यक्षों, विभागाध्यक्षो, समन्वयकों, प्रभारियों के साथ बैठक हुई। कुलपति ने बताया कि उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल के दिशा-निर्देश में योग शपथ ग्रहण का विश्व कीर्तिमान बनाया जायेगा। इसके लिए ऑनलाइन अभियान 18 जून तक चलाया जा रहा है। इस अभियान में 5 लाख 50 हजार से अधिक विद्यार्थी, शिक्षक, पुरातन छात्र, अधिकारी, कर्मचारी व अभिभावक बढ़चढ कर योग की शपथ लेंगे। बैठक में कुलपति प्रो0 गोयल ने बताया कि इस अभियान को सफल बनाने में सभी को आगे आना होगा। जिससे उत्तर प्रदेश का नाम विश्व कीर्तिमान में सबसे ऊपर हो। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के एनसीसी, एनएसएस कैडेट्स के अलावा विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए ग्रामवासियों को भी योग की आनलाइन शपथ दिलाई जायेगी। उन्होंने बताया कि टूरस्टि गाइड के माध्यम से अयोध्या आने वाले टूरिस्ट को भी योग की शपथ दिलाने का कार्य करेंगे। अंत में कुलपति ने समस्त से कहा कि योग का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। क्योकि यह हमें स्वस्थ्य रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसलिए इस अभियान में अधिक से अधिक शामिल होकर योग शपथ ग्रहण को सफल बनाये।बैठक में योग नोडल अधिकारी प्रो. एसएस मिश्र ने बताया कि इस योग शपथ ग्रहण को सफल बनाने के लिए विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों द्वारा शपथ प्रारम्भ हो चुकी है। जो राजभवन व विश्वविद्यालय के पोर्टल पर योगा प्लेज डॉट इन पर उपलब्ध है। इसमें योग की ऑनलाइन शपथ के लिए लिंक पर जाकर इस अभियान में शामिल हो सकते है। उन्होंने बताया कि इसके योगा प्लेज पर जाकर विश्वविद्यालय के सही नाम चयन के उपरांत मोबाइल नम्बर दर्ज करना होगा। ओटीपी अपलोड के बाद प्रमाण-पत्र जनरेट हो जायेगा। सभी की सहभागिता हो सके इसके लिए लिंक पर जाकर शपथ लेनी होगी। बैठक में अिशोक आशीष पटेल, डॉ0 चितुवेर्दी सहित अन्य विभागों के प्रभारी मौजूद रहे।

## टीआरसी लॉ कॉलेज में निवेशक जागरूकता अभियान की हुई कार्यशाला

**बाराबंकी।** टीआरसी लॉ कॉलेज एवं धनसृजन के माध्यम से वित्तीय सशक्तीकरण के सहयोग से एक वर्चुअल कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का परिचय एवं विषय वस्तु की प्रासंगिकता पर प्रकाश डा0 दीपमाला श्रीवास्तव ने किया। प्राचार्य डा0 अश्वनी कुमार गुप्ता ने मुख्य वक्ता सूर्यकान्त शर्मा, संरक्षक डा0 सुजीत चतुवेर्दी, समन्वयक नवीन कुमार सिंह, सह समन्वयक अमजद अंसारी, आयोजक मण्डल सदस्य वीर विक्रम सिंह, मंजय यादव, धर्मेन्द कुमार, अवनीश कुमार, रोहिणी त्रिपाठी एवं ऑनलाइन माध्यम से जुड़े समस्त प्रतिभागियों का स्वागत किया। श्री शर्मा ने धन सृजन के माध्यम से वित्तीय सशक्तीकरण के लिए सोचो, समझो तब निवेश करो के सिद्धान्त पर चलना चाहिए। बचत के लिए व्यक्ति पैसा कहां लगाये और कितना लगाये इसके लिए प्लान करना बहुत जरूरी है।

## जो मनुष्य सत्संग और प्रभु मनन में लीन रहता उस पर नारायण कृपा बरसाते हैं: सुरेश चन्द्र

जिला संवाददाता(vol)



**टिकैतनगर, बाराबंकी।** भक्ति के लिए भावना भक्तराज प्रहलाद और ध्रुव की तरह होनी चाहिए। जो मनुष्य सत्संग और प्रभु मनन में लीन रहता है। उस पर संतों के साथ-साथ स्वयं नारायण कृपा बरसाते हैं। भगवान को अपने भक्त बेहद प्रिय होते हैं। उक्त बात सराय नेतामऊ में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास सुरेश चंद्र मिश्रा महाराज ने आये भक्तो के बीच कही। उन्होंने आगे कहा कि जो सच्चे हृदय से भगवान को याद करते हैं। उन पर उनकी कृपा सदा बनी रहती है। भागवत कथा सुनने से ऊर्जा का संचार होता है। भक्त ध्रुव द्वारा तपस्या कर श्रीहरि को प्रसन्न करने की कथा को सुनाते हुए कथा व्यास श्री मिश्रा ने बताया कि भक्ति के लिए कोई उम्र बाधा नहीं है। भक्ति को बचपन में ही करने की प्रेरणा देनी चाहिए। क्योंकि बचपन कच्चे मिट्टी की तरह होता है उसे जैसा चाहे वैसा पात्र बनाया जा सकता है। भगवान नृसिंह रुप में लोहे के खंभे को फाड़कर प्रगट होना बताता है कि प्रह्लाद को विश्वास था कि मेरे भगवान इस लोहे के खंभे में भी है। और उस विश्वास को पूर्ण करने के लिए भगवान उसी में से प्रकट हुए एवं हिरण्यकश्यप का वध कर प्रह्लाद के प्राणों की रक्षा की। इस अवसर पर राधे लाल वर्मा, लवकुश शर्मा, दया शंकर शुक्ला, राजकुमार रावत आदि मौजूद रहे।

## महंत नृत्य गोपाल दास का जन्मोत्सव प्रारम्भ

जिला संवाददाता(vol)



**अयोध्या।** श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र टस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास का जन्मोत्सव 12 जून से प्रारम्भ हो गया है। दस दिवसीय कार्यक्रम में कई राज्यों के मुख्यमंत्री सहित देश के कई वीवीआईपी भाग लेंगे। जन्मोत्सव कार्यक्रम को लेकर नगर निगम भी तैयारियों में जुट गया है। बुधवार को महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने महंत कमल नयन दास, नगर आयुक्त संतोष शर्मा व अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ मणिरामदास जी की छावनी में बैठक की। बैठक में महापौर ने साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।महापौर ने कहा कि जन्मोत्सव कार्यक्रम के दौरान देश भर से साधू-संत, वीवीआई सहित कई राज्यों के सीएम अयोध्या आएंगे। इस सब को लेकर सफाई की व्यवस्था चुस्त-दुरूस्त रखी जाए। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्यक्रम के दौरान पर्याप्त संख्या में सफाई कमीर्यों की तैनाती कार्यक्रम स्थल पर की जाए। जगह-जगह कूड़े के डिब्बे रखवा दिए जाए। जिससे कूड़ा इधर-उधर न बिखरे। कार्यक्रम स्थल पर आने-जाने वाले मार्गो पर चूना का छिड़काव कराया जाए। नालियों की सफाई के साथ फागिंग तथा एंटी लार्वा का छिड़काव किया जाए। पार्किंग तथा अन्य व्यवस्थाओं के लिए बोर्ड लगवाए जाएं। पानी की सप्लाई सुचारू रूप से की जाए। पानी के टैंकर की व्यवस्था कार्यक्रम स्थल पर रखी जाए। मोबाइल शौचालय की व्यवस्था की जाए तथा उसकी नियमित सफाई की जाए। बैठक में अपर नगर आयुक्त शशि के अधिशाषी अभियन्ता सहित नगर निगम के अधिकारी व कार्यक्रम से जुडे.लोग उपस्थित थे।

## अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर आयोजित हुई गोष्ठी



**बहराइच।** अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर सहायक श्रम आयुक्त सिद्धार्थ मोदियानी द्वारा विभिन्न स्टेकहोल्डर्स, सरकारी तथा गैर सरकारी संगठन, देहात संस्था, प्रथम संस्था, एक्शन हेड, सद्भावना संस्था, एंटीहयूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के साथ गोष्ठी तथा बाल श्रम की रोकथाम हेतु प्रभावी कार्यवाही पर चर्चा की गई। इसके अलावा विभिन्न व्यापारिक प्रतिष्ठानों में जागरूकता अभियान तथा बाल श्रम न कराने की शपथ दिलाई गयी। उन्होनें ईट भट्ठों पर भी मजदूरों को विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने हेतु अपने बच्चो को अच्छी शिक्षा देने तथा बाल श्रम न कराने हेतु प्रेरित किया गया। सभी सेवायोजको को भी बहराइच को पूर्ण रूप से बाल श्रम मुक्त रखने हेतु जागरूक किया गया।

## पत्नी व बेटे से पीड़ित युवक ने पुलिस से लगायी न्याय की गुहार

**सोहावल- अयोध्या।** रौनाही थाना क्षेत्र की पुलिस चैकी सत्तीचैरा क्षेत्र के गांव सारंगापुर निवासी मनोज कुमार पुत्र राम कृपाल ने अपनी पत्नी व एक पुत्र से मारपीट कर उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है.पीड़ित के अनुसार गांव के कुछ दबंगो की शह पर मारपीट कर घर से एक पखवाड़ा पहले घर से निकाल दिया।पेशे से साइकिल मिस्त्री मनोज कुमार ने बताया कि मामले को लेकर जन सुनवाई और सत्ती चैरा चैकी पुलिस से शिकायत करने के बाद थाना तथा पुलिस कंट्रोल रूम की शरण ली।लेकिन जन सुनवाई के साथ स्थानीय पुलिस से लगाई गुहार पीड़ित पति की गुहार नक्कार खाने की तूती बनकर रह गयी। बीती शाम घर पहुंचते ही पत्नी बेटे के साथ विवाद शुरू हुआ ।जान से मारने की धमकी देने पर पुलिस कंट्रोल रूम को फोन कर मदद मांगी।लेकिन मौके पर पहुचे पीआरवी प्रभारी 911 समस्या का समाधान निकालने के बजाय पत्नी का पक्ष लेकर मुझे ही बीबी को प्रताड़ित करने के अपराध में थाने ले जाकर पुलिसिया कार्यवाही कर जेल भेजने की धमकी दे डाली। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी पंकज सिंह ने मामले की जानकारी होने से इंकार किया है।

## गोमती नदी में स्नान के दौरान दो किशोरों की डूबकर मौत



**मिल्कीपुर-अयोध्या।** कुमारगंज थाना क्षेत्र में दोस्त के साथ गोमती नदी में नहाने गए दो किशोरों की डूबकर मौत हो गई। साथी दोस्तों ने उसे बचाने का प्रयास किया लेकिन बचा नहीं सकें। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से 24 घंटे के भीतर नदी से शव बरामद कर परिजनों को सौंप दिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस चैकी देवगांव थाना कुमारगंज क्षेत्र के रानीपुर पूरे सहतेमऊ गांव निवासी 12 वर्षीय इकरार पुत्र आशु और 13 वर्षीय सैफ पुत्र वसीम अली मंगलवार की दोपहर गांव से करीब 2 किलोमीटर दूर बह रही गोमती नदी में नहाने चले गए थे। स्नान करते समय दोनों गहरे पानी में चले गए जिससे डूब गए ।शाम 3:00 तक जब दोनों किशोर गांव नहीं पहुंचे तो परिजन खोजबीन करते हुए गोमती नदी बाबा घाट पर पहुंचे तो देख की कपड़ा दोनों लोगों का रखा हुआ है आवाज लगाई कहीं पर कोई आवाज नहीं आई , घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलने के चैकी प्रभारी अभिषेक त्रिपाठी कांस्टेबल मनोज यादव ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से जानकारी लेने के बाद स्थानीय गोताखोरों को खोज के लिए नदी में उतारा लेकिन देर रात तक रेस्क्यू चलता रहा कोई शव बरामद नहीं हुआ। गोताखोरों को आज घटनास्थल से करीब 50 मीटर दूर दोनों किशोर का शव बरामद हुआ।चैकी प्रभारी अभिषेक त्रिपाठी, अरविंद पटेल कांस्टेबल मनोज यादव, विजय गुप्ता, दीपक कुमार ने शवों को कब्जे में लेकर विधि कार्रवाई शुरू कर दी है। ग्रामीणों की माने तो दोनों किशोरों के साथ अन्य किशोर भी गांव के नदी में नहाने गए थे। लेकिन अब कोई किशोर घटना के बारे में किसी को कुछ नहीं बता रहे हैं। घटना के बाद डरे समय किशोर गांव से भाग गए थे। कुछ लोगों ने कई किशोर को नदी की ओर जाते देखा था।

# डीएम ने किया तटबंधों का औचक निरीक्षण

### परक्यूपाइन में नट बोल्ट नहीं पाए जाने पर संबंधित अभियंता को लगाई कड़ी फटकार

जिला संवाददाता(vol)



**बलरामपुर।** जिले में राप्ती नदी वर्षा काल में जनमानस पर कहर बनकर टूटती है। जिसके संभावित खतरे को देखते हुए जिला अधिकारी अरविंद सिंह नें तपती दोपहरी में विभिन्न तटबाधो का औचक निरीछड़ किया। जहाँ खामियाँ पाए जाने पर कड़ा रुख अख्तयार करते हुए डीएम ने कड़ी चेतावनी देते हुए संबंधित को तटबंधों के सुरक्षात्मक एवं कटान निरोधक कार्यों के पुनः निरीक्षण में गुणवत्ता में कमी पाए पर संबंधित अभियंता के विरुद्ध शासन को कार्रवाई हेतु पत्र प्रेषित किया जायेगा। साथ ही साथ संभावित बाढ़ से बचाव एवं सुरक्षा हेतु सभी तटबंध के सुरक्षात्मक कार्यों में लाएं तेजी, 20 जून तक कटान निरोधक कार्यों को पूरा कराने की हिदायत दिया।

डीएम अरविंद सिंह ने बुधवार को बाढ़खण्ड द्वारा संभावित बाढ़ से बचाव एवं सुरक्षा के दृष्टिगत राप्ती नदी के विभिन्न तटबंधों पर कराये जा रहे कटानरोधी कार्यों एवं तैयारियों का औचक निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण में उन्होंने तहसील सदर में ग्राम नसीबगंज तटबंध, ग्राम करमहना तथा तहसील तुलसीपुर में ग्राम मझौवा में तटबंध के सुरक्षात्मक एवं कटान निरोधात्मक कार्यों को देखा। बाढ़ खण्ड द्वारा सभी साइट्स पर काटन निरोधक कार्य जैसे जिओ ट्यूब, जिओ बैग्स, परक्युपाइन एवं बोल्डर पिचिंग का कार्य होता पाया गया। निरीक्षण के दौरान ग्राम करमहना तथा ग्राम मझौवा में कटान निरोधक कार्य के तहत लगाई गई परक्यूपाइन्स में नट बोल्ट नहीं पाए जाने पर डीएम श्री सिंह द्वारा गहरी नाराजगी जताते हुए संबंधित अभियंता को कड़ी फटकार लगाई गई तथा संबंधित ठेकेदार की जिम्मेदारी तय करने के निर्देश दिये। उन्होने अधिशाषी अभियंता बाढ़ खण्ड को तीन दिन की मोहलत देते हुए कड़ी चेतावनी दी है और निर्देशित किया कि दी गई समय सीमा के अन्दर सभी कार्यस्थलों पर लगाई गई परक्यूपाइन्स में नट-बोल्ट लगवाकर उसकी लिखित रिपोर्ट उन्हें फोटोग्राफ्स के साथ दी जाय। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी है कि बाढ़ बचाव एवं राहत कार्यो में किसी भी स्तर पर मानक व गुणवत्ता का विचलन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कहा कि पुनः निरीक्षण के दौरान यदि कार्यों की गुणवत्ता मानक रूप नहीं पाई जाती है तो संबंधित अभियंता के विरुद्ध कठोर कार्रवाई हेतु शासन को पत्र प्रेषित किया जाएगा एफआईआर भी दर्ज करायी जाएगी। डीएम श्री सिंह ने कहा की बारिश का सीजन चालू होने से पहले सभी तटबंधें के सुरक्षात्मक एवं कटान निरोधात्मक कार्यों को पूरी क्षमता के साथ प्रत्येक दशा में आगामी 20 जून तक हर हाल में पूर्ण करें। उन्होंने कहा की सभी कार्यों की गुणवत्ता के मानक का विशेष ध्यान रखा जाए तथा सभी साइट्स पर कराये गये कार्यों की सुरक्षा के लिए गार्ड तैनात किया जाएं। उन्होंने अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड को निर्देश दिया कि जनपद के सभी 17 तटबंधों के कटान बिंदुओं को चिन्हित करते हुए सभी सुरक्षात्मक कार्यों को बारिश से पहले पूर्ण करा लें , सभी तटबंधों पर झाड़ी-झांखड़ियो को हटवा दिया जाए, विशेष अभियान चलाकर तटबंधों के रैट होल्स को भरवाते हुए मरम्मत का कार्य प्रत्येक दशा में बारिश से पहले पूर्ण कर लिया जाए। इस अवसर पर एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, एसडीएम सदर राजेंद्र बहादुर , एसडीएम तुलसीपुर अभय सिंह, अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड जेके लाल, आपदा विशेषज अरुण कुमार व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## दरगाह थाना क्षेत्र में संचालित किया गया बालश्रम उन्मूलन हस्ताक्षर अभियान

**बहराइच।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, भारत सरकार नई दिल्ली निदेर्शों के क्रम में एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जिला बाल संरक्षण इकाई, मानव तस्करी रोधक इकाई ( एएचटीयू )/एसजेपीयू , प्रथम संस्था, देहात इंडिया के संयुक्त नेतृत्व में 12 जून 2024 जनपद के दरगाह थाना क्षेत्र में रेलवे स्टेशन व दरगाह मेले में बाल भिक्षावृत्ति, बालश्रम उन्मूलन एवं मानव तस्करी रोधी अभियान चलाया गया। इस दौरान दुकानदारों, होटलों, ढाबों आदि को टीम द्वारा जागरूक किया गया।

इसके अलावा सेवायोजकों/संचालकों को हिदायत दी गयी कि भविष्य में 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों ( नाबालिक बच्चों ) से बाल श्रम ने कराया जाए अन्यथा सम्बन्धित के विरूद्ध कठोर कार्यवाही अमल में लायी जाएगी। उपरोक्त जागरूकता अभियान में जिला बाल संरक्षण इकाई से संरक्षण अधिकारी, शिविका मौर्या, प्रथम संस्था टीम देहात इंडिया टीम, एएचटीयू/एसजेपीयू एवं अन्य टीम सदस्य उपस्थित रहे।

संक्षेप

## नहीं रहे रायपुर सूरजपुर रामलीला के लंकेश

**रायबरेली।** शहर की प्रमुख रामलीला रायपुर सूरजपुर की रामलीला में बचपन से ही रावण की भूमिका निभाने वाले लोहानीपुर के श्री रमेश चन्द्र श्रीवास्तव (लंकेश) अब इस दुनिया में नहीं रहे। एक तरह से कहा जाए तो उनकी लगभग दो पीढ़ियां रामलीला के किरदारों से जुड़ी रही और बहुत ही अच्छा प्रदर्शन करती रही। वह लगभग 5 वर्षो से ब्लड प्रेशर शुगर जैसे अन्य रोगों से प्रभावित चल रहे थे। उनके निधन का समाचार सुनकर रामलीला के दर्शकों, मित्रों, शुभचिंतकों और प्रशंसकों में दुख की लहर दौड़ पड़ी और आंखें डबडबा उठी। अंतिम दर्शन के लिए उनके शव को उनके निवास लोहानीपुर डबल फाटक में रखा गया। उनका अंतिम संस्कार डलमऊ घाट पर होगा।

## कुड़वल के पास दो शव मिलने से हड़कंप

**लालगंज, रायबरेली।** कोतवाली लालगंज क्षेत्र के नरपतगंज चैकी अंतर्गत कुड़वल गांव के पास अलग-अलग जगह से दो लाशे बरामद हुई है। संदिग्ध रूप से शव पाए जाने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। लोगों ने मामले की सूचना नरपतगंज पुलिस चैकी को दी मौके पर पहुंचे चैकी इंचार्ज विवेक त्रिपाठी ने बताया कि अचाकापुर मजरे कुड़वल गांव का सोनू( 24) पुत्र राजेंद्र लोधी मंगलवार सायं घर से नाराज होकर चला गया था ।आज उसका शव गांव के बाहर बड़ैला झील से बरामद हुआ है। वर्तमान में झील में पानी नहीं है शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। उन्होंने बताया की मौत के सही कारणों का पता पीएम रिपोर्ट के बाद ही पता चलेगा।वहीं मृतक सोनू के पिता राजेंद्र लोधी ने बताया कि उनका पुत्र शाम को घर से निकला था। काफी खोज बीन के बाद सुबह उसका शव बरामद हुआ है। सोनू की मौत से उसकी मां रामलली पिता राजेंद्र और भाई लव कुश का रो रो कर बुरा हाल है। वहीं दूसरे शव के बाबत पुलिस ने बताया कि अर्ध विक्षिप्त व्यक्ति मृत हालत में पड़ा था। सूचना मिलने पर उसके परिजन उसे उठा ले गए हैं।मृतक बैजनाथ पासी पुत्र पीतांबर गुंदापुर मजरे भीरा गोविंदपुर का निवासी है। नरपतगंज पुलिस ने बैजनाथ पासी के मामले में किसी पुलिस कार्यवाही स्वीकार किया है।

## खाना बनाते समय लगी छप्पर में आग, 20 हजार का समान राख

**खीरो,रायबरेली।** थाना क्षेत्र के सेमरी गाव में बुधवार की सुबह घर में खाना बनाते समय छप्पर में आग लग गयी। मोटर साइकिल सहित लगभग 20 हजार का समान जल कर राख हो गया है। गाव निवासिनी शिव कुमारी पत्नी अनीश बुधवार की सुबह 7 बजे घर के बाहर रखे छप्पर के नीचे खाना बना रही थी। तभी चूल्हे से निकली चिंगारी से छप्पर में आग लग गई ।तभी आग लगी देख शिवकुमारी ने शोर मचाया। पहुचे ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद जबतक आग पर काबू पाते छप्पर के नीचे खड़ी मोटर साइकिल आधी जल गई। तथा कपड़े भी जल राख हो गए। ग्रामीणों ने इस की सूचना ग्राम प्रधान सहित हल्का लेखपाल रिंकू सिंह को दी ।मौके पर पहुंचे लेखपाल ने बताया कि जांच कर ली गई है ।नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है।

# आशनाई में हुई थी आलोक की हत्या

- चचेरे भाई की पत्नी से अवैध संबंध बना हत्या का कारण, सिर कटा मिला था आलोक का धड़




**सुलतानपुर (वीओएल)।** आलोक कुमार की नृशंस हत्याकांड का पुलिस ने बुधवार को खुलासा कर दिया। गांव के ही रिश्ते में चचेरे भाई की पत्नी के साथ अवैध संबंध बनाने पर उसने गला काटकर आलोक की हत्या कर दी गयी थी। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय के जरिए जेल भेज दिया है। बीते रविवार की शाम नगर कोतवाली क्षेत्र के अफलेपुर निवासी आलोक कुमार घर से निकला था। सोमवार की सुबह उसका सिर कटा शव धम्मौर थाना क्षेत्र के बिकना गांव में मिला था। पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा, सीओ सिटी शिवम मिश्रा ने घटनास्थल का निरीक्षण कर विधिक कार्यवाही के निर्देश दिए थे। तहरीर पर धम्मौर थानाध्यक्ष तरुण कुमार पटेल ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। मंगलवार की सुबह परिजनों ने युवक का शव लखनऊ वाराणसी राजमार्ग पर स्थित अमहट में रख राजमार्ग जाम कर दिया। एसडीएम सदर ठाकुर प्रसाद के आश्वासन पर माने परिजन युवक के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। वहीं, घटना के खुलासे के लिए स्वाट प्रभारी धीरेंद्र कुमार, धम्मौर थानाध्यक्ष तरुण कुमार पटेल हमराहियों के साथ लगे थे। बुधवार को अपर पुलिस अधीक्षक अरुण चंद्र ने मामले का खुलासा किया। पुलिस के मुताबिक मृतक आलोक कुमार का गांव के ही संदीप कुमार की पत्नी से बातचीत होती थी। संदीप कुमार ने आलोक को बात करने से मना किया था, लेकिन वह नहीं माना तो उसने आलोक को ठिकाने लगाने के लिए रविवार को फोन कर अमहट बुलाया। वहां से उसे अपने साथ लेकर धम्मौर अपने ननिहाल चला गया। जहां उसने आलोक को शराब पिलाया। आलोक जब नशे में हो गया तो उसे खेत में ले जाकर अपने नाना शिव प्रसाद के साथ ईंट से उसकी हत्या कर गला काट दूसरी जगह फेंक दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों अपने घर चले गए थे। स्वाट टीम व धम्मौर थाने की पुलिस ने दोनों को आलाकत्ल ईट, चाकू, धुली हुई शर्ट व गमछे के साथ गिरफ्तार कर लिया। अरुण चन्द्र अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि 24 घंटे के अंदर घटना के सफल अनावारण के लिए आईजी रेंज द्वारा पुलिस टीम को 25 हजार के ईनाम से पुरस्कृत किया गया है। अभियुक्तों को न्यायालय भेजा गया, जहां से जेल भेजने की कार्यवाही की गई।

## मोबाइल पर गंदे मैसेज भेज रहा युवक

**सुलतानपुर।** सोशल मीडिया के ईमो प्लेटफॉर्म पर रज्जब अली नामक युवक शहर के दरियापुर मुहल्ले की एक महिला को आपत्तिजनक एवं अश्लील मैसेज व वीडियो भेज रहा है। आईडी ब्लॉक कर देने पर युवक जब ने दूसरी आईडी से यही हरकत शुरू कर दी तो आजिज आकर पीड़िता साइबर पुलिस थाने पहुंची। जहां थाना प्रभारी प्रवीण यादव ने उसकी लिखित शिकायत को संज्ञान लिया। उन्होंने कांस्टेबल एजाज अहमद को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# संविदा व आउट सोर्सिंग कर्मियों का स्थायीकरण कर शेष पदों पर हो भर्ती

**रायबरेली।** आल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियंस (ऐक्टू) के प्रदेश अधिक विजय विद्रोही ने उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री जी ने अपनी चुनाव के बाद पहली कैबिनेट मीटिंग में प्रदेश में हर विभाग की रिक्तियों का डेटा संग्रहित कर भर्ती प्रक्रिया को जल्दी से जल्दी शुरू करने के आदेश पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में राज्य सरकार के विभिन्न क्षेत्रों में 40 लाख से अधिक पद रिक्त हैं। इनमे कुछ पदो पर संविदा कुछ पर आउट सोर्सिंग पर कर्मचारी नियोजित हैं। और अधिकांश पद रिक्त हैं उन्हे या तो विलुप्त कर दिया गया है या उनके विलोपन की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश के सिर्फ चतुर्थ श्रेणी में लगभग 3.5 लाख पद रिक्त हैं। स्वास्थ्य विभाग में इसी तरह 42: पद रिक्त हैं। जिनमे चिकित्सक, नर्सेज, एएनएम, तकनीशियन व अन्य स्वास्थ्य सहायक हैं। पूरे प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध 60,000 से अधिक बेड के सापेक्ष आवश्यक स्टाफ में कमी के छोटे हिस्से को आउट सोर्सिंग, संविदा के जरिए भर कर काम चलाया जा रहा है। आश्चर्य जनक है कि संजय गांधी पीजीआई और और मेडिकल कॉलेज जैसे संस्थान 35 से 40: नर्सेज और अन्य कर्मचारियों की कमी से जूझ रहें हैं वहां भी आउट सोर्सिंग और संविदा में नियोजन के जरिए काम चलाने की दुर्भाग्यपूर्ण कोशिश जारी है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में संविदा में एक लाख से अधिक कर्मचारी मौलिक संवैधानिक अधिकारों से वंचित हैं। वहां पर भी अभी भी विभिन्न स्तरों पर 25 से 40: पद रिक्त हैं। उन्होंने आगे कहा कि राज्य परिवहन, सिंचाई, बिजली, सेनिटेशन, राजकीय लोकनिर्माण आदि विभागो का अधिकांश हिस्सा भी ठेका, संविदा और आउट सोर्सिंग कर्मियों के हवाले है। बेसिक शिक्षा में शिक्षको की भारी कमी है, 52000 प्रा. और जूनियर स्कूलों को बंद कर देने के बावजूद अभी भी वहां 1 लाख से अधिक शिक्षको की कमी है। इसी तरह मा. और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शिक्षको और अन्य कर्मचारियों की कमी से जूझ रहे हैं ।पूरे ढांचे पर अगर नजर डालें तो प्रदेश के एक बहुत बड़े हिस्से में ठेका ,संविदा और आउट सोर्सिंग के नाम पर कंपनियों का कब्जा है ।काम. विद्रोही ने कहा कि प्रदेश की सरकार अगर सच में इस दिशा में ईमानदारी से बढ़ना चाहती है तो पूरे प्रदेश में संविदा, ठेका और आउट सोर्सिंग कर्मचारियों को उनके पदो मे स्थाई करने की तरफ बढ़ना चाहिए। क्योंकि राज्य स्वास्थ्य विभाग, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उद्यान, बन, कृषि, राज्य परिवहन, सिंचाई, बिजली, सेनिटेशन, लोकनिर्माण आदि विभागो में कार्यरत कर्मचारी पूरी कुशलता के साथ अपनी सेवाए दे रहे हैं, और हर दिन वे अपनी दक्षता साबित करते आ रहे हैं।

# डीएम-एसपी ने किया महिला पिंक बूथ का उद्धाटन



**अमेठी ।** जिलाधिकारी निशा अनंत एवं पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने आज इंडोरामा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड जगदीशपुर द्वारा सीएसआर के अंतर्गत प्रदत्त एवं स्थापित थाना इन्हौना में नव निर्मित महिला पिंक बूथ का फीता काटकर उद्धाटन किया गया। जनपद अमेठी में इण्डोरामा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड जगदीशपुर के सहयोग से ह्लमिशन शक्तिह्व अभियान के तहत नारी सुरक्षा नारी सम्मान नारी स्वावलंबन हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व उनके उत्थान हेतु पिंक बूथ की स्थापना की गई। उक्त पिंक बूथ के माध्यम से महिला सम्बन्धी अपराधों में तत्काल सहायता एवं सुरक्षा प्रदान की जा सकेगी। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी तिलोई अजय कुमार सिंह, अन्य पुलिस अधि0 कर्म0गण तथा इण्डोरामा जगदीशपुर के सीओओ राजेन्द्र शंखे, हेड एचआर मनोज कुमार झा, सीएसआर हेड अभिनव सिंह व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण एवं थानाक्षेत्र के संभ्रान्त व्यक्ति मौजूद रहे।

## जानलेवा हमले में वांछित 2 अभियुक्त गिरफ्तार

**अमेठी ।** जायस पुलिस द्वारा बुधवार को मुखबिर की सूचना पर जानलेवा हमले में वांछित 2 अभियुक्त को नसीराबाद रोड गंगाराम पुरवा के पास से गिरफ्तार करने में सफलता मिली है ।अभियुक्तों के निशान देही पर पुलिस ने मारपीट की घटना में प्रयुक्त 2 अदद बांस की लाठी को भी बरामद किया गया है। बुधवार को उपनिरीक्षक संकठा प्रसाद मौर्या थाना जायस मय हमराह द्वारा क्षेत्र में चेकिंग अभियान के दौरान मुखबिर की सूचना पर मुअसं 198/24 धारा 307,504 भादवि थाना जायस जनपद अमेठी में वांछित अभियुक्तों 1.मो0 इलियास पुत्र लियाकत 2. रियासत पुत्र लियाकत निवासीगण ग्राम पूरे मेड़ई मजरे मऊ थाना डीह जनपद रायबरेली को नसीराबाद रोड गंगाराम पुरवा के पास से सुबह करीब 6.50 बजे गिरफ्तार किया गया ।मारपीट में प्रयुक्त 02 अदद बांस की लाठी को अभियुक्तों की निशानदेही पर चौहाने (घुरनडीह) पुलिया के नीचे से बरामद किया गया ।थाना जायस पुलिस द्वारा अभियुक्तों पर विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया है।

# सपा कार्यकर्ता को न्याय दिलाने को सड़क से सदन तक होगा संघर्ष



**रायबरेली।** भाजपा के सामंतियों द्वारा सपा कार्यकर्ता जितेन्द्र यादव के ऊपर हुये प्राणघातक हमले की जांच हेतु समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर एक प्रतिनिधि मण्डल पूर्व मंत्री एवं विधायक कमाल अख्तर के नेतृत्व में सुनील सिंह यादव पूर्व एम0एल0सी0, इं0 वीरेन्द्र यादव जिलाध्यक्ष, श्याम सुंदर भारती विधायक, राहुल लोधी विधायक थाना डीह के बारा गांव पहुंच कर जितेन्द्र यादव एवं उनके परिजनों व ग्रामवासियों से वार्ता किया। जितेन्द्र यादव नें बताया कि भाजपा के हिस्ट्रीशीटर विशाल सिंह एवं उनके साथियों द्वारा लोक सभा चुनाव के मतदान के दिन दिनांक 20.05.2024 को मेरी दुकान में घुस कर मेरे ऊपर जानलेवा हमला किया मेरे पैर लाठी डंडा एवं राड से मार कर तोड़ दिया एवं बुरी तरह से मरणासन्न स्थिति में छोड़ कर चले गये इस घटना से गांव में इतनी भय एवं दहशत फैल गयी थी कि कोई भी गांव का व्यक्ति उसके पास जाने को तैयार नहीं हुआ मेरी बूढी मां एवं परिजनों के साथ मुझको उठा कर अस्पताल ले गयी जहां मेरा प्राथमिक इलाज हुआ स्थानीय पुलिस द्वारा सत्ता के दबाव में रिपोर्ट नहीं लिखी बहुत दबाव के बाद रिपोर्ट तो लिखी गयी लेकिन मामूली धाराओं में ही अंकित की गयी आज भी मेरे घर के लोग दहशत में है क्योंकि हमलावर खुलेआम लगातार जान से मारनें की धमकी दे रहे हैं जिससे मैं एवं पूरा परिवार डरा सहमा एवं अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहा है ।सपा प्रतिनिधि मण्डल नें जितेन्द्र यादव के परिजनों को सुरक्षा का पूरा भरोसा दिलाया एवं विश्वास दिलाया कि समाजवादी पार्टी का सम्पूर्ण संगठन कार्यकर्ता उनके परिवार के साथ खडे है। घटना स्थल से आने के बाद जिला मुख्यालय पर प्रतिनिधि मण्डल के सदस्यों नें अपर पुलिस अधीक्षक से मिल कर घटना में लिखी गयी एफ0आई0आर0 में जांच कर गम्भीर धारायें बढायी जाये, नामजद अपराधियों पर गैंगेस्टर की कार्यवाही कर उनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाये, जितेन्द्र यादव एवं उनके परिवार की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाये एवं उनके विरूद्ध पेशबन्दी में लिखायी गयी झूठी एफ0आई0आर0 निरस्त की जाये। अपर पुलिस अधीक्षक नें भरोसा दिलाया कि जांच कर न्याय पूर्ण कार्यवाही की जायेगी। प्रतिनिधि मण्डल के सदस्यों नें लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस में उपस्थित पत्रकारों से वार्ता करते हुए उपरोक्त जानकारी दिया। इस अवसर पर पूर्व डीजीसी एडवोकेट ओ0पी0 यादव, जिला महासचिव मो0 अरशद खान, पूर्व प्रत्याशी सलोन चैधरी सुरेश निर्मल, विधान सभा अध्यक्ष पुत्तन सिंह यादव, पूर्व प्रत्याशी सदर आर0पी0 यादव, जिला उपाध्यक्ष राजेश मौर्या, हसीन अहमद, रज्जू खान, छात्र सभा अध्यक्ष शुभम लोहिया, युवजन सभा अध्यक्ष सुरेश पटेल, अखिलेश यादव, अजय यादव, मो0 फहीम, अशरफ मेवाती, सर्फराज, बृजेन्द्र चैधरी, जे0पी0 यादव, कृपाशंकर यादव, राकेश कुमार, आदर्श यादव, अरूण प्रताप उर्फ पप्पू, उदय सिंह यादव, विनायक सोनकर, संदीप शुक्ला, प्रदीप तिवारी, अखिलेश माही, शकील मंसूरी, फिरोज अमद, राजू गौतम, चन्द्र प्रकाश, रेहान कजियाना, मजहर हुसैन, सौरभ यादव एडवोकेट, शिव नारायण सोनकर, रवीन्द्र यादव, सुरेन्द्र सिंह यादव, प्रमोद चैधरी, हरीश चैरसिया, श्रवण चैधरी, आशीष पटेल,

## बकरीद पर अशांति फैलाई तो होगी सख्त कार्रवाई

**रायबरेली।** आगामी बकरीद पर्व को लेकर लालगंज कोतवाली परिसर में एसडीएम नवदीप शुक्ला की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर एसडीएम नवदीप शुक्ला व प्रभारी निरीक्षक शिव शंकर सिंह ने मौजूद संभ्रांत लोगों से कहा कि बकरीद त्यौहार शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में आपसी भाईचारा के साथ मनाया जाए। प्रतिबंधित पशुओं की कुबार्नी कतई ना करें और किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। एसडीएम ने कहा कि हम सभी को त्योहार मिलजुल कर मनाने चाहिए। सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाने से समाज में भाईचारे की भावना जागृत होती है। यदि क्षेत्र में किन्हीं अराजक तत्वों की सूचना प्राप्त होती है तो तत्काल प्रशासन को बताएं और कोई भी व्यक्ति कानून अपने हाथ में लेगा तो सख्त कार्रवाई होगी। अराजक तत्वों पर पुलिस की नजर है ।अगर कोई अशांति फैलायेगा तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

# विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल ने जम्मू में हमले के विरोध में डीएम को सौंपा ज्ञापन



**सुलतानपुर (वीओएल)।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकताओं ने जम्मू सेक्टर के रियासी में शिवखोड़ी दर्शन के लिए जा रहे तीर्थयात्रियों की बस पर आतंकवादियों द्वारा किए गए कायराना हमले के विरोध में प्रदर्शन किया तथा पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के विरुद्ध नारेबाजी की। विश्व हिंदू परिषद की जिला अध्यक्ष प्रो. निशा सिंह, जिला उपाध्यक्ष दिवाकर सिंह, बजरंग दल जिला संयोजक गौरव पांडेय तथा सह संयोजक प्रांजल सिंह ने जिले के पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। वहीं लगातार तीन दिन से जम्मू सेक्टर में किए जा रहे आतंकवादी हमलों पर गहरा अफसोस व्यक्त तथा देश से इस हमले का मुंहतोड़ जवाब देने की उम्मीद जताई। प्रो निशा सिंह ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि हमारी सरकार को पाकिस्तान में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक करके आतंकवाद को नेस्तनाबूद कर देना चाहिए। हमारे देश की आस्था आतंकवादी हमलों से नहीं डिग सकती खीर भवानी मंदिर दर्शन तथा अमरनाथ यात्रा की भीड़ इस बात को प्रमाणित करती है।

# विश्व हिंदू परिषद की युवा इकाई बजरंग दल ने आतंकवाद के विरोध में किया पुतला दहन



**रायबरेली।** विश्व हिंदू परिषद की युवा इकाई बजरंग दल द्वारा जम्मू-कश्मीर के शिव खोड़ी में श्रद्धालुओं से भरी बस बस पर हुए आतंकी हमले के विरोध मे बजरंग दल द्वारा जिलाधिकारी के माध्यम से एक ज्ञापन महामहिम राष्ट्रपति महोदया को सौंपा गया व एक आतंकवाद का पुतला शहीद चैक डिग्री कॉलेज चैराहे पर फूंका गया। विश्व हिंदू परिषद जिलाध्यक्ष विवेक सिंह ने कहा कि इस्लामिक आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा श्रद्धालुओं से भरी बस पर आतंकी हमला इस्लामिक आतंकवादियों का वीभत्स व कायराना रूप एक बार फिर हम सभी के सामने हैं ।हम सभी कार्यकर्ता इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे इसके लिए महा महिम राष्ट्रपति महोदया से निवेदन है कि केंद्र सरकार को कठोर कदम उठाने के लिए निर्देशित करें। जिला संयोजक बजरंग दल सुरेश सिंह ने कहा कि हमारे बजरंग दल के कार्यकर्ता ऐसी आतंकवाद की गतिविधियों से निपटने के लिए हर समय तैयार हैं और समाज में इस तरह की हरकत बजरंग दल कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। ज्ञापन व पुतला दहन में जिला मंत्री विश्व हिन्दू परिषद धनंजय पांडे, नगर अध्यक्ष आलोक ,राही संयोजक आदर्श,जगतपुर संयोजक शैलेष पटेल, डीह संयोजक रोहित द्विवेदी,राही अध्यक्ष ललित पांडे ,सनोरंजन, ज्ञान प्रकाश, अविनाश सिंह ,अमरेंद्रसिंह ,धीरज, प्रिंस ,सूर्य सिंह ,गौरव,पवन, पप्पू कौशल आदि सैकड़ों बजरंगदल के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कस्बे में एक पार्किंग की दरकार

राजेश पाल

**बाजार शुक्ल, अमेठी।** कस्बे में कहीं भी पार्किंग की सुविधा नहीं की गई है। बाजार आने वाले लोगों के वाहन सड़कों पर ही खड़े रहते हैं। जिसकी वजह से कस्बे की प्रमुख सड़कों पर जाम के हालात बने देखे जाते है। यहां न तो जिम्मेदारों द्वारा कोई कार्रवाई देखी जाती है न जनप्रतिनिधि द्वारा व्यवस्था वजह लोग यहां जाम में फंसते देखे जाते देखें है। खासतौर पर यहां अंबेडकर चौराहे से लेकर कटरा तिराहे तक कस्बे के हालात ज्यादा खराब है। कस्बे में आधा दर्जन के करीब बैंक हैं। पार्किंग की सुविधा नहीं बैंक आने वाले ग्राहकों को अपने वाहनों को सड़क पर ही रखना पड़ता है। सड़कों पर जाम के हालात बन जाते है। कस्बे का मे न मार्केट होने से भीड़-भाड़ देखी जाती है। व्यस्तम रोड सुबेहा मोड़ स्थित स्टेट बैंक अभी तक पार्किंग की सुविधा नहीं की है। सड़क पर खड़े होने वाले वाहनों की वजह से जाम की स्थिति बन जाती है।

- कस्बे में नहीं पार्किंग की सुविधा सड़कों पर खड़े वाहन बन रहे मुसीबत

**क्या कहते हैं लोग :** उक्त संबंध में आवागमन करने वाले लोगों व व्यापारियों से बात साझा की गई बताया पार्किंग की समस्या बनी हुई है आज तक एक भी पार्किंग स्थल नहीं बन पाया सड़कों पर ही वाहनों के खड़े होने से जाम की समस्या उत्पन्न होने से परेशानी होती है। ब्लॉक पोस्ट ऑफिस स्वास्थ्य केंद्र थाना बैंक हॉस्पिटल आदि होने से बड़ी संख्या में लोग वाहनों से पहुंचते हैं पार्किंग ना होने से सड़क किनारे ही आड़े तिरछे वहान खड़े कर दिए जाते हैं। पार्किंग सुविधा न होने से दुकानदार व उपभोक्ता परेशान देखे जाते हैं पार्किंग व्यवस्था हो जाए तो वाहन पार्क में खड़ा कर दिया जाएगा और जान की स्थिति नहीं बनेगी। कस्बावासियों ने कस्बे में शासन प्रशासन से पार्किंग स्थल बनाए जाने की मांग की है।

## सहायक सांख्यकीय अधिकारी पद सौरभ का हुआ चयन, खुशी

**सुलतानपुर (वीओएल)।** सोमवार को उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा बहुप्रतीक्षित सहायक सांख्यकीय अधिकारी- 2019 का परिणाम जारी कर दिया गया। उक्त परीक्षा में सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ज्ञानकुंज विवेकानंद नगर के पूर्व छात्र डा. सौरभ कुमार उपाध्याय को सफलता मिली है। सौरभ ने विद्या मंदिर से इंटरमीडिएट की परीक्षा 2014 में कामर्स विषय से उत्तीर्ण किया है। इसके बाद इलाहाबाद विश्वविद्यालय से 2017 में बी.काम और 2019 में एम.काम की परीक्षा मोनरिबा बैंक रोड स्थित कॉमर्स डिपार्टमेंट से प्राप्त की है। सौरभ वर्तमान में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में बतौर असिस्टेंट प्रोफेसर अपनी सेवाएं दे रहे है।



गौरतलब है कि जनपद के ही अखण्डनगर ब्लाक के हाजीपुर बीरीपुर निवासी सौरभ अपने पिता श्री संकट मोचन उपाध्याय और माता श्री मती रीता उपाध्याय के ज्येष्ठ पुत्र है। उनकी छोटी बहन ने भी हाल में ही सम्पन्न नीट 2024 में 675 नंबर पाकर विशेष सफलता अर्जित की है। अपने विद्यालय के पूर्व छात्र की सफलता पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश मणि त्रिपाठी और वाणिज्य विभाग प्रमुख अनिल कुमार पाण्डेय ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सौरभ को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। सौरभ ने अपनी सफलता का पूरा श्रेय अपने माता-पिता एवं सरस्वती विद्या मन्दिर के अपने तत्कालीन आचार्य अनिल पाण्डेय एवं शरद श्रीवास्तव को दिया है।

## बरियारपुर में चला रात भर खनन क्षेत्रीय पुलिस को नहीं लगी भनक

**महराजगंज, रायबरेली।** शिवगढ़ थाना क्षेत्र के बरियारपुर में रात भर खनन चलता रहा पुलिस को भनक तक नहीं लगी। जिला खनन अधिकारी ने मंगलवार को तहसीलदार ज्ञान प्रताप सिंह के साथ-राजस्व टीम की मौजूदगी में खनन माफिया द्वारा खुदवाई गई मिट्टी के खनन की जांच/नाप कराई तो 2472 घन मीटर यानी करीब 500 ट्राली मिट्टी का अवैध खनन पाया गया। बड़ी बात तो यह है कि यह अवैध खनन खाकी की सरपरस्ती में बिगत तीन जून की रात भर होता रहा, खाकी को भनक तक नहीं लगी। जबकि खनन स्थल से चंद कदम दूरी पर ही ही गुमावां चैकी स्थापित है ।तहसील क्षेत्र के शिवगढ़ थाना अंतर्गत बरियारपुर गांव में विगत 3 जून की रात गांव के ही रामचंद्र पुत्र राम हर्ष द्वारा जेसीबी लगाकर गांव सभा की सुरक्षित जमीन पर बिना किसी अनुमति के अवैध खनन कराया गया ।अवैध खनन की जानकारी एसडीएम राजित राम गुप्ता को मिली। उन्होंने जिला खनन अधिकारी उमाकांत को मंगलवार को बुलाकर तहसीलदार ज्ञान प्रताप सिंह के साथ खनन स्थल बरियारपुर भेजा। तहसीलदार ज्ञान प्रताप सिंह ने बताया विगत 3 जून की रात का अवैध खनन बताया गया है जो गांव के ही रामचंद्र पुत्र राम हर्ष द्वारा गांव सभा की सुरक्षित चारागाह की जमीन गाटा संख्या 898 रकबा 1.0 18 हैकटेयर के 1092 घन मीटर पर किया गया है। उन्होंने बताया इसी के साथ जमीन तालाब गाटा संख्या 1047 मि. 0.397 हेक्टर की 380 घन मीटर भूमि पर भी खनन कराया गया है। तहसीलदार श्री सिंह ने जिला खनन अधिकारी के सामने ही राजस्व निरीक्षक मोहम्मद अहमद लेखपाल दर्शिता श्रीवास्तव सहित अन्य राजस्व कर्मियों के साथ तालाब एवं चारागाह पर कराए गए खनन की नाप- जोख कराई तो सुरक्षित जमीन पर 1472 घन मीटर यानी करीब 500 ट्राली अवैध मिट्टी का खनन पाया गया। गांव सभा की सुरक्षित जमीन पर किए गए अवैध खनन को लेकर तहसील प्रशासन संबंधित आरोपी पर एफआईआर की तैयारी में भी है।

# हमारी जीत कार्यकर्ताओं की जीत है: किशोरी लाल

**अमेठी।** मंगलवार को रायबरेली में सांसद राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के साथ धन्यवाद सभा करने के बाद किशोरी लाल शर्मा देर शाम कांग्रेस कार्यालय गौरीगंज पहुंच गए। बुधवार को उन्होंने सलोन और अमेठी में आभार समारोह के माध्यम से कांग्रेस कार्यकताओं को सम्बोधित किया और अमेठी में कांग्रेस की रिकॉर्ड जीत के लिए जनता और मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हमारी जीत अमेठी के हर कार्यकर्ता की जीत है। महागठबंधन का प्रयास रंग लाया और हमारा चुनाव अमेठी की जनता ने लड़ा है। तमाम लोगों ने सत्ता के दबाव में रहते हुए भी कांग्रेस पार्टी का काम किया और प्रचार अभियान के दौरान किसी अन्य दल के खेमे में रहकर भी हमारे लिए काम किया है ।जनमत के सामने सत्ता शासन नहीं चल सकता। उत्तर प्रदेश की जनता ने यह करके दिखा दिया है ।किशोरी लाल शर्मा ने कार्यकताओं को विधानसभा चुनाव में जीत दोहराने के लिए बड़े दिल का परिचय देते हुए सबके लिए काम करने और सेवा की राजनीति करने के संदेश दिएकिशोरी लाल शर्मा आभार समारोह में शामिल होने के लिए लगभग ढाई बजे कांग्रेस कार्यालय पहुंचे, भीषण गर्मी के कारण उन्होंने समारोह स्थल की बजाय कार्यालय के बरामदे में सभा की और कार्यकताओं को सम्बोधित किया ।आज वे जगदीशपुर, तिलोई और गौरीगंज विधानसभा में आभार समारोह को संबोधित करेंगे।

**जनता की जरूरत के अनुसार खर्च होगी सांसद निधि, कार्यकर्ता ही तय करेंगे प्रस्ताव :** किशोरी लाल शर्मा ने कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए सांसद निधि के खर्च और विकास कार्यों के बारे में अपनी नीति को स्पष्ट किया और कहा कि मेरे पास कोई एन जी ओ नहीं है। हमारे निजी रिसोर्सेज और सांसद निधि के खर्च जनता तय करेगी। सांसद निधि नियमानुसार ही खर्च की जायेगी। कार्यकर्ता और पदाधिकारी जनता की राय से प्रस्ताव तैयार करके कांग्रेस कार्यालय गौरीगंज भेजेंगे। आफिस के कार्यों का बंटवारा कर दिया जायेगा। आफिस सुबह 10बजे से 5 बजे शाम तक चलेगा।

**जनता के दम पर लड़ी जाती है अपोजीशन की लड़ाई :** सांसद किशोरी लाल शर्मा ने कहा कि कार्यकर्ता और नेता दोनों यह अच्छी तरह समझ लें कि विपक्ष की लड़ाई जनता के बल पर लड़ी जाती है। किसी भी कार्यकर्ता के साथ अन्याय और उत्पीड़न होने पर तमाशा न देंगे,उसको न्याय दिलाने के लिए जरूरत पड़ने पर थाने का भी घेराव कर सकते हैं। सभी नेता और कार्यकर्ता गरीबों की मदद के लिए ईमानदारी से काम करें ।हम सभी बूथों के रिजल्ट की समीक्षा कर रहे हैं, नेताओं के काम की भी समीक्षा की जा रही है। सकारात्मक राजनीति ?करें, सेवा की राजनीति करनी है, प्यार के साथ सबको कांग्रेस से जोड़ना है। आभार समारोह का संचालन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवमणि तिवारी ने किया। सपाऔर आपके नेता भी सभा में शामिल हुए।

आशीष शुक्ला,प्रेम नारायण तिवारी एडवोकेट, मुन्ना सिंह त्रिशुंडी, रामफेर गौतम एडवोकेट, पूर्व एम एल सी दीपक सिंह, अशोक सिंह हिटलर,मो ? कुद्दूस खां, डा नरेंद्र मिश्र, विनोद मिश्रा, संजय सिंह कोहरा राज कुमार पांडेय,, राकेश अग्रवाल, धर्मेंद्र शुक्ल, अनिल शुक्ला, अशोक दूबे, कलावती मौर्य, कमलेश सिंह, हरिशंकर जायसवाल, मनीराम वर्मा, मुकेश यादव, पवन ? दूबे, रवीन्द्र सिंह घोरहा, शुभम- सिंह, सौरभ मिश्र,कौशल किशोर मिश्र, त्रिभुवन गौतम , अब्दुल वाहिद,राजा ठाकुर, महावीर,राम केदार पासी, हीरामणि कनौजिया, कृपा शंकर सिंह, अजीत यादव, वीरेंद्र सिंह राजा, बृजेश मिश्र, राजकुमार शर्मा, संजीव द्विवेदी, दिनेश तिवारी आदि मौजूद रहे।

## जन जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**सुलतानपुर (वीओएल)।** जिलाधिकारी के निर्देशन में सहायक श्रम आयुक्त के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर प्राथमिक विद्यालय अलावलपुर जयसिंहपुर में जन-जागरूकता कार्यकम का आयोजन किया गया, जिसमें मनरेगा में काम कर रहे श्रमिकों एवं सभी ग्रामवासियों को बाल श्रम के दुष्परिणामों के बारे में बताया गया। सभी लोगों को बाल श्रम न कराने एवं रोकने के बारे में शपथ दिलायी गयी। इस मौके पर घनश्याम वर्मा, अनुराग त्रिपाठी, प्रकाश चन्द, सुबोध कुमार, रामकिशोर वर्मा आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

## गैलेक्सी एस24 सीरीज में एआई युग की शुरुआत

गुरुग्राम। दुनिया तकनीक के एक नए और रोमांचक युग की शुरूआत में है। मोबाइल एआई का दौर आ गया है, जिसे सैमसंग ने गैलेक्सी एस24 सीरीज में गैलेक्सी एआई फीचर्स के साथ पेश किया है। यह हमारा पहला एआई फोन है। गैलेक्सी एस24 सीरीज में जनरेटिव एआई तकनीक के फायदे जोड़ने के लिए सैमसंग ने हाइब्रिड एआई का उपयोग किया है। एआई कई संभावनाएं पेश करता है। सैमसंग का मानना है कि मोबाइल डिवाइस एआई की क्षमता को दिखाने का जरिया हैं, क्योंकि दुनियाभर के यूजर्स अपनी रोजमर्रा की जरूरतों के लिए अपने फोन पर निर्भर रहते हैं। रोजमर्रा की जिंदगी में मोबाइल डिवाइस की अहम भूमिका होती है, क्योंकि लोग इन्हें कई महत्वपूर्ण और यादगार पलों के दौरान इस्तेमाल करते हैं। सैमसंग इसे समझता है और मानता है कि स्मार्टफोन को अधिक उन्नत होना चाहिए ताकि उपयोगकर्ता महत्वपूर्ण क्षणों का सरल, सहज और बेहतर तरीके से आनंद ले सकें। सैमसंग गोपनीयता के महत्व को भी समझता है।

## डॉ. वोरा ने बताया तेज गर्मी में बालों की सुरक्षा का उपाय

नई दिल्ली। गर्मी के कारण स्कैल्प से पसीना आता है, जो आपके स्कैल्प पर नैचुरल ऑयल्स से मिल जाता है और उसे ग्रीजी, ओडोरस एवं इची बनाते हैं। यह सुनिश्चित करने के लिये कि गर्मियों के मौसम में आपके बाल अच्छी तरह से सुरक्षित रहें, आपको एक अनुशासित हेयर केयर रूटीन अपनाने की जरूरत है। मैरिको लिमिटेड में चीफ रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑफिसर डॉ. शिल्पा वोरा ने कहा कि बालों की नियमित रूप से तेल से मालिश करना जरूरी है और इसके साथ यह भी जरूरी है कि आप सही हेयर ऑयल का चुनाव करें। हालांकि, एक लाइट, नॉन-स्टिकी हेयर ऑयल अद्भुत असर दिखा सकता है, लेकिन यदि आप पोषण एवं खूबसूरत बाल चाहती हैं, तो पैराशूट ऐडवांस्ड गोल्ड हेयर ऑयल को चुन सकती हैं। इसमें नारियल की खूबियां है, जिसमें बालों के भीतर 10 लेयर्स तक जाने की अनूठी क्षमता होती है।

## लाइफस्टाइल पर शुरू हो रही है बड़ी सेल

नई दिल्ली। लाईफस्टाईल पर 7 जून से सीजन की सबसे बड़ी सेल शुरू हो रही है इस सेल में शॉपर्स को टॉप फैशन ब्रांड्स के लेटेस्ट स्टाईल्स पर 50 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। प्रमुख नेशनल और इंटरनेशनल ब्रांड्स के लेटेस्ट ट्रेंड्स और फैशन विकल्पों के विशाल कलेक्शन के साथ इस लाईफस्टाईल सेल में फैशन प्रेमियों को अपनी वॉर्डरोब के लिए अनेकों विकल्प मिलेंगे। इस लाईफस्टाईल कलेक्शन में स्प्रिंग-समर के सर्वश्रेष्ठ परिधान शामिल हैं जिनमें फ्लोरल प्रिंट्स और पैस्टल ह्यू का आधिक्य है। इसके स्टाईलिश संग्रह में महिलाओं के लिए ट्रेंडिंग शिफली और क्रोशे ड्रेस, विंटेज ब्लूम को-ऑर्ड सेट, स्टाईलिश डेनिम ट्रेंड्स और पुरुषों के लिए प्रिंटेड शर्ट की विशाल श्रृंखला, ऑल-न्यू लूज फिट पैंट, एवं आकर्षक टी शर्ट बेहतरीन डिस्काउंट के साथ मिल रहे हैं। यहाँ आकर फैशनप्रेमियों को गर्मी में भी अपना कूल लुक बनाए रखने का तरीका मिलेगा।

## कोटा फैक्ट्री के सीजन 3 का ट्रेलर हुआ जारी



नई दिल्ली। यह फाइनल एग्जाम का सीजन है और 'कोटा फैक्ट्री सीजन-3' के ट्रेलर में भारत की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक की तैयारी के दौरान, छात्रों के सामने पेश आने वाली चुनौतियों और उनकी आकांक्षाओं को दर्शाया गया है। 20 जून को आने वाले इस नए सीजन में प्रशंसकों के फेवरिट किरदार शामिल हैं, जिनमें वैभव, मीना, उदय, वर्तिका, शिवांगी और चहिते जीतू भैया शामिल हैं। टीवीएफ प्रोडक्शंस द्वारा प्रस्तुत इस सीरीज का निर्देशन प्रतीश मेहता और निर्माण शो रनर राघव सुब्बू ने किया है। जब देश भर में लाखों छात्र अपनी परीक्षाएं दे रहे हैं, वहीं वैभव अपेक्षाओं के भारी बोझ और टॉप रैंक की चाहत से जूझ रहा है। इस बीच, मीना (रंजन राज) जेईई जैसी कठिन चुनौती के लिए तैयारी के योग्यता पर सवाल उठाता है। अपने आसपास की बदलती दुनिया के बावजूद, साथ साथ पढ़ने से बिना सोये बिताई जाने वाली रातों या कोचिंग संस्थानों के व्यस्त गलियारों के बीच बनी पक्की दोस्ती ज्यों की त्यों बनी हुई है।

# निफ्टी उच्चस्तर पर, सेंसेक्स 150 अंक चढ़ा



मुंबई। वैश्विक स्तर पर मजबूती के संकेतों के बीच घरेलू बाजार में बिजली, पूंजीगत उत्पाद और औद्योगिक शेयरों में खरीदारी आने से बुधवार को निफ्टी ने अपना उच्चतम स्तर छुआ जबकि सेंसेक्स अपने रिकॉर्ड स्तर से थोड़ा ही दूर रहा।

कारोबारियों ने कहा कि एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी चुनिंदा कंपनियों के शेयरों को लेकर लिवाली का रुझान होने से भी निवेशकों की धारणा को बल मिला और दोनों सूचकांक हल्की बढ़त के साथ बंद हुए। बेहद अस्थिर कारोबार में बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 149.98 अंक यानी 0.20 प्रतिशत चढ़कर 76,606.57 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 593.94 अंक यानी 0.77 प्रतिशत बढ़कर 77,050.53 अंक पर पहुंच गया था, जो इसके सर्वकालिक उच्चस्तर 77,079.04 से केवल 28.51 अंक दूर है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 177.1 अंक यानी 0.76 प्रतिशत बढ़कर दिन में कारोबार के दौरान 23,441.95 के अपने नए उच्चस्तर पर पहुंच गया। कारोबार के अंत में यह 58.10 अंक यानी 0.25 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,322.95 के नये उच्चस्तर पर बंद हुआ। सकारात्मक स्तर पर बाजार खुलने के बाद सत्र के बड़े हिस्से में बढ़त रही। हालांकि, कारोबारी सत्र के दौरान गिरावट आने को लिवाली के अवसर के रूप में इस्तेमाल किया गया। सेंसेक्स की कंपनियों में पावर ग्रिड के शेयर में सर्वाधिक 2.54 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। इसके अलावा टेक महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, एनटीपीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट, लार्सन एंड टुब्रो, टाटा स्टील, भारती एयरटेल, बजाज फिनसर्व और एचसीएल टेक्नोलॉजीज भी बढ़त के साथ बंद हुए। इसके उलट महिंद्रा एंड महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इन्फोसिस और टाइटन के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। व्यापक बाजार में बीएसई मिडकैप सूचकांक 1.07 प्रतिशत चढ़ गया, जबकि स्मॉलकैप में 1.06 प्रतिशत की तेजी रही। अमेरिकी मुद्रास्फीति का आंकड़ा और मौद्रिक समिति की बैठक का नतीजा आने के पहले वैश्विक बाजार काफी हद तक सकारात्मक रहे। घरेलू स्तर पर आगामी बजट को लेकर जुड़ी उम्मीदों से बाजार नई ऊंचाई की तरफ जा रहा है। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और चीन का शंघाई कम्पोजिट बढ़त पर रहे जबकि जापान का निक्की और हांगकांग के हैंगसेंग गिरकर बंद हुए।

यूरोपीय बाजार दोपहर के सत्र में ज्यादातर बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। मंगलवार को अमेरिकी बाजारों में बढ़त का रुझान रहा था।

# निर्मला सीतारमण ने वित्त मंत्रालय का कार्यभार संभाला



नयी दिल्ली। निर्मला सीतारमण ने लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए वित्त मंत्रालय का कार्यभार बुधवार को संभाल लिया।

वह जल्द ही वित्त वर्ष 2025 के लिए अंतिम बजट पेश करेंगी जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत तीसरी सरकार की प्राथमिकता तथा विकसित भारत की दिशा तय करेगा। नॉर्थ ब्लॉक स्थित कार्यालय में वित्त सचिव टी. वी. सोमनाथन और अन्य शीर्ष अधिकारियों ने सीतारमण का स्वागत किया। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी भी इस दौरान मौजूद थे। चौधरी ने मंगलवार की शाम को पदभार ग्रहण किया। आधिकारिक बयान के अनुसार, कार्यभार संभालने के बाद वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों के मंत्री को विभिन्न विभागों के सचिवों द्वारा मौजूदा नीतिगत मुद्दों की जानकारी दी गई। सीतारमण ने कहा कि सरकार अपने नागरिकों के जीवन की सुगमता सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इस संबंध में आगे भी कदम उठाती रहेगी। उन्होंने कहा कि 2014 से किए गए सुधार जारी रहेंगे, जिससे भारत व्यापक आर्थिक स्थिरता तथा वृद्धि हासिल करेगा। उन्होंने वैश्विक चुनौतियों के बीच हाल के वर्षों में भारत की सराहनीय वृद्धि गाथा को रेखांकित किया और कहा कि आने वाले वर्षों के लिए आर्थिक दृष्टिकोण आशावादी है। उन्होंने विभागों से राजग सरकार के विकास एजेंडे को नए जोश के साथ आगे बढ़ाने तथा प्रधानमंत्री के विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए उत्तरदायी नीति निर्माण सुनिश्चित करने का आग्रह किया। सीतारमण ने कहा कि सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास में विश्वास रखती है।

## जयन्त चौधरी ने राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के रूप में एमएसडीई का कार्यभार संभाला



नई दिल्ली। राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयन्त चौधरी ने आज कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) में आधिकारिक रूप से कार्यभार संभाला। कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के सचिव अतुल कुमार तिवारी ने मंत्री का स्वागत किया और अपनी शुभकामनाएं दीं।

यह कौशल विकास और उद्यमिता के परिदृश्य को आगे बढ़ाने में एक नए अध्याय की शुरूआत है। कौशल भवन नई दिल्ली में आयोजित यह अवसर भारत सरकार के 100 दिवसीय एजेंडे में उल्लिखित उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए एक ठोस प्रयास का प्रतीक है। इस अवसर पर बोलते हुए कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयन्त चौधरी ने कहा कि भारत में एक विशाल और युवा आबादी है जिसे अपनी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए स्किलिंग, रीस्किलिंग और अपस्किलिंग के अवसरों के साथ सशक्त बनाने की आवश्यकता है।

# सोना 250 और चांदी 800 रुपये तेज

नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूती के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोना 250 रुपये की बढ़त के साथ 72,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 71,950 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 800 रुपये उछलकर 91,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले सत्र में यह 90,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। दिल्ली के बाजारों में हाजिर सोने (24 कैरेट) की कीमतें 72,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही हैं, जो पिछले बंद से 250 रुपये अधिक है। अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स में हाजिर सोना 2,315 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद भाव से 12 डॉलर ऊंचा है। गांधी ने कहा कि बुधवार को सोने में बढ़त जारी रही।

## चौहान ने कृषि क्षेत्र में नयी जान फूंकने के लिए 100 दिन की कार्ययोजना बनायी

नयी दिल्ली। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को वरिष्ठ अधिकारियों के साथ 100 दिवसीय कार्ययोजना पर चर्चा की। इसका उद्देश्य कृषि क्षेत्र को मजबूत करना और किसानों के संकट को कम करना है। बैठक में कृषि राज्यमंत्री रामनाथ ठाकुर और भागीरथ चौधरी, कृषि सचिव मनोज आहूजा और अन्य शीर्ष अधिकारी शामिल हुए। बैठक में चौहान ने देशभर में कृषि उत्पादन और उत्पादकता को बढ़ावा देने के लिए किसानों तक गुणवत्तापूर्ण आदानों की आपूर्ति सुनिश्चित करने की जरूरत पर बल दिया। एक सरकारी बयान में कहा गया है कि कार्ययोजना का उद्देश्य न केवल कृषि उत्पादों में आत्मनिर्भरता हासिल करना है, बल्कि इस क्षेत्र से निर्यात की गुणवत्ता को भी बढ़ाना है। मंत्री ने फसल की पैदावार बढ़ाने और उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार करने के लिए किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीज, उर्वरक और अन्य आवश्यक आदानों (इनपुट) तक पहुंच प्रदान करने के महत्व को रेखांकित किया।

# बढ़ सकती हैं सुनक की चुनावी मुश्किलें

लंदन। ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था अप्रैल के महीने में बारिश की वजह से उपभोक्ता व्यय एवं निर्माण गतिविधियों पर असर पड़ने की वजह से स्थिर रही। यह चार जुलाई को होने वाले आम चुनाव में एक मुद्दा बन सकता है।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने बुधवार को अप्रैल की आर्थिक वृद्धि के आंकड़े जारी करते हुए कहा कि इस महीने में वृद्धि दर सपाट रही। ऐसा बारिश की वजह से उपभोक्ता व्यय कम होने और निर्माण गतिविधियां शिथिल होने के कारण हुआ है। इसके पहले जनवरी से मार्च की अवधि में भी ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था 0.6 प्रतिशत की औसत दर से ही बढ़ी थी। हालांकि, उसके पहले के एक लंबे दौर में अर्थव्यवस्था के स्थिर रहने से प्रधानमंत्री ऋषि सुनक इस सुधार को अपनी सफलता के तौर पर पेश कर रहे थे। हालांकि, मासिक आंकड़े अल्पावधि कारकों से प्रभावित होते रहते हैं लेकिन अप्रैल में इसका स्थिर रहना सुनक के राजनीतिक विरोधियों के लिए हमला करने का एक अवसर हो सकता है। इस समय चुनावी प्रक्रिया जारी होने से विरोधी लेबर पार्टी सुस्त आर्थिक वृद्धि को मुद्दा बना रही है। ब्रिटेन में मुद्रास्फीति घटकर 2.3 प्रतिशत पर आ गई है।

# रुपया तीन पैसे की तेजी के साथ बंद



मुंबई। घरेलू बाजार में सकारात्मक रुख के कारण बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया तीन पैसे मजबूत होकर 83.56 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी बुधवार को अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि रुपया सीमित दायरे में कारोबार कर रहा है क्योंकि सभी की निगाहें, वैश्विक मोर्चे पर अमेरिका के मई के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आंकड़ों और फेडरल रिजर्व के ब्याज दर को लेकर निर्णय पर लगी है। इसके अलावा घरेलू मोर्चे पर भी उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के आंकड़ों पर सभी की नजर है। कारोबारियों ने कहा कि विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी ने स्थानीय इकाई पर दबाव डाला और तेजी को सीमित कर दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.56 पर खुला और कारोबार के दौरान दिन के उच्चतम स्तर 83.51 तथा 83.56 के निचले स्तर को छूने के बाद अंत में डॉलर के मुकाबले तीन पैसे की तेजी दर्शाता 83.56 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ।

## मैजेन्टा मोबिलटी ने की टाटा से साझेदारी

मुंबई। मैजेन्टा मोबिलिटी ने कॉमर्शियल वाहन बनाने वाली भारत की सबसे बड़ी कंपनी टाटा मोटर्स के साथ अपनी साझेदारी को और मजबूत किया है। इस सहयोग के तहत मैजेन्टा टाटा ऐस ईवी की 100 से ज्यादा गाड़ियों को अपने इस्तेमाल में लाएगी। इसमें ऐस ईवी की 60 से अधिक और हाल ही में लॉन्च किए गए ऐस ईवी 1000 की 40 से ज्यादा गाड़ियां शामिल हैं। दोनों संस्थाओं के बीच अक्टूबर 2023 में किए गए समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत इन गाड़ियों को मैजेन्टा के पोर्टफोलियो में शामिल किया है। इस एमओयू के तहत क्रांतिकारी टाटा ऐस ईवी की 500 गाड़ियों को मैजेन्टा के पोर्टफोलियो में शामिल करने का लक्ष्य तय किया गया है। हम टाटा मोटर्स के साथ अपनी साझेदारी को मजबूत कर काफी उत्साहित हैं।

## सीओएआई ने की नये नेतृत्व की घोषणा

नईदिल्ली। सीओएआई ने वित्त वर्ष 2013-24 के लिए अपनी वार्षिक आम सभा के समापन के साथ जून, 2024 से प्रभावी 2024-25 के लिए नए नेतृत्व की घोषणा की। वोडाफोन आइडिया लिमिटेड के मुख्य परिचालन अधिकारी अभिजित किशोर इस संगठन के चेयरपर्सन होंगे, जबकि भारती एयरटेल के मुख्य नियामकीय अधिकारी राहुल वत्स वाइस चेयरपर्सन होंगे। अभिजित किशोर को भारतीय दूरसंचार उद्योग में तीन दशकों से अधिक का विभिन्न कार्यों, संगठनों और क्षेत्रों में गहरा अनुभव है। उन्होंने एक दूरसंचार कंपनी से एक प्रौद्योगिकी कंपनी के रूप में एंटरप्राइस कंपनी के लिए परिवर्तन का नेतृत्व किया।

## एसोसिएटेड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड द्विपक्षीय व्यापार अवसरों के लिए मेगा इवेंट की करेगा मेजबानी





लखनऊ। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड का एसोसिएटेड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री भारत और 40 भाग लेने वाले देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार के अवसरों को सुविधाजनक बनाने के लिए 15-16 जून, 2024 को होटल क्लार्क्स अवध, लखनऊ में एक मेगा कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य पारस्परिक रूप से लाभप्रद व्यापार अवसरों का पता लगाने के लिए व्यापारिक घरानों, उद्योगों, निर्यात-आयात व्यवसायों और विभिन्न क्षेत्रों के हितधारकों को एक साथ लाना है।

इस आयोजन में प्रदर्शनियाँ, बी2बी बैठकें और सम्मेलन शामिल होंगे, जो व्यवसायों को नेटवर्क और सहयोग के लिए एक मंच प्रदान करेंगे। आयोजन के बारे में बोलते हुए, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के एसोसिएटेड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष डी पी सिंह ने कहा कि हम इस मेगा इवेंट की मेजबानी करने के लिए उत्साहित हैं, जो भारतीय व्यवसायों को वैश्विक भागीदारों के साथ जुड़ने और नए व्यापार रास्ते तलाशने का एक अनूठा अवसर प्रदान करेगा। हमारा लक्ष्य द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देना और भारत की आर्थिक वृद्धि में योगदान देना है। इस कार्यक्रम में भारत और विदेश से बड़ी संख्या में प्रतिनिधियों के शामिल होने की उम्मीद है, जिनमें सरकार के गणमान्य व्यक्ति और उद्योग जगत के नेता भी शामिल होंगे। एसोसिएटेड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड क्षेत्र में आर्थिक वृद्धि और विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है और यह आयोजन उस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

पेज एक का शेष

## कुवैत में

ने एक आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर जारी किया हैः 965-65505246। सभी संबंधित लोगों से अद्यतन जानकारी के लिए इस हेल्पलाइन से जुड़ने का अनुरोध किया जाता है। दूतावास हरसंभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। कुवैत की कुल आबादी का 21 प्रतिशत (10 लाख) और इसकी श्रमशक्ति का 30 प्रतिशत (लगभग नौ लाख) भारतीय हैं। नयी दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आग की घटना को ‘दुखद’ बताया और कहा कि कुवैत में भारतीय दूतावास स्थिति पर करीब से नजर रख रहा है। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कुवैत सिटी में आग लगने की घटना दुखद है। मेरी संवेदनाएं उन सभी लोगों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं घायलों के जल्द से जल्द ठीक होने की कामना करता हूं। कुवैत में भारतीय दूतावास स्थिति पर करीब से नजर रख रहा है और वहां प्रभावितों की सहायता के लिए अधिकारियों के साथ काम कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के निर्देश पर विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह आग में घायल हुए भारतीयों की सहायता की निगरानी करने और मारे गए लोगों के शवों को शीघ्र स्वदेश पहुंचाने के कार्य में सहयोग के लिए कुवैत रवाना हो रहे हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक बयान में कहा, ‘कुवैत सिटी में आग की घटना की खबर से गहरा सदमा लगा है। 40 से अधिक लोगों की मौत की खबर है और 50 से अधिक लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हमारे राजदूत शिविर में गए हैं। हम आगे की जानकारी का इंतजार कर रहे हैं। जयशंकर ने एक्स पर कहा, ‘मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। घायल हुए लोगों के शीघ्र और पूर्ण स्वस्थ होने की कामना करता हूं। हमारा दूतावास इस संबंध में सभी संबंधित पक्षों को पूरी सहायता प्रदान करेगा। कुवैत में भारतीय राजदूत आदर्श स्वैका ने कई अस्पतालों का दौरा किया जहां घायलों को भर्ती कराया गया है। भारतीय दूतावास ने एक्स पर कहा राजदूत आदर्श स्वैका ने अल-अदन अस्पताल का दौरा किया जहां आज की आग की घटना में घायल हुए 30 से अधिक भारतीय मजदूरों को भर्ती कराया गया है। उन्होंने कई मरीजों से मुलाकात की और उन्हें दूतावास से पूरी सहायता का आश्वासन दिया।

इसने एक अन्य पोस्ट में कहा कि राजदूत स्वैका ने फरवानिया अस्पताल का भी दौरा किया जहां छह घायल मजदूरों को भर्ती कराया गया था, जिनमें ज्यादातर के भारतीय होने की संभावना है। अस्पताल के अधिकारियों ने पुष्टि की कि उनमें से चार लोगों को छुट्टी दे दी गई है और एक व्यक्ति को जहरा अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है तथा वार्ड में एक अन्य की हालत स्थिर बताई जाती है। राजदूत ने मुबारक अल-कबीर अस्पताल का भी दौरा किया जहां 11 घायल श्रमिकों को भर्ती कराया गया है। उनमें से दस को आज छुट्टी दिए जाने की उम्मीद है और अस्पताल में एक अन्य की हालत स्थिर बताई जाती है। उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से मुलाकात की और उन्हें दूतावास के पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। दूतावास ने एक्स पर लिखा राजदूत स्वैका ने जहरा अस्पताल का दौरा किया जहां आज की आग की घटना में घायल हुए छह श्रमिकों को भर्ती कराया गया है, जो भारतीय माने जाते हैं। उनकी हालत स्थिर बताई जाती है। अन्य छह मजदूरों को मंगफ स्थल से आज जहरा अस्पताल में स्थानांतरित किए जाने की उम्मीद है। नयी दिल्ली में अधिकारियों ने कहा कि भारतीय दूतावास के अधिकारी उन अस्पतालों में जा रहे हैं जहां आग की चपेट में आए लोग भर्ती हैं। भारतीय राजदूत स्वैका ने घटनास्थल का भी दौरा किया। भारतीय दूतावास ने कहा कि वह आवश्यक कार्वाई के लिए कुवैती कानून प्रवर्तन अधिकारियों, अग्निशमन सेवा और स्वास्थ्य विभाग के संपर्क में है। कुवैत के गृह मंत्री शेख फहद अल-यूसुफ अल सबाह ने आग की घटना की जांच के आदेश दिए।

## मृतकों के शव

से कहीं ज्यादा है। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कुवैत सिटी में आग लगने की घटना दुखद है। मेरी संवेदनाएं उन सभी के साथ हैं जिन्होंने अपने निकट और प्रियजनों को खो दिया है। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। उन्होंने कहा, कुवैत में भारतीय दूतावास स्थिति की बारीकी से निगरानी कर रहा है और प्रभावितों की सहायता के लिए वहां के अधिकारियों के साथ काम कर रहा है।

## लोक कल्याण

चिल्का विधानसभा सीट से बीजू जनता दल के रघुनाथ साहू को पराजित कर जीत हासिल की है।

**सीएम योगी आज करेंगे कानून-व्यवस्था की समीक्षा**

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को आगामी त्योहारों तथा कानून-व्यवस्था को लेकर बैठक करेंगे। वह अपने आवास स्थित सभाकक्ष से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सभी मंडलों व जिलों के अफसरों से तैयारियों काजायजा लेंगे और इस बावत उन्हें दिशा निर्देश भी देंगे। ।बैठक में उनके साथ शासन व पुलिस के आला अधिकारी मौजूद रहेंगे। बैठक में प्रदेश के सभी एडीजी जोन, मंडलायुक्त, पुलिस कमिश्नर, आईजी, डीआईजी, डीएम, एसएसपी, सीडीओ, नगर आयुक्त, अपर निदेशक स्वास्थ्य व सीएमओ के अलावा आबकारी, पर्यटन, विद्युत, पंचायतराज और परिवहन विभाग के अफसर भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़ेंगे। मुख्यमंत्री के साथ अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री, अपर मुख्य सचिव गृह, डीजीपी, एडीजी कानून-व्यवस्था तथा विभिन्न विभागों के प्रमुख सचिव उपस्थित रहेंगे।

## अखिलेश यादव

लोकसभा चुनाव में कन्नौज सीट पर जीत हासिल की थी। इससे पहले साल 2022 में वह मैनपुरी की करहल सीट से विधायक चुने गये थे। सपा प्रमुख राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता थे।

## 15 घंटे चली

और सीआरपीएफ के संयुक्त अभियान में दूसरे आतंकवादी को मार गिराया गया। उन्होंने बताया कि मंगलवार देर रात लगभग तीन बजे आतंकवादियों ने गांव में सुरक्षा घेरा तोड़ने के लिए अंधाधुंध गोलीबारी की थी। गोलीबारी में सीआरपीएफ के जवान कबीर दास गंभीर रूप से घायल हो गये। कबीर दास मध्य प्रदेश के रहने वाले थे। उन्होंने बताया कि जवान को अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

अभियान के दौरान जम्मू सांबा कठुआ रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक सुनील गुप्ता और कठुआ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनायत अली चौधरी के वाहनों पर कई गोलियां लगीं लेकिन अधिकारी सुरक्षित बच निकले। जम्मू क्षेत्र के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आनंद जैन ने कठुआ के सैदा सुखल गांव में अभियान के बारे में जानकारी साझा करते हुए कहा, दो आतंकवादी जो हाल में (सीमा पार से) घुसपैठ करके आए थे, रात आठ बजे (मंगलवार) के आसपास गांव में दिखाई दिए और एक घर से पानी मांगा। लोग डर गए और जैसे ही सूचना मिली एक पुलिस दल तुरंत गांव में पहुंचा। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ने बताया, एक आतंकवादी ने पुलिस दल पर हथगोला फेंकने की कोशिश की लेकिन मुठभेड़ में उसे मार गिराया गया। अधिकारियों ने बताया कि मारे गए दोनों आतंकवादी पाकिस्तानी बताए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और एक लाख रुपये से अधिक की नकदी जब्त की गई है। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों की पहचान और उनके समूह का पता लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों द्वारा की गयी गोलीबारी में एक नागरिक भी घायल हो गया, जिसे मंगलवार रात अस्पताल में भर्ती कराया गया। अधिकारियों ने बताया कि डोडा में आतंकवादियों ने मंगलवार देर रात भद्रवाह-पठानकोट मार्ग पर स्थित चतरगला इलाके में 4 राष्ट्रीय राइफल्स और पुलिस की एक संयुक्त चौकी पर गोलीबारी की, जिसे बाद मुठभेड़ शुरू हो गयी और कई घंटों तक जारी रही। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राइफल्स के पांच जवान और एक विशेष पुलिस अधिकारी घायल हुए, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया।

## हाईकोर्ट ने

चैहान की अवकाश कालीन पीठ ने छात्रा आयुषी पटेल की याचिका पर पारित किया। याचिका में मांग की गई है कि याची की ओएमआर शीट का मैनुअल मूल्यांकन कराया जाए। यह भी मांग की गयी है कि एनटीए के विरुद्ध केंद्र सरकार को जांच का आदेश दिया जाए व वर्तमान याचिका के विचाराधीन रहते, काउंसलिंग पर रोक लगाई जाए। याची की ओर से दलील दी गई कि उसे एनटीए की ओर से एक ई-मेल प्राप्त हुआ जिसमें कहा गया कि उसकी ओएमआर शीट फटी हुई प्राप्त हुई है लिहाजा उसका परिणाम नहीं घोषित किया जा रहा है।

## झोपड़ी पर

लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जेसीबी बुलवाई। इसके बाद ट्रक को सीधा किया गया और बालू को हटवाया गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है तथा चालक को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ कर रही है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि हादसे में एक ही परिवार के चार बच्चे और दो महिलाओं समेत आठ लोगों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जेसीबी की मदद से ट्रक और बालू को हटाया और उसके नीचे दबे शवों को बाहर निकाला। हादसे में अवधेश (40), सुधा (35), लाला (5), सुनैना (11), बुद्धू (चार), हीरो (25), करण (30) तथा बिहारी (2) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि चार साल की एक बच्ची घायल हो गई, जिसका उपचार अस्पताल में किया जा रहा है। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी मौके पर पहुंचे और तत्परता से राहत कार्य शुरू कराया।

## चंद्रबाबू नायडू

पहली बार है जब ओडिशा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनी है। समारोह में मोदी के अलावा भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, भूपेन्द्र यादव, धर्मेंद्र प्रधान, जुएल उरांव, अश्विनी वैष्णव और अन्य शामिल हुए। शपथ लेने के बाद चंद्रबाबू नायडू को प्रधानमंत्री मोदी ने गले लगाया और उनकी पीठ थपथपाई।

## 12 माह के

कि यह प्रक्रिया क्रमिक हो और टिकाऊ आधार पर हो। एमपीसी की बैठक के बाद दास ने मुद्रास्फीति को हाथी बताया था और कहा था कि जून की बैठक के दौरान यह बहुत धीरे-धीरे जंगल में लौटता दिखा। उस दौरान, अपने अनुमानों में भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2025 के लिए मुद्रास्फीति के लक्ष्य को 4.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित छोड़ दिया था। वित्त वर्ष 2024 में मुद्रास्फीति दर केंद्रीय बैंक के पूवार्नुमान के अनुरूप 5.4 प्रतिशत थी। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार औद्योगिक उत्पादन सूचकांक अप्रैल में घटकर 5 प्रतिशत रह गई, जो तीन महीने का निचला स्तर है। मार्च में यह 5.4 प्रतिशत थी। सरकार ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि अप्रैल 2023 में आईआईपी वृद्धि दर 4.6 प्रतिशत दर्ज की गई।

## अब जीवन बीमा

या विवाह, आवासीय मकान/फ्लैट की खरीद, निर्माण, चिकित्सकीय व्यय तथा गंभीर बीमारी के उपचार के लिए अपनी विशिष्ट वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद मिलेगी। इरडा ने कहा कि पॉलिसी को बंद करने के मामले में... इसे बंद करने वाले पॉलिसीधारकों और जारी रखने वाले पॉलिसीधारकों दोनों के लिए युक्तिसंगत तथा मूल्यपरक राशि सुनिश्चित की जाना चाहिए। परिपत्र में कहा गया, यदि बीमाकर्ता बीमा लोकपाल के निर्णय के विरुद्ध अपील नहीं करता है।




## पूर्व भारतीय फुटबॉलर व कोच टी के चथुन्नी का निधन



कोच्चि। पूर्व भारतीय फुटबॉलर और कोच टी के चथुन्नी का बुधवार को यहां निधन हो गया। वह 79 वर्ष के थे तथा पिछले कुछ समय से कैंसर से पीड़ित थे। चथुन्नी को रक्षापंक्ति में कुशल खिलाड़ी माना जाता था।

उन्होंने संतोष ट्रॉफी में केरल और गोवा का प्रतिनिधित्व किया। खेल से संन्यास लेने के बाद वह कोच बन गए और अगले 40 वर्ष तक भारतीय फुटबॉल में अपनी अमिट छाप छोड़ी। चथुन्नी कई टीमों के कोच रहे जिनमें मोहन बागान, डेंपो गोवा और एफसी कोचीन भी शामिल हैं।

वह 1979 में केरल की संतोष ट्रॉफी टीम के कोच भी रहे। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन और राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता वी डी सतीसन ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया।

**श्रीलंका और नेपाल बाहर होने के कगार पर**

लॉडरहिल (अमेरिका)। श्रीलंका और नेपाल के बीच टी20 विश्व कप के ग्रुप डी का मैच भारी बारिश के कारण नहीं हो पाया, जिससे दक्षिण अफ्रीका की सुपर आठ में जगह पक्की हो गई।

## टिटमस ने महिला 200 मीटर तैराकी में बनाया विश्व रिकॉर्ड

ब्रिसबेन (ऑस्ट्रेलिया)। ऑस्ट्रेलिया की एरियार्ने टिटमस ने बुधवार को यहां ऑस्ट्रेलिया के ओलंपिक तैराकी ट्रायल के दौरान महिला 200 मीटर फ्रीस्टाइल में विश्व रिकॉर्ड बनाया। टिटमस ने एक मिनट 52.23 सेकेंड का समय लेकर पिछले साल की विश्व चैंपियनशिप में मोली ओकालाघन के एक मिनट 52.85 सेकेंड के समय से बेहतर प्रदर्शन किया। मोली एक मिनट 52.48 सेकेंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। टिटमस 200 और 400 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा की ओलंपिक चैंपियन हैं और अब इन दोनों स्पर्धा के विश्व रिकॉर्ड भी उनके नाम हैं।

**हमें इस जीत की जरूरत थी: बाबर आजम**

न्यूयॉर्क। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने मंगलवार को यहां आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप ग्रुप ए मैच में कनाडा को सात विकेट से हराने के बाद कहा कि नेट रन रेट की बात उनके जेहन में थी लेकिन पिच ने इसे मुश्किल बना दिया। बाबर ने कहा, हमें इस जीत की जरूरत थी। हमने गेंदबाजी में अच्छी शुरूआत की।



## संक्षेप

### जिला लखनऊ बैड़मिंटन चैम्पियनशिप 28 जून से

लखनऊ। जिला लखनऊ बैडमिंटन चैम्पियनशिप गोमती नगर स्थित बीबीडी बैडमिंटन अकादमी के बैडमिंटन हॉल में 28 जून से 30 जून तक होगी। जिला सचिव अनिल ध्यानी के अनुसार इसे 11 वर्ष 13, 15, 17 व 19 वर्ष एवं पुरुष/महिला (वेटरन स्पर्धा नही) की एकल/युगल/मिश्रित युगल स्पर्धाएं होगी। इस चैम्पियनशिप के आधार पर जिला टीम का चयन किया जायेगा। जो खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगें वही खिलाडी प्रदेश स्तरीय/अखिल भारतीय प्रतियोगिता में भाग ले सकेगें। प्रवेश फार्म 18 जून से बीबीडी बैडमिंटन अकादमी हॉल के काउंटर से प्राप्त कर सकते है, प्रवेश फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि 25 जून शाम 7 बजे तक होगी ड्रा 26 जून को डाले जाएंगे, अन्य जानकारी फार्म में उपलब्ध है।

### इंग्लैंड के अरमानों पर पानी फेर सकती है बारिश

नॉर्थ साउंड। अपनी पहली जीत दर्ज करने के लिए बेताब इंग्लैंड के अरमानों पर ओमान के खिलाफ यहां होने वाले टी20 विश्व कप के मैच में बारिश पानी फेर सकती है। पूर्व चैंपियन इंग्लैंड को सुपर 8 में जगह बनाने के लिए ग्रुप बी के अपने बाकी बचे दोनों मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। उसका दो मैच में केवल एक अंक है जो उसे स्कॉटलैंड के खिलाफ बारिश के कारण मैच नहीं हो पाने के कारण मिला था। जोस बटलर की अगुवाई वाली टीम के लिए खबर अच्छी नहीं है क्योंकि मौसम विभाग ने ओमान के खिलाफ मैच के दिन बारिश की संभावना व्यक्त की है। इंग्लैंड को ओमान के बाद अपना आखिरी लीग मैच इसी मैदान पर नामीबिया के खिलाफ खेलना है। इन दोनों मैच में जीत के बावजूद भी इंग्लैंड को ऑस्ट्रेलिया और स्कॉटलैंड के बीच होने वाले मैच में अनुकूल परिणाम के लिए दुआ करनी होगी।

### चीन की विश्व कप में खेलने की उम्मीदें कायम

सियोल। चीन ने दक्षिण कोरिया से 0-। हारने के बावजूद 2026 में होने वाले फीफा विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रवेश करने की अपनी उम्मीद जीवंत राखी। चीन विश्व कप क्वालीफाइंग के तीसरे दौर में प्रवेश करने में सफल रहा क्योंकि थाईलैंड एक अन्य मैच में सिंगापुर को 3-। से ही हरा पाया। थाईलैंड को आगे बढ़ने के लिए इस मैच में 3-0 से जीत की जरूरत थी। दक्षिण कोरिया एशियाई क्वालीफाइंग के ग्रुप सी में शीर्ष पर रहा और इस तरह से उसने लगातार 11वीं बार विश्व कप में जगह बनाने की तरफ मजबूती से कदम बढ़ाए। एशिया की 18 टीमों में से छह टीम को विश्व कप में सीधा प्रवेश मिलेगा। दो अन्य टीम एशियाई क्वालीफाइंग के चौथे चरण से विश्व कप में सीधे प्रवेश पा सकती हैं जबकि एक अन्य टीम विश्व कप में जगह बनाने के लिए अंतरमहाद्वीपीय प्लेऑफ में खेलेगी।

### वालपुइया 2027 तक मुंबई सिटी एफसी में बने रहेंगे

मुंबई। वालपुइया के नाम से पहचाने जाने वाले हमिंगथनमाविया राल्ते ने मुंबई सिटी एफसी के साथ अपना अनुबंध 2027 सत्र तक बढ़ा दिया है। क्लब ने बुधवार को यहां जारी विज्ञप्ति में मिजोरम के इस खिलाड़ी को टीम का अहम सदस्य करार दिया। वह इस टीम से ऐतिहासिक रहे 2020-21 सत्र में जुड़े थे। मुंबई सिटी एफसी ने इस साल आईएसएल शील्ड और खिताब जीता था। वालपुइया को मुंबई सिटी एफसी ने 2022-23 सत्र में राउंडग्लास पंजाब को उधार दिया था। उनके अहम योगदान से राउंडग्लास पंजाब आई-लीग से आईएसएल में प्रमोट होने में सफल रहा।

# भारत ने लगायी जीत की हैट्रिक

## यूएसए को सात विकेट से हराया, इंडिया ने सुपर 8 में किया क्वालीफाई

एजेंसी

न्यूयार्क। भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप के 25वें मुकाबले में अमेरिका को 7 विकेट से हराया। इस जीत के साथ टीम इंडिया वर्ल्ड कप के सुपर-8 में प्रवेश कर गई है। टीम ने पाकिस्तान को 6 रन से और आयरलैंड को 8 विकेट से हराया था। नसाउ काउंटी क्रिकेट स्टेडियम में बुधवार को भारतीय टीम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया है। अमेरिका ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 110 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम ने 18.2 ओवर में 3 विकेट पर टारगेट हासिल कर लिया।

सूर्यकुमार यादव ने 49 बॉल पर नाबाद 50 रन बनाए, जबकि शिवम दुबे ने 35 बॉल पर नाबाद 31 रनों की पारी खेली। दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 65 बॉल पर 67 रन की पार्टनरशिप हुई। ऋषभ पंत 18 रन बनाकर आउट हुए। कप्तान रोहित शर्मा ने 3 रन बनाए, जबकि विराट कोहली खाता नहीं खोल सके। सौरभ नेत्रवल्कर को 2 विकेट मिले, अली खान ने एक विकेट लिया। युएसए की ओर से नीतीश कुमार ने सबसे ज्यादा 27 रन बनाए, जबकि स्टीवन टेलर ने 24 रन का योगदान दिया। भारत की ओर से अर्शदीप सिंह ने 4 विकेट झटके। हार्दिक पंड्या को 2 सफलताएं मिलीं। अक्षर को एक विकेट मिला। एक बल्लेबाज रनआउट हुआ।





अमेरिका ने टी-20 वर्ल्ड कप के 25वें मुकाबले में भारत को जीत के लिए 111 रन का टारगेट दिया था। नसाउ काउंटी क्रिकेट स्टेडियम में बुधवार को दोनों टीमों के बीच पहला इंटरनेशनल क्रिकेट मैच खेला गया। भारतीय टीम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया है। अमेरिका ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 110 रन बनाए। नीतीश कुमार ने सबसे ज्यादा 27 रन बनाए, जबकि स्टीवन टेलर 24 रन का योगदान दिया। अर्शदीप सिंह ने 4 विकेट झटके। हार्दिक पंड्या को 2 सफलताएं मिलीं। अमेरिकी टीम ने पारी की आखिरी बॉल पर विकेट गंवाया। 20वां ओवर डाल रहे मोहम्मद सिराज की आखिरी बॉल पर जसदीप रनआउट हो गए। उन्होंने 2 रन बनाए। इस तरह अमेरिका ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 110 रन बनाते हुए भारत को 111 रन का टारगेट दिया। 18वें ओवर में अमेरिकी टीम ने 7वां विकेट गंवाया। यहां हरमीत सिंह 10 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें अर्शदीप सिंह ने ऋषभ पंत के हाथों कैच कराया। अर्शदीप ने चौथा विकेट लिया है। उन्होंने नीतीश कुमार (27 रन), शायन जहांगीर (0 रन) और एंड्रीस गॉस (2 रन) को पवेलियन भेजा। इसी ओवर में अमेरिकी टीम ने 100 रन का आंकड़ा हासिल किया। 17वें ओवर में अमेरिका ने छठा विकेट गंवाया। यहां कोरी एंडरसन 15 रन बनाकर आउट हुए।

उन्हें हार्दिक पंड्या ने विकेटकीपर ऋषभ पंत के हाथों कैच कराया। उन्होंने कप्तान एरोन जोन्स (11 रन) को मोहम्मद सिराज के हाथों कैच कराया। 15वें ओवर में अमेरिका ने 5वां विकेट गंवाया। यहां नीतीश कुमार 27 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें अर्शदीप सिंह ने सिराज के हाथों कैच कराया। सिराज ने डीप मिडविकेट पर छलांग लगाकर शानदार कैच पकड़ा। यह अर्शदीप सिंह का तीसरा विकेट है। उन्होंने पहले ओवर में 2 विकेट लिए। अर्शदीप सिंह ने मैच की पहली ही बॉल पर शायन जहांगीर को छइह किया। फिर अपने ओवर की आखिरी बॉल पर एंड्रीस गॉस को हार्दिक पंड्या के हाथों कैच कराया। 12वें ओवर में वरअ ने चौथा विकेट गंवाया। यहां स्टीवन टेलर 24 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें अक्षर पटेल ने बोल्ड किया। 8वां ओवर डालने आए शिवम दुबे ने 11 रन खर्च किए। उनके इस ओवर में दो बाउंड्री आई। इनमें एक चौका और एक छक्का शामिल रहा।

### करो या मरो मुकाबले में न्यूजीलैंड का सामना वेस्टइंडीज से

टरूबा। न्यूजीलैंड को अगर टी20 विश्व कप में अपनी उम्मीदें जीवंत रखनी हैं तो उसे मेजबान वेस्टइंडीज के खिलाफ यहां होने वाले करो या मरो मैच में बेहतर प्रदर्शन करके हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। अफगानिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में न्यूजीलैंड के बल्लेबाज नहीं चल पाए थे और उसकी पूरी टीम 15.2 ओवर में 75 रन पर आउट हो गई जिससे उसे 84 रन से हार का सामना करना पड़ा। इससे उसका नेट रन रेट भी गड़बड़ा गया और वह ग्रुप सी में सबसे निचले स्थान पर है। न्यूजीलैंड का विश्व कप में प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा है। वह पिछले तीन वनडे विश्व कप और तीन टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचा है लेकिन इस बार उसके लिए चुनौती आसान नहीं है। अफगानिस्तान के खिलाफ उसके केवल दो बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंच पाए थे। केन विलियमसन की अगुवाई वाली टीम को अब उस प्रदर्शन को भूलकर वेस्टइंडीज के खिलाफ अच्छा खेल दिखाना होगा। पिछले मैच में न्यूजीलैंड को केवल बल्लेबाजी में ही नहीं क्षेत्ररक्षण में भी निराशा हाथ लगी। उसने आसान कैच टपकाए और स्टंप आउट करने के मौके गंवाए। अफगानिस्तान ने इसका फायदा उठाकर मजबूत स्कोर खड़ा किया। वेस्टइंडीज के साथ ऐसी कोई दिक्कत नहीं है और लगातार तीसरी जीत से वह सुपर 8 में अपनी जगह पक्की कर लेगा। पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ वेस्टइंडीज को आसान जीत नहीं मिली लेकिन पिछले मैच में युगांडा को उसने 39 रन पर आउट करके 134 रन की बड़ी जीत दर्ज की थी।

## भारतीय निशानेबाजों ने किया शानदार प्रदर्शन: नारंग

एजेंसी

नई दिल्ली। ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज गगन नारंग का मानना है कि व्यवस्थित ट्रायल, उचित अंकन प्रणाली और सभी दावेदारों को समान अवसर के कारण देश के निशानेबाजों ने पेरिस खेलों के लिए 15 कोटा स्थान हासिल किए। लंदन ओलंपिक 2012 में कांस्य पदक जीतने वाले नारंग को खुशी है कि पेरिस ओलंपिक में 15 निशानेबाज भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे जिसमें उनकी अकादमी की दो महिला निशानेबाज इलावेनिल वलारिवान और रमिता भी शामिल हैं। प्रेस विज्ञप्ति में नारंग के हवाले से कहा गया, ट्रायल भी बहुत व्यवस्थित तरीके से आयोजित किए गए जिसमें अंकन प्रणाली का उपयोग किया गया जिससे प्रतिभागियों को अपनी वास्तविक क्षमता दिखाने का समान अवसर मिला। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के उपाध्यक्ष नारंग ने खिलाड़ियों को लाभान्वित करने वाली विभिन्न विकास योजनाओं में सरकार की भूमिका और उसके निवेश की सराहना की। उन्होंने कहा, कुछ साल पहले तक निशानेबाजी में अन्य देशों का दबदबा था। लेकिन अब भारतीय निशानेबाज सभी प्रमुख प्रतियोगिताओं में शीर्ष स्थान हासिल कर रहे हैं जो खेल में हमारी प्रगति का सबसे बड़ा संकेत है। नारंग ने कहा, यह उल्लेखनीय सुधार सरकार द्वारा अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बुनियादी ढांचे में निवेश करने और जमीनी स्तर पर खेलो इंडिया योजना द्वारा अपनाए गए वैज्ञानिक दृष्टिकोण और कार्यप्रणाली का परिणाम है।



### इंग्लैंड को मैच से बाहर करने का आग्रह

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट कप्तान टिम पेन चाहते हैं कि मिशेल मार्श और उनकी टीम स्कॉटलैंड के खिलाफ अपने अंतिम ग्रुप मैच में हेरफेर करे जिससे कि इंग्लैंड को टी20 विश्व कप से बाहर किया जा सके। गत चैंपियन इंग्लैंड बारिश के कारण एक मैच रद्द होने और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बड़ी हार के बाद मुश्किल स्थिति में है और उसकी सुपर आठ में जगह बनाने की राह आसान नहीं है। ऑस्ट्रेलिया पहले ही सुपर आठ में जगह बना चुका है। पेन ने एसईएन रेडियो से कहा, बिल्कुल उन्हें ऐसा (परिणाम में हेरफेर) करना चाहिए और मैं मजाक नहीं कर रहा हूं। मैंने पिछले कुछ दिनों में लोगों से इस बारे में बात की है। मैं पूरी तरह गंभीर हूं। ग्रुप बी की मौजूदा स्थिति के अनुसार इंग्लैंड सिर्फ एक अंक और माइनस 1.800 के नेट रन रेट के साथ चौथे स्थान पर है। उसके दो और मैच बचे हैं। भले ही वह अपने दोनों मैच जीत लें लेकिन अंकों के मामले में स्कॉटलैंड से आगे नहीं निकल सकता जो पांच अंक और प्लस 2.164 के नेट रन रेट के साथ दूसरे स्थान पर है।

## ऑस्ट्रेलिया ने नामीबिया को दी शिकस्त, सुपर आठ में



एजेंसी

नॉर्थ साउंड (एंटीगा)। लेग स्पिनर एडम जंपा की शानदार गेंदबाजी की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने नामीबिया को 86 गेंद शेष रहते हुए 9 विकेट से करारी शिकस्त देकर टी20 विश्व कप के सुपर आठ में जगह बनाई। ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया और नामीबिया को 17 ओवर में 72 रन पर आउट कर दिया। ऑस्ट्रेलिया ने इसके बाद केवल 34 गेंद पर एक विकेट पर 74 रन बनाकर शानदार जीत हासिल की। सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड 34 और कप्तान मिचेल मार्श 18 रन बनाकर नाबाद रहे। डेविड वार्नर ने आठ गेंद पर 20 रन का योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया की यह लगातार तीसरी जीत है जिससे उसने एक मैच शेष रहते हुए ही सुपर आठ में प्रवेश कर लिया। उसे ग्रुप बी में अपना आखिरी मैच शनिवार को स्कॉटलैंड के खिलाफ खेलना है।

नामीबिया की यह तीन मैच में दूसरी हार है जिससे वह सुपर आठ में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो गया है। स्कॉटलैंड और इंग्लैंड ग्रुप बी से दूसरे स्थान पर रहने की दौड़ में हैं। नामीबिया के पास ऑस्ट्रेलिया के मजबूत गेंदबाजी आक्रमण का कोई जवाब नहीं था। उसकी तरफ से कप्तान गेरहार्ड इरास्मस ने सर्वाधिक 36 रन बनाए जिससे नामीबिया 43 रन पर आठ विकेट गंवाने के बावजूद 50 रन की संख्या को पार कर पाया। नामीबिया ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना न्यूनतम स्कोर बनाया। जंपा ने बीच के ओवरों में अपना कमाल दिखाया तथा चार ओवर में 12 रन देकर चार विकेट लिए। जंपा ने अपने इस प्रदर्शन से एक बड़ी उपलब्धि भी हासिल की। वह ऑस्ट्रेलिया की तरफ से टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 100 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बन गए हैं।

जोश हेज़लवुड (18 रन देकर दो विकेट) ने नामीबिया के सलामी बल्लेबाज माइकल वैन लिंगेन (10) और निको डेविन (02) को आउट किया। हेज़लवुड के साथ गेंदबाजी की शुरुआत करने वाले मार्कस स्टोइनिस (तीन ओवर में नौ रन देकर दो विकेट) ने भी दो विकेट लिए, जबकि कप्तान पैट कमिंस और नाथन एलिस ने एक-एक विकेट लिया। मार्श ने मैच के बाद कहा, हमारे गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। पूरी टीम ने अच्छा खेल दिखाया। यह वास्तव में हमारे लिए महत्वपूर्ण था और सुपर आठ में जगह बनाना शानदार है। उन्होंने एडम जंपा की तारीफ करते हुए कहा, अगर आप उसके पिछले चार-पांच वर्षों के करियर पर गौर करो तो वह संभवत हमारा सबसे महत्वपूर्ण खिलाड़ी है। वह दबाव में गेंदबाजी करना पसंद करता है। हम सौभाग्यशाली हैं कि हमारे पास उसके जैसा गेंदबाज है।

**इंग्लैंड जल्दी बाहर होता है तो ऑस्ट्रेलिया के हित में होगा लेकिन जीतना जरूरी**

नार्थ साउंड (एंटीगा एवं बारबुडा)। तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने स्वीकार किया कि यदि इंग्लैंड टी20 विश्व कप से ग्रुप चरण में ही बाहर हो जाता है तो यह ऑस्ट्रेलिया के सर्वश्रेष्ठ हित में होगा लेकिन उन्होंने कहा कि किसी और को बाहर करने की कोशिश करने की तुलना में अच्छी जीत हासिल करना अधिक महत्वपूर्ण है। गत चैंपियन इंग्लैंड बारिश के कारण एक मैच रद्द होने और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बड़ी हार के बाद मुश्किल स्थिति में है और उसकी सुपर आठ में जगह बनाने की राह आसान नहीं है। ऑस्ट्रेलिया पहले ही सुपर आठ में जगह बना चुका है।

## रोनाल्डो के गोल से जीता पुर्तगाल

एजेंसी



लिस्बन। स्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के दो गोल की मदद से पुर्तगाल ने यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप के अभ्यास मैच में आयरलैंड को 3-0 से पराजित करके अपनी तैयारी का पुख्ता सबूत पेश किया। पुर्तगाल की तरफ से जोआओ फेलिक्स ने पहला गोल किया। इसके बाद 39 वर्षीय रोनाल्डो ने दूसरे हाफ में दो गोल दागे। यूरोपीय चैंपियनशिप के अपने पहले मुकाबले में पुर्तगाल का सामना अगले मंगलवार को लीपजि़ग में चेक गणराज्य से होगा। इसके बाद वह ग्रुप एफ में तुर्की और जॉर्जिया से भी खेलेगा। रोनाल्डो पिछले सप्ताह फिनलैंड और क्रोएशिया के खिलाफ मैत्री मैचों में नहीं खेले थे। आयरलैंड के खिलाफ रोनाल्डो के पास 22वें मिनट में फ्री किक पर गोल करने का मौका था लेकिन वह चूक गए। इसके बाद उन्होंने 50वें और 60वें मिनट में गोल किये।

भारतीय फुटबॉल टीम के कोच स्टिमक ने कहा, हमारे साथ अन्याय हुआ

दोहा। भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने कहा कि कतर के खिलाफ मैच में उनके साथ अन्याय हुआ जिसके कारण टीम का विश्व कप क्वालीफाइंग के तीसरे दौर में पहुंचने का सपना टूट गया। भारत को इस मैच में 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम लालियानजुआला चांगटे के 37वें मिनट में किये गये गोल की बदौलत निर्धारित समय से 15 मिनट पहले तक आगे चल रही थी। लेकिन दक्षिण कोरिया के रेफरी ने कतर के गोल को सही करार दे दिया जबकि ऐसा लग रहा था कि गेंद खेल के क्षेत्र से बाहर जा चुकी थी। इस विवादास्पद फैसले के कारण भारत की लय प्रभावित हुई और एशियाई चैम्पियन कतर ने 85वें मिनट में अहमद अल रावी की बदौलत अपना दूसरा गोल कर दिया। स्टिमक ने मैच के बाद कहा, कतर आज भाग्यशाली रहा क्योंकि उसने विवादित गोल से वापसी की। यह अनियमित गोल था और मैं इसकी पुष्टि कर सकता हूं क्योंकि मैंने रिप्ले देखा है। गेंद खेल के क्षेत्र से बाहर जा चुकी थी लेकिन तब भी गोल दिया गया। उन्होंने कहा,, आज की फुटबॉल में ऐसा नहीं होना चाहिए क्योंकि एक गोल से पूरे मैच का पैसा पलट जाता है।

### एशियाई चैंपियनशिप भारत की पुरुष और महिला टीम जीतीं

डेलियान (चीन)। भारत की पुरुष और महिला टीमों ने यहां चल रही एशियाई टीम स्क्वाश चैंपियनशिप 2024 में अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की। चोटिल अभय सिंह के बिना खेल रही पुरुष टीम ने अनुभवी वेलावन सेंथिलकुमार की अगुआई में कुवैत को 2-। से हराया। रतिका एस सीलान की अगुआई में महिला टीम ने मकाउ को 2-। और मंगोलिया को 3-0 से शिकस्त दी। भारतीय पुरुष टीम को हालांकि अपने दूसरे ग्रुप मैच में जापान के खिलाफ हार झेलनी पड़ी। इस मुकाबले के पूर्ण नतीजों का अभी इंतजार है। पुरुष वर्ग में सेंथिलकुमार ने कुवैत के अथबी हमाद को 11-4, 11-5, 11-4 से हराया लेकिन राहुल भाटिया को मोहम्मद अल्खानफिर के खिलाफ 8-11, 12-10, 8-11, 11-9, 2-11 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

## आज साख बचाने उतरेगा बांग्लादेश

एजेंसी




किंग्सटाउन। बांग्लादेश और न्यूजीलैंड टी20 विश्व कप के सुपर आठ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को पंख लगाने के लिए गुरुवार को यहां एक दूसरे का सामना करेंगे। दक्षिण अफ्रीका ग्रुप डी से शीर्ष पर रहकर पहले ही अगले दौर में जगह बना चुका है। बांग्लादेश इस ग्रुप में अभी दूसरे स्थान पर है। उसके और नीदरलैंड के समान दो दो अंक हैं। बांग्लादेश की टीम हालांकि बेहतर नेट रन रेट के आधार पर दूसरे स्थान पर है। नेपाल और श्रीलंका के एक-एक अंक हैं लेकिन उनके पास भी ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहकर सुपर 8 में जगह बनाने का मौका है। बांग्लादेश ने अपने पहले मैच में श्रीलंका को दो विकेट से हराया था लेकिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उसके बल्लेबाज अपेक्षाकृत छोटा लक्ष्य हासिल करने में नाकाम रहे थे और उसे चार रन से हार का सामना करना पड़ा था।

नीदरलैंड की टीम भी पिछले मैच में दक्षिण अफ्रीका से हार गई थी और वह भी वापसी करने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगी। टीम इस प्रकार हैं: बांग्लादेश: नजमुल हुसैन शंटो (कप्तान), तस्कीन अहमद, लिटन दास, सौम्या सरकार, तनजीद हसन तमीम, शाकिब अल हसन, तौहीद ह्रदोय, महमूद उल्लाह रियाद, जैकर अली अनिक, तनवीर इस्लाम, शाक महेदी हसन, रिशाद हुसैन, मुस्तफिजुर रहमान, शोरीफुल इस्लाम और तनजीम हसन साकिब। नीदरलैंड: स्कॉट एडवर्ड्स (कप्तान), आर्यन दत्त, बास डी लीडे, काइल क्लेन, लोगन वैन बीक, मैक्स ओ डॉड, माइकल लेविट, पॉल वैन मीकेरेन, रयान क्लेन, साकिब जुल्फिकार, सिब्रांड एंजेलब्रेच, तेजा निदामनुरु, टिम प्रिंगल, विक्रम सिंह, विव किंगमा और वेस्ले बैरेसी।

# दिल्ली में जल संकट पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

## सरकार से पूछा : लोग परेशान हैं, टैंकर माफिया के खिलाफ आपने क्या कार्रवाई की

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने पानी की बर्बादी और टैंकर माफिया को लेकर दिल्ली की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए बुधवार को पूछा कि इस समस्या से निपटने के लिए उसने क्या कदम उठाए हैं। न्यायालय ने कहा कि दिल्ली में लोग पानी की किल्लत से परेशान हैं।

न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी वराले की अवकाशकालीन पीठ ने दिल्ली सरकार से कहा कि यदि वह टैंकर माफिया से नहीं निपट सकती तो वह शहर की पुलिस से टैंकर माफिया के खिलाफ कार्रवाई करने को कहेगी। न्यायालय ने कहा कि यदि उसी पानी को टैंकर के माध्यम से पहुंचाया जा सकता है, तो उसे पाइपलाइन के माध्यम से क्यों नहीं उपलब्ध कराया जा सकता। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि यदि बिजली चोरी रोकने के लिए कड़े कानून हो सकते हैं तो पानी की बर्बादी रोकने के लिए कानून क्यों नहीं हो सकते। पीठ ने कहा, यदि हिमाचल प्रदेश से पानी आ रहा है तो दिल्ली में कहां जा रहा है? यहां इतनी चोरी हो रही है, टैंकर माफिया काम कर रहे हैं। क्या आपने इनके खिलाफ कोई कार्वाई की है? यदि आप कोई कार्वाई नहीं कर रहे हैं तो हम इस मामले को दिल्ली पुलिस को सौंप देंगे। लोग परेशान हैं। टैंकर से वही पानी आ रहा है लेकिन पाइपलाइन में पानी नहीं है। इसने मौखिक रूप से कहा, हर चैनल पर तस्वीरें देख रहे हैं कि दिल्ली में टैंकर माफिया काम कर रहा है।



आपने इस संबंध में क्या उपाय किए हैं? हलफनामे से पता चलता है कि ये मामले 2018, 2019 और 2021 में भी सामने आए हैं। हर बार यह अदालत कहती है कि हम ऐसा नहीं कर सकते, यह काम यमुना जल बोर्ड (ऊपरी यमुना नदी बोर्ड-यूवाईआरबी) द्वारा किया जाना चाहिए। पीठ ने कहा, यदि यह समस्या बार-बार आती है तो आपने दोनों बैराज से आने वाले पानी की बर्बादी को रोकने के लिए क्या उपाय किए हैं? कृपया हमें बताएं कि आपने टैंकर माफियाओं के खिलाफ क्या कार्वाई की है या प्राथमिकी दर्ज की है। दिल्ली सरकार की ओर से पेश हुए वकील शादान फरासत ने अदालत की चिंता को दूर करने का प्रयास करते हुए कहा कि पानी की बर्बादी रोकने के लिए कार्वाई की गई है, जिसमें उन स्थानों में आपूर्ति बंद करना भी शामिल है जहां इसकी तत्काल आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड द्वारा पानी के टैंकर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, जहां तक पुलिस का सवाल है, हमें खुशी होगी कि पुलिस इस मामले (जल माफिया पर लगाम लगाने के लिए) में कार्वाई करे। दिल्ली सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने यूवाईआरबी द्वारा 2018 में पारित एक आदेश का हवाला दिया, जिसके तहत दिल्ली को 1013 क्यूसेक पानी मिलना चाहिए। सिंघवी ने कहा, हालांकि, 1013 क्यूसेक पानी के मुकाबले, वास्तविक प्राप्त पानी 800-900 क्यूसेक के बीच है। यूवाईआरबी ने एक हलफनामे में अदालत को बताया था कि हिमाचल प्रदेश को यह साबित करना होगा कि वह दिल्ली के लिए वादे के मुताबिक 137 क्यूसेक अतिरिक्त पानी छोड़ रहा है। हरियाणा सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान ने दावा किया कि गलत बयान दिए जा रहे हैं।

# श्रद्धालुओं की बस पर हुए आतंकी हमले के खिलाफ विहिप ने किया प्रदर्शन

नयी दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में श्रद्धालुओं को ले जा रही एक बस पर हुए आतंकी हमले के खिलाफ विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के सदस्यों ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बुधवार को प्रदर्शन किया।

इस आतंकी हमले में नौ लोग मारे गए थे। विहिप के एक पदाधिकारी ने कहा, विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्वाई की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। जो लोग मारे गए और घायल हुए, वे वैष्णो देवी जा रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनकारी भारत की राष्ट्रपति को संबोधित करते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को एक ज्ञापन सौंपेंगे, जिसमें इस आतंकवादी हमले के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्वाई की मांग की जाएगी। रियासी जिले में रविवार शाम आतंकवादियों ने तेरयाथ गांव के पास तीर्थयात्रियों को



ले जा रही एक बस पर गोलीबारी की, जिससे नौ लोगों की मौत हो गई और 41 अन्य घायल हो गए थे। शिव खोड़ी मंदिर से कटरा जा रही 53 सीटों वाली बस गोलीबारी के बाद गहरी खाई में गिर गई थी। बस में उत्तर प्रदेश, राजस्थान और दिल्ली के तीर्थयात्री सवार थे।

संक्षेप

## कश्मीरी पंडित हुए खीर भवानी मेले के लिए रवाना

जम्मू। कश्मीर में वार्षिक खीर भवानी मेले के लिए 5,000 से अधिक लोग कड़ी सुरक्षा के बीच बुधवार को यहां से रवाना हुए। इन तीर्थयात्रियों में अधिकतर कश्मीरी पंडित समुदाय के लोग हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि यह यात्रा चार दिन तक चलेगी। संभागीय आयुक्त (जम्मू) रमेश कुमार, राहत आयुक्त डॉ. अरविंद करवानी और प्रमुख कश्मीरी पंडित नेताओं ने नगरोटा क्षेत्र से तीर्थयात्रा को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। भजन गाते और मंत्रोच्चार करते हुए श्रद्धालु 176 बसों में सवार होकर कश्मीर घाटी में पांच धार्मिक स्थलों के लिए रवाना हुए। राहत आयुक्त डॉ. अरविंद करवानी ने यहां पीटीआई-भाषा को बताया, खीरभवानी मेले में भाग लेने के लिए 5,000 से अधिक कश्मीरी पंडित कश्मीर के लिए रवाना हुए हैं। वे कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 176 बसों में सवार होकर आज तड़के नगरोटा से रवाना हुए हैं। उन्होंने कहा कि तीर्थयात्री दोपहर में रामबन में रुकेंगे और भोजन करेंगे। उन्होंने बताया कि तीर्थयात्रा के सुचारू संचालन के लिए कड़े सुरक्षा उपाय किए गए हैं। जम्मू में हाल ही में हुए आतंकी हमलों के बारे में एक श्रद्धालु ने कहा, हम इन आतंकी हमलों से नहीं डरते। हम कब तक डरते रहेंगे?

# रिजीजू ने सभी दलों से टीम इंडिया की तरह काम करने की अपील की

नयी दिल्ली। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने बुधवार को सभी राजनीतिक दलों से संसद के आगामी सत्र में रचनात्मक बहस की अपील की और कहा कि देश सदन में अच्छी चर्चा देखना चाहता है।

अठारहवीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू होगा। यह तीन जुलाई तक चलेगा। रीजीजू ने मंगलवार को संसदीय कार्यमंत्री के रूप में नया दायित्व संभालने के एक दिन बाद कहा कि सरकार आम सहमति से संसद चलाना चाहती है क्योंकि लोगों ने जनादेश दिया है और देश की सेवा के



लिए हर किसी को टीम इंडिया की भावना के अनुरूप काम करना चाहिए। उन्होंने कहा, हमें संसद में गुणवत्तापूर्ण बहस करनी चाहिए। देश संसद में सार्थक बहस देखना चाहता है।

# जी-7 शिखर सम्मेलन के लिए आज इटली जायेंगे मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी-7 उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए बृहस्पतिवार को इटली की यात्रा करेंगे। विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने बुधवार को कहा कि जी-7 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी की भागीदारी से पिछले वर्ष भारत की अध्यक्षता में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन के परिणामों पर चर्चा करने का अवसर मिलेगा।

इटली के अपुलिया क्षेत्र के बोर्गो एग्नाजिया के आलीशान रिसॉर्ट में 13 से 15 जून तक आयोजित होने वाले जी-7 शिखर सम्मेलन में यूक्रेन में चल रहे युद्ध और गाजा में संघर्ष का मुद्दा



छाया रहने की संभावना है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, उनके फ्रांसीसी समकक्ष इमैनुएल मैक्रों, जापानी प्रधानमंत्री फूमियो किशिदा और कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले शीर्ष नेताओं में शामिल हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की भी उनके देश पर रूसी आक्रमण पर एक सत्र में भाग लेने वाले हैं। यूक्रेन संघर्ष के बारे में पूछे जाने पर क्वात्रा ने कहा, हमने हमेशा यह माना है कि वार्ता और कूटनीति ही इसका समाधान करने का सर्वोत्तम विकल्प है। विदेश सचिव ने कहा कि जी-7 शिखर सम्मेलन में भारत की नियमित भागीदारी वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए नई दिल्ली के प्रयासों की बढ़ती मान्यता को दर्शाती है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि भारत स्विट्जरलैंड में होने वाले शांति शिखर सम्मेलन में उचित स्तर पर भाग लेगा।

# कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केरल में किया रोड शो



मलप्पुरमा/वायनाड (केरल)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को उत्तरी केरल के मलप्पुरम जिले में रोड शो किया। गांधी ने लगातार दूसरी बार वायनाड लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से भारी अंतर से जीत हासिल की है।

लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद यह गांधी का राज्य का पहला दौरा है। वायनाड लोकसभा सीट के तहत आने वाले एडवन्ना में राहुल के रोड शो के दौरान यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) के हजारों कार्यकर्ता और समर्थक एकत्र हुए। इससे पहले पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कोझिकोड हवाई अड्डे पर उनका भव्य स्वागत किया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राजग सरकार पंगु है और विपक्ष ने 2024 के लोकसभा चुनावों में भगवा दल को करारा झटका दिया है। राहुल गांधी ने यह भी कहा कि देश की जनता ने भाजपा और नरेन्द्र मोदी को स्पष्ट संदेश दिया है और इसलिए प्रधानमंत्री को अब अपना रवैया बदलना होगा। कांग्रेस नेता ने राज्य के वायनाड जिले के कलपेट्टा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, सच्चाई यह है कि आज केंद्र में एक पंगु सरकार है। इंडिया गठबंधन ने उसे इतनी बुरी तरह से हराया है कि वह ठीक से नहीं चल सकती। निश्चित रूप से यह ऐसी सरकार नहीं है जो देश का नेतृत्व करने में सक्षम हो। वायनाड लोकसभा सीट से लगातार दूसरी बार भारी अंतर से जीतने के बाद यह राज्य का उनका पहला दौरा है। राहुल गांधी ने कहा कि इंडिया गठबंधन ने नरेन्द्र मोदी के विचार को पूरी तरह से समाप्त कर दिया है। उन्होंने कहा, आज आप जिस नरेन्द्र मोदी को देख रहे हैं, वह चुनाव से पहले के नरेन्द्र मोदी से बिल्कुल भिन्न है।

# जेल में बंद इमरान ने अपना विचार बदला

इस्लामाबाद। अपने पुराने रुख से पीछे हटते हुए पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने मौजूदा राजनीतिक तनाव को कम करने के लिए सरकार से बातचीत के लिए हरी झंडी दे दी है। इससे पहले उन्होंने सत्ताधारी गठबंधन के साथ बातचीत से इनकार कर दिया था।

जेल में बंद इमरान का विचार उस समय बदला जब देश के भ्रष्टाचार कानूनों में बदलाव के मामले की सुनवाई के दौरान उच्चतम न्यायालय ने कहा कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी को सरकार से बातचीत शुरू करनी चाहिए और संसद में बातचीत के जरिए अपने मुद्दों को



सुलझाना चाहिए। पीटीआई इमरान की पार्टी है। इमरान अभी अडियाला जेल में बंद हैं। पीटीआई नेता गौहर अली खान ने जेल के बाहर पत्रकारों से बातचीत करते हुए मंगलवार को कहा कि इमरान खान ने सरकार से बातचीत के लिए हरी झंडी दे दी है। उन्होंने कहा कि पार्टी शुरू में अपने सहयोगियों को विश्वास में लेगी, लेकिन इस मुद्दे पर अकेले भी आगे बढ़ सकती है। गौहर ने कहा कि हमने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक (इमरान) से कहा कि बातचीत जरूरी है, क्योंकि दूरियां बढ़ रही हैं। वह इस पर हमसे सहमत थे। गौहर के अनुसार, इमरान खान (71) चाहते हैं कि बातचीत के रास्ते खुलें। जियो टीवी ने गौहर के हवाले से कहा कि पीटीआई संस्थापक ने कई बार कहा है कि उनके साथ जो हुआ, वह उसे माफ करने के लिए तैयार हैं। उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए विकल्प पर भी विचार किया जा रहा है।

# युवती का शव टुकड़ों में मिलने की गुत्थी में गोदना बना अहम सुराग

इंदौर (मध्यप्रदेश)। इंदौर और ऋषिकेश में दो यात्री ट्रेनों के भीतर अज्ञात युवती का शव टुकड़ों में मिलने की गुत्थी सुलझाने की कोशिश कर रही शासकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने इस हत्याकांड में पक्का सुराग देने वाले व्यक्ति को 10,000 रुपये का इनाम देने की बुधवार को घोषणा की। जीआरपी के एक अधिकारी ने बताया कि 20 से 25 साल की उम्र की युवती के दोनों हाथ और दोनों पैर ऋषिकेश में एक यात्री ट्रेन में सोमवार (10 जून) को मिले, जबकि उसके शरीर के बाकी हिस्से उत्तराखंड की इस धार्मिक नगरी से करीब 1,150 किलोमीटर दूर इंदौर में एक अन्य यात्री ट्रेन से रविवार (नौ जून) को बरामद किए गए। जीआरपी की इंदौर इकाई के पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी ने संवाददाताओं को बताया, युवती की हत्या के बारे में जो भी व्यक्ति हमें पक्की जानकारी देगा, हम उसे 10,000 रुपये का इनाम देंगे। उन्होंने बताया कि युवती के हाथ पर हिन्दी की देवनागरी लिपि में मीरा बेन और गोपाल भाई लिखा मिला है। कोरी ने कहा, महिला के नाम के बाद बेन और पुरुष के नाम के बाद भाई का संबोधन आमतौर पर गुजरात में इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन युवती के हाथ पर मीरा बेन और गोपाल भाई के नाम गुजराती के बजाय हिन्दी की देवनागरी लिपि में गुदवाए गए थे।

इंटरटेनमेंट...

# 'बिग बॉस ओटीटी-3' में मीका सिंह की एंट्री

**मुंबई।** पॉपुलर रियलिटी शो बिग बॉस ओटीटी अपने तीसरे सीजन के साथ लौट रहा है। इस बार शो में शामिल होने वाले कंटेस्टेंट्स के नाम लगातार सामने आ रहे हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो पॉपुलर सिंगर मीका सिंह भी बतौर कंटेस्टेंट शो का हिस्सा बन सकते हैं। वहीं हाल ही में शो के मेकर्स ने टेलीविजन इंडस्ट्री के कंट्रोवर्शियल कपल संजय गंगनानी और पूजा से भी संपर्क किया है। दोनों की शादीशुदा जिंदगी बीते कुछ समय से चर्चा में है।

हाल ही में आई पिंकविला की रिपोर्ट के अनुसार, बिग बॉस के मेकर्स ने मीका सिंह से संपर्क किया है। शो के मेकर्स इस सीजन में फिल्म इंडस्ट्री का एक बड़ा चेहरा लाना चाहते हैं। बीते साल मेकर्स पूजा भट्ट को लेकर आए थे। हालांकि अब तक ये कन्फर्म नहीं है कि मीका ने कॉन्ट्रैक्ट साइन किया है या नहीं। टीवी शो कुंडली भाग्य एक्टर संजय गंगनानी बीते कई दिनों से सुर्खियों में हैं। रिपोर्ट्स थीं कि एक्ट्रेस पूनम प्रीत सिंह से उनके शादीशुदा रिश्ते ठीक नहीं हैं। इसी बीच उनकी सोशल मीडिया पोस्ट ने भी इन खबरों को बढ़ावा दिया था। हालांकि इंटरव्यू में पूछे जाने पर उन्होंने तलाक की खबरों को अफवाह बताया था।



टेली टॉस की रिपोर्ट के अनुसार, बिग बॉस ओटीटी 3 के मेकर्स ने तलाक की खबरों के बीच कपल को शो के लिए अप्रोच किया है। बीते कई दिनों से कपल की मेकर्स से बातचीत जारी है। पॉपुलर एक्ट्रेस अमीषा पटेल को भी शो का ऑफर मिला है। हालांकि उनकी फीस को लेकर बात अटकी हुई है।

अमीषा के अलावा त्रिदेव और विश्वात्मा जैसी फिल्मों का हिस्सा रहीं सोनम उर्फ बख्तावर खान भी शो में हिस्सा लेंगी। सोनम आखिरी बार 1994 की फिल्म में नजर आई थीं, ऐसे में वो 30 साल बाद छोटे पर्दे से वापसी करने वाली हैं। इनके अलावा वड़ा पाव गर्ल, डॉली चायवाला, अरमान मलिक, टीवी एक्टर सना मकबूल, साई केतन राव भी शो में हिस्सा ले सकते हैं। बिग बॉस ओटीटी 3 को 21 जून से जियो सिनेमा पर स्ट्रीम किया जाने वाला है। इस साल सलमान खान नहीं बल्कि अनिल कपूर शो होस्ट करने वाले हैं। जियो सिनेमा द्वारा लगातार शो के नए प्रोमो जारी किए जा रहे हैं। शो के मेकर्स 18 जून को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर शो के कंटेस्टेंट्स का नाम रिवील करेंगे। बता दें कि बिग बॉस ओटीटी का पहला सीजन पॉपुलर फिल्ममेकर करण जौहर ने होस्ट किया था। उस सीजन में दिव्या अग्रवाल ने शो की ट्रॉफी जीती थी।

## जहीर के साथ रजिस्टर्ड मैरिज करेंगी सोनाक्षी

मुंबई। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल ने अब तक अपनी वेडिंग की ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की है, लेकिन इससे जुड़ी कई डिटेल्स सामने आ रही हैं। जूम की रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों 23 जून को रजिस्टर्ड मैरिज करेंगे जिसके बाद एक वेडिंग पार्टी होगी। सोनाक्षी के दोस्त ने जूम से बातचीत में कहा, 'मुझे 23 जून को शादी के जश्न में शामिल होने का इन्विटेशन मिला है। जहां तक मुझे पता है कि दोनों 23 जून की सुबह रजिस्टर्ड मैरिज करेंगे। इन्विटेशन में शादी की रस्मों का जिक्र नहीं है, सिर्फ पार्टी होने की बात लिखी गई है। सोनाक्षी और जहीर अक्सर सोशल मीडिया पर फोटो-वीडियो शेयर करते रहते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, वेडिंग पार्टी में बॉलीवुड से कई सेलेब्स शामिल होंगे।

# आमिर खान की अम्मी के 90वें जन्मदिन का खास जश्न

मुंबई। बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान अपनी अम्मी के 90वें जन्मदिन को बेहद खास बनाने की प्लानिंग में हैं। दरअसल, 13 जून को जन्मदिन मनाने के लिए वह अलग-अलग शहरों से कुल 200 से ज्यादा परिवार के सदस्यों को लेकर आने वाले हैं। आमिर के एक नजदीकी सोर्स ने कहा है, 'आमिर खान 13 जून को अपनी मां का जन्मदिन मनाने के लिए अलग अलग शहरों से 200 से ज्यादा परिवार के सदस्यों और दोस्तों को ला रहे हैं। पिछले 1 साल से उनकी तबीयत ठीक नहीं है। आप जब उनकी तबीयत ठीक हो गई है तब सभी एक बड़ा गेट टूगेदर करने की तैयारी कर रहे हैं। इस खास दिन का जश्न मनाने के लिए भारत भर से परिवार और दोस्तों को लाया जाएगा। इस मौके पर लोग बनारस, बेंगलुरु, लखनऊ, मैसूर और दूसरे राज्यों से आ रहे हैं। यह कहना होगा कि आमिर खान की मां का जन्मदिन उनके मुंबई रेसिडेंस में एक ग्रैंड सेलिब्रेशन होने वाला है। आमिर खान एक ऐसे एक्टर हैं जो अपनी मां जीनत हुसैन से बेहद प्यार करते हैं, इतना ही नहीं सुपरस्टार उनके साथ एक खास बॉन्ड भी शेयर करते हैं। एक्टर अपनी मां से बेहद करीब हैं। वे अक्सर अपनी फिल्मों और स्क्रिप्ट्स के लिए उनसे अप्रूवल लिया करते हैं।

# सलमान खान ने करियर बनाने में की मदद

**मुंबई।** पलक मुछाल प्लेबैक सिंगिंग के अलावा अपने सोशल वर्क के लिए भी पहचानी जाती हैं। सिंगर ने हाल ही में सोशल मीडिया पर आलोक नाम के एक बच्चे के साथ वीडियो शेयर किया था। पलक ने बताया था कि आलोक उनका 3000वां पेशेंट हैं जिसकी हार्ट सर्जरी 11 जून को होनी थी। अब बुधवार को पलक ने वीडियो शेयर करते हुए जानकारी दी कि आलोक की सर्जरी सक्सेसफुल रही।

आलोक की सर्जरी के दौरान पलक ऑपरेशन थिएटर में ही डॉक्टर्स के साथ मौजूद रहीं। सर्जरी सक्सेसफुल होने के बाद सिंगर ने डॉक्टर्स और आलोक के पैरेंट्स के साथ केक भी कट किया। यह वीडियो शेयर करते हुए पलक ने आलोक के



लिए प्रार्थना करने वालों को शुक्रिया भी कहा। इसके साथ ही पलक ने बताया कि अब तक वो 3000 गरीब बच्चों की सक्सेसफुल हार्ट सर्जरी करवा चुकी हैं।

इस सोशल वर्क के लिए सिंगर का नाम पहले से ही 'गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड' और 'लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड' में दर्ज हो चुका है। इसके अलावा पलक को भारत सरकार और अन्य कई संस्थानों ने भी उन्हें अलग-अलग पुरस्कारों से सम्मानित किया है। इंदौर की रहने वाली पलक की बॉलीवुड में करियर बनाने में सलमान ने काफी मदद की है। पलक के वर्कफ्रंट की बात करें तो उनकी पहली फिल्म सलमान खान की 'वीर' थी, जो साल 2010 में रिलीज हुई थी।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com